


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 229 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक शु.10 2081 सोमवार, 11 नवंबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## यौन शोषण केस में एसडीएम गिरफ्तार

हिसार/चंडीगढ़, 10 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा में एचसीएस अधिकारी कुलभूषण बंसल को पुलिस ने हिसार से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सिविल अस्पताल में बंसल का मेडिकल कराया है। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे एक दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया गया। कुलभूषण बंसल पर दलित व्यक्ति ने यौन शोषण के आरोप लगाए थे। व्यक्ति का आरोप था कि अधिकारी ने गन पॉइंट पर उससे प्राइवेट पार्ट पर मसाज कराई। उसने एससी आयोग, सीएम विंडो, पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायाधीश को लिखित शिकायत भेजकर अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की थी।

# उद्धव राम मंदिर विरोधियों के साथ : शाह

## वे राहुल से सावरकर के लिए दो अच्छे शब्द बुलवाकर बताएं; खुद तय करें कहां बैठना है



मुंबई, 10 नवंबर (एजेंसियां)। गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को महाराष्ट्र के मुंबई, जलगांव, बुलढाणा और अमरावती में चुनावी सभाएं कीं। उन्होंने कहा कि 'महाविकास अघाड़ी महाराष्ट्र में तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। जब तक हमारे एक भी सांसद-विधायक रहेंगे, हम धार्मिक आधार पर आरक्षण नहीं होने देंगे।'

उन्होंने कहा कि एमवीए की सारी योजनाएं महाराष्ट्र की विचारधारा का अपमान करने वाली हैं। इन योजनाओं से पता चलता है कि एमवीए किसी भी तरह सत्ता पाना चाहती है, फिर चाहे उसे राज्य की संस्कृति से छल ही क्यों न करना पड़े। शाह बोले- 'उद्धव ठाकरे राम मंदिर, सावरकर, 370 और सीएए-यूसीसी का विरोध करने वालों के साथ हैं। क्या वे राहुल गांधी और कांग्रेस के नेताओं से वीर सावरकर और बाला साहेब ठाकरे जी के लिए दो अच्छी बातें बुलवा सकते हैं? वे नहीं बोलेंगे। यह अघाड़ी गठबंधन आंतरिक विरोधाभासों से घिरा हुआ है। उद्धव जी को तय करना है कि वो कहां बैठेंगे।'

शाह ने कहा, भाजपा, एनसीपी अजित पवार और एकनाथ शिंदे की शिवसेना गठबंधन ने अपना-अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। अभी हमारे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे हैं। चुनाव के बाद गठबंधन के तीनों सहयोगी मुख्यमंत्री पर फैसला लेंगे। अमित शाह ने कहा, महाराष्ट्र कई युगों से हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर रहा है। भक्ति आंदोलन की शुरुआत भी महाराष्ट्र से हुई। गुलामी से मुक्ति का आंदोलन भी शिवाजी ने यहीं से किया। सामाजिक क्रांति की शुरुआत यहीं से हुई। हमारे संकल्प पत्र में महाराष्ट्र की जनता का प्रतिबिम्ब है। किसानों का सम्मान, गरीबों का कल्याण, महिलाओं का स्वाभिमान बढ़ाने, विरासत का पुनरुत्थान करने का संकल्प आज महायुति ने लिया है। शाह ने कहा आजादी के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर की धरती पर भारत के संविधान के तहत मुख्यमंत्री ने शपथ ली है। 370 हटने के बाद यह चुनाव हुआ।

## आज शपथ लेंगे नए सीजेआई संजीव खन्ना



नई दिल्ली, 10 नवंबर (एजेंसियां)। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के रिटायरमेंट के बाद जस्टिस संजीव खन्ना भारत के 51वें चीफ जस्टिस बनेंगे। वे कल 11 नवंबर को सीजेआई के पद की शपथ लेंगे।

संजीव खन्ना की विरासत वकालत की रही है। उनके पिता देवराज खन्ना दिल्ली हाईकोर्ट के जज रहे हैं। वहीं चाचा हंसराज खन्ना सुप्रीम कोर्ट के मशहूर जज थे। उन्होंने इंदिरा सरकार के इमरजेंसी लगाने का विरोध किया था। साथ ही राजनीतिक विरोधियों को बिना सुनवाई जेल में डालने पर भी नाराजगी जताई थी।

1977 में वरिष्ठता के आधार पर उनका चीफ जस्टिस बनना तय माना जा रहा था, लेकिन जस्टिस एमएच बेग को सीजेआई बनाया गया। इसके विरोध में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से इस्तीफा दे दिया। इंदिरा की सरकार गिरने के बाद वह चौधरी चरण सिंह की सरकार में 3 दिन के लिए कानून मंत्री भी बने थे।

## 'हम बिल्कुल परेशान नहीं, अदालत भी है'

**हजार करोड़ घोटाले के आरोप पर पूर्व सीएम येदियुरप्पा**

बेंगलूरू, 10 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक में इन दिनों घोटालों का मुद्दा छाया हुआ है। मुडा और वाल्मिकी कॉरपोरेशन घोटाले को लेकर कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार विपक्ष के निशाने पर है। अब कर्नाटक में एक नए घोटाले के आरोप लग रहे हैं और इस बार निशाने पर पूर्ववर्ती भाजपा सरकार है। दरअसल, कोरोना महामारी के दौरान फंड में गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। इस कथित घोटाले में जस्टिस जॉन माइकल डी कुन्हा ने सरकार को एक प्राथमिक रिपोर्ट सौंपी है। इस रिपोर्ट के बारे में जब पूर्व सीएम और वरिष्ठ भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह इस तरह के आरोप से बिल्कुल परेशान नहीं हैं। येदियुरप्पा ने कहा, मैं ऐसे किसी भी आरोप से बिल्कुल भी परेशान नहीं हूं। हम इसके परिणाम भुगतेंगे। एक अदालत भी है। मुझे नहीं लगता कि इसमें कोई समस्या है।

कोरोना के समय कर्नाटक में भाजपा की बीएस येदियुरप्पा मुख्यमंत्री थे, ऐसे में कोरोना फंड में गड़बड़ी का आरोप पूर्व की भाजपा सरकार पर लग रहा है। आरोप है कि करोड़ों रुपये के फंड की कथित हेराफेरी की गई।

# किश्तवाड़ में स्पेशल फोर्सेस का जवान शहीद , 3 घायल

## एनकाउंटर जारी, सुरक्षाबलों ने विलेज गार्ड्स को मारने वाले आतंकियों को घेरा

**श्रीनगर, 10 नवंबर (एजेंसियां)।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में 2 पैरा स्पेशल फोर्सेस के जूनियर कमीशन ऑफिसर (जेसीओ) राकेश कुमार शहीद हो गए। 3 जवान घायल हैं। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच किश्तवाड़ में केशवान के जंगलों में रविवार सुबह 11 बजे से ये एनकाउंटर जारी है।

यहां कश्मीर टाइगर्स ग्रुप के 3-4 आतंकवादी छिपे हैं, इन लोगों ने 7 नवंबर को 2 विलेज गार्ड की हत्या की थी। किश्तवाड़ के अलावा श्रीनगर के जबरवान इलाके में भी आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ चल रही है। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच पिछले 24 घंटों के अंदर यह तीसरी मुठभेड़ है। जबकि नवंबर महीने के 10 दिन में यह 8वां एनकाउंटर है। जिनमें अब तक कुल 8 आतंकी मारे गए हैं। इससे पहले बारामूला के सोपोर में 9 नवंबर की शाम को सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया था। 8 नवंबर को भी सुरक्षाबलों ने सोपोर में ही दो आतंकियों को मार गिराया था।

## अजित पवार बोले- 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारा महाराष्ट्र में नहीं चलेगा

**योगी आदित्यनाथ के बयान का विरोध किया, कहा- ये सब यूपी-झारखंड में चलता होगा**



मुंबई, 10 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बीच डिप्टी सीएम और भाजपा-शिवसेना गठबंधन महायुति में शामिल अजित पवार ने कहा कि, 'बटेंगे तो कटेंगे' का नारा उत्तर प्रदेश और झारखंड में चलता होगा, महाराष्ट्र में नहीं चलेगा। मैं इसका समर्थन नहीं करता। हमारा नारा है- 'सबका साथ सबका विकास'।

दरअसल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ झारखंड और महाराष्ट्र की रैलियों में 'बंटेंगे तो कटेंगे' और 'एक रहेंगे तो नेक रहेंगे' का नारा दे रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपनी चुनावी रैलियों में 'एक रहेंगे सेफ रहेंगे' का नारा दिया है।

**पवार ने कहा-** दूसरे राज्यों के भाजपा के मुख्यमंत्री तय करें कि उन्हें क्या बोलना है। महाराष्ट्र में बाहर के लोग आकर ऐसी बातें बोल जाते हैं। हम महायुति में एक साथ काम कर रहे हैं, लेकिन हमारी पार्टियों की विचारधारा अलग-अलग है। हो सकता है कि दूसरे राज्यों में यह सब चलता हो, लेकिन महाराष्ट्र में ये काम नहीं करता।

अजित पवार के बयान पर शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता संजय निरूपम ने कहा, योगी आदित्यनाथ कह रहे हैं कि अगर आप बिखर जाते हैं, तो कमजोर हो जाते हैं।







MARUTI SUZUKI AUTHORISED DEALERS: TELANGANA STATE: RKS: (NARSINGI) CALL: 9848898488, VARUN: (NIZAMBAD) CALL: 8462236236, (KARIMNAGAR) CALL: 0878- 2950555. HYDERABAD: ACER: (TIRUMALGIRI) CALL: 9154073240. AUTOFIN: (BOWENPALLY) CALL: 040-67292222. JAYABHERI: (GACHIBOWLI) CALL: 040-67263425. (UPPAL) CALL: 9281105815. PAVAN: (SERILINGAMPALLY) CALL: 7093711199. VARUN: (BEGUMPET) CALL: 9100050937, (BANJARA HILLS) CALL: 9100050937, (KUKATPALLY) CALL: 9100050937, (VANASTHALIPURAM) CALL: 9100050937, (GACHIBOWLI) CALL: 9100050937. (KOMPALLY) CALL: 9100050937 RKS: (NARSINGI) CALL: 9848898488. (SOMAJIGUDA) CALL: 9848898488, (MALAKPET) CALL: 9848898488, (SECUNDERABAD) CALL: 9848898488, (KUSHAIGUDA) CALL: 9848898488. MITHRA: (HIMAYATHNAGAR) CALL: 040-27634444, (MEHDIPATNAM) CALL: 7799884949. SAI SERVICE: (ERRAGADDA) CALL: 7331168888, (MIYAPUR) CALL: 7331168888. ADARSHA: (ATTAPUR) CALL: 8897973366, (KARMANGHAT) CALL: 8297576633. KALYANI MOTORS: (NACHARAM) CALL: 9100102157, (LB NAGAR) CALL: 9100102157. GEM MOTORS: (KONDAPUR) CALL: 9272506060. E-OUTLETS: SAI SERVICE: (SANGAREDDY) CALL: 7331168888. ADARSHA: (SIDDIPET) CALL: 9581656633. VARUN: (MEDAK) CALL: 9703656111. AUTOFIN: (MEDCHAL) CALL: 8885040034. PAVAN: (IBRAHIMPATNAM) CALL: 7093711199.

*Terms & Conditions apply. Offers applicable on selected models. Car models and accessories shown may vary from the actual product. Images used are for illustration purposes only. Black glass on the vehicle is due to lighting effect. Car colour shown may vary from actual body colour due to printing on paper. Applicable Terms and condition available at Maruti Suzuki Dealerships. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Offer valid for limited models and in select states only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Inclusive of offers available at the time invoicing. **3 years or 100 000 km whichever is earlier.

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए एमवीए का घोषणा-पत्र

## आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा हटाने का वादा



मुंबई, 10 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए महा विकास अघाड़ी गठबंधन ने अपना घोषणा-पत्र जारी कर दिया। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि 'आज हम महाराष्ट्र चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी कर रहे हैं। महाराष्ट्र का चुनाव देश के लिए बहुत महत्वपर्ण चुनाव है। यह चुनाव देश का भविष्य बदलने वाला चुनाव है। अगर महाराष्ट्र में हम महा विकास अघाड़ी की सरकार लाएंगे तभी हम यहां एक स्थिर, अच्छा सुशासन दे पाएंगे।' महाविकास अघाड़ी ने अपने घोषणा पत्र को 'महाराष्ट्र नामा' शीर्षक दिया। घोषणा पत्र जारी करने के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत, एनसीपी एसपी नेता सुप्रिया सुले, महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले सहित कई शीर्ष नेता मौजूद रहे।

**आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा हटाने का वादा**

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि 'महाराष्ट्र की प्रगति और विकास के लिए हमारे पास पांच स्तंभ हैं, जो कृषि और ग्रामीण विकास, उद्योग और रोजगार, शहरी विकास, पर्यावरण और लोक कल्याण पर आधारित हैं।' घोषणा पत्र जारी करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि 'बेरोजगार युवाओं को 4000 रुपये मासिक वजीफा दिया जाएगा। 25 लाख रुपये की हमारी स्वास्थ्य बीमा योजना राजस्थान में अशोक गहलोत द्वारा शुरू की गई थी और इसे महाराष्ट्र में भी लागू किया जाएगा। हम मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध कराने का वादा करते हैं। हमने जाति जनगणना करने का फैसला किया है और हम तमिलनाडु की तरह आरक्षण पर 50% की सीमा को हटा देंगे।'

**महा विकास अघाड़ी की पांच गारंटी**

उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी गठबंधन ने पांच गारंटी देने का वादा किया है। इसके मुताबिक पहली गारंटी में महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को हर महीने तीन हजार रुपये और सभी महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा का वादा शामिल है। दूसरी गारंटी समानता की है। इसके तहत जातीय जनगणना कराई जाएगी और 50 फीसदी आरक्षण की सीमा को भी हटाया जाएगा। तीसरी गारंटी के तहत कुटुंब रक्षा योजना है, जिसमें 25 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा और मुफ्त दवाएं देने का वादा है। कृषि समृद्धि योजना के तहत किसानों को तीन लाख रुपये तक का कर्ज माफ, समय पर कर्ज चुकाने पर पचास हजार की प्रोत्साहन राशि देने का भी वादा किया गया है। वहीं युवाओं को वचन में बेरोजगारों को हर महीने चार हजार रुपये की मदद देने का वादा किया गया है।

**'बटेंगे तो कटेंगे' के नारे पर भड़के मल्लिकार्जुन खरगे**

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे के नारे पर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 'इससे उनका क्या मतलब है? आप किसको काटेंगे? इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश को एकजुट रखने के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। यह योगी जी का नारा है। मोदी जी कहते हैं कि एक हैं तो सुरक्षित हैं। मुझे नहीं पता कि कौन सा नारा काम करेगा, लेकिन आप उन लोगों में से हैं, जिन्होंने हमें आजादी दिलवाने वालों को मार डाला।'

## अवैध हथियारों का मुख्य सप्लायर गिरफ्तार जहांगीरपुरी दंगों से है कनेक्शन

नई दिल्ली, 10 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक का कनेक्शन जहांगीरपुरी दंगों से भी है। दोनों आरोपियों के पास से 13 देसी तमंचे और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। ये देसी तमंचे आरोपी दिल्ली में बदमाशों को सप्लाई करते थे। दिल्ली पुलिस को सूचना मिली थी कि सलमान उर्फ लाला अवैध हथियारों के साथ सराय काले खान इलाके में आ रहा है। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने एक ट्रैप लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया। सलमान के पास से एक देसी तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। क्राइम ब्रांच की पूछताछ में सलमान ने बताया कि उसने ये हथियार दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके के शकील उर्फ शेरनी से प्राप्त किए थे।

इसके बाद, पुलिस ने शकील को भी गिरफ्तार कर लिया। शकील के पास से 12 देसी तमंचे बरामद हुए और उसने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली-एनसीआर में अवैध हथियारों और कारतूसों का मुख्य सप्लायर है। पुलिस के मुताबिक, शकील दूसरे राज्यों से सस्ते दामों में देसी तमंचे खरीदता था और उन्हें दिल्ली-एनसीआर में ज्यादा पैसे लेकर बेचता था। शकील पर हत्या, स्नैचिंग, चोरी और आर्म्स एक्ट समेत करीब 17 गंभीर मामले दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच की पूछताछ में यह भी सामने आया कि शकील उर्फ शेरनी ही वह शख्स था, जिसने 2022 में दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में हुए दंगों के दौरान अवैध हथियारों की सप्लाई की थी।

## शिवाजी पार्क में रैली को लेकर ठाकरे भाई आमने-सामने, बीएमसी ने दोनों को नहीं दी अनुमति



मुंबई, 10 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में इस बार उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे आमने-सामने हैं। ऐसे में अब मुंबई के शिवजी पार्क में एक ही दिन रैली करने को लेकर शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे और मनसे चीफ राज ठाकरे के बीच ठन गई है। उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने आगामी 17 नवंबर को शिवाजी पार्क में रैली करने के लिए बीएमसी को आवेदन दिया है। हालांकि, अभी तक बीएमसी ने ठाकरे भाइयों को रैली की परमिशन नहीं दी है। बता दें, 18 नवंबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करने का आखिरी दिन है। ऐसे में ठाकरे बंधु 17 नवंबर को शिवाजी पार्क में रैली कर आखिरी बार जनता को साधने की कोशिश करेंगे। वहीं 17 नवंबर को बालासाहेब ठाकरे की पुण्यतिथि भी है, इसलिए उद्धव ठाकरे की शिवसेना रैली शिवाजी पार्क में ही करना चाहती है।

**चुनाव से पहले ये रैली महत्वपूर्ण**

महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। चुनाव से पहले ये रैलियां महत्वपूर्ण महत्व रखती हैं क्योंकि दोनों गुट चुनाव से पहले अपना समर्थन मजबूत करना चाहते हैं। बता दें 2019 में विधानसभा चुनाव लड़कर आदित्य ठाकरे विधायक बने। इसके बाद अब उनके चचेरे भाई और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। आदित्य ठाकरे एक बार फिर वर्ली से चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि अमित ठाकरे माहिम से चुनाव मैदान में उतरे हैं। ऐसे में ठाकरे बंधुओं यानी राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे इस बार एक दूसरे के सामने हैं। हालांकि, शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने साफ किया है कि वह माहिम में कोई चुनावी सभा नहीं करेंगे। राज ठाकरे ने आदित्य ठाकरे के वर्ली विधानसभा में एक बैठक की, लेकिन उन्होंने आदित्य ठाकरे की आलोचना करने से परहेज किया।

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव

## किसानों-महिलाओं और युवाओं के लिए बीजेपी ने खोला पिटारा, घोषणापत्र में किए ये वादे



मुंबई, 10 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज बीजेपी का घोषणा पत्र जारी किया है। इसमें मुख्य फोकस किसानों, महिलाओं और युवाओं पर रखा गया है। इस दौरान शाह ने महाविकास अघाड़ी पर भी निशाना साधा और ये भी कहा कि अघाड़ी की सारी योजनाएं सत्ता के लिए हैं।

**युवाओं को रोजगार और एजुकेशन देने की बात**

बीजेपी के घोषणापत्र में कहा गया है कि 5 साल में 25 लाख युवाओं को रोजगार देंगे। इसमें महाराष्ट्र में पहली एआई यूनिवर्सिटी बनाने की भी बात है। इसके अलावा छात्रों को 10,000 रुपये महीना, लाडली योजना में 2100 रुपये और युवाओं के लिए स्किल सेंटर खोलेने की बात कही गई है।

**वृद्धों की पेंशन की राशि बढ़ाएंगे किसानों का कर्ज माफ करेंगे**

बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि वृद्धावस्था पेंशन को बढ़ाकर 1500 रुपए से 2100 रुपए किया जाएगा। इसके अलावा इसमें महाराष्ट्र के किसानों की कर्जमाफी का वादा भी किया गया है। इसमें ये भी कहा गया है कि सोयाबीन के किसानों के लिए कई बड़ी योजनाएं लाएंगे। घोषणापत्र में किसानों के लिए भावांतर योजना, एससी/एसटी/ओबीसी को बिना ब्याज 15 लाख लोन, 50 लाख लखपति दीदी बनाने की योजना, सोयाबीन के लिए 6000 एमएसपी और मुफ्त राशन स्कीम में इजाफा का वादा किया गया है।

**धर्मांतरण और बिजली बिल को लेकर किया ऐलान**

बीजेपी ने अपने घोषणापत्र में कहा है कि धर्मांतरण रोकने के लिए कठोर कानून लाया जाएगा। इसके अलावा बिजली बिलों में 30 फीसदी छूट मिलेगी। इसके अलावा बीजेपी ने वादा किया है कि 25000 महिला पुलिसकर्मियों की भर्ती की जाएगी। आशा वर्करों को 15000 महीना मिलेगा। 45 हजार गांवों में सड़क नेटवर्क होगा। शेतकारी सम्मान 15000 रुपये प्रति महीना होगा। बता दें कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र के नाम से जारी किया है। इस दौरान अमित शाह के साथ डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस, राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले, मुंबई भाजपा प्रमुख आशीष शेलार और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल व पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे।

## दिल्ली में कांग्रेस को बड़ा झटका

### 5 बार के विधायक मतीन अहमद अब आप में शामिल



नई दिल्ली, 10 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली में कांग्रेस के पांच बार के विधायक मतीन अहम रविवार (10 नवंबर) को आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं। मतीन अहमद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। दिल्ली चुनाव से पहले मतीन अहमद का कांग्रेस में शामिल होना बड़ा नुकसान माना जा रहा है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने मतीन के घर जाकर उन्हें पार्टी में शामिल करवाया। इस दौरान दिल्ली सरकार में मंत्री इमरान हुसैन भी मौजूद थे। अरविंद केजरीवाल खुद मतीन के घर चलकर आए। इससे साफ हो गया आगामी विधानसभा का टिकट इनके परिवार का पक्का हो गया।

**इन क्षेत्रों में मतीन अहमद की पकड़ मजबूत**

मतीन अहमद 1993 से 2015 के दौरान सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र में पांच बार विधायक रहे हैं। वह दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष भी रहे हैं। उन्हें शीला दीक्षित के सीएम रहते हुए दिल्ली वक्फ बोर्ड का अध्यक्ष भी बनाया गया था। दिल्ली मुस्लिम मतदाता प्रभाव वाले करीब दस विधानसभा क्षेत्रों में इनकी पकड़ अच्छी मानी जाती है। दिवाली के मौके पर मतीन अहमद के बेटे और कांग्रेस के बाबरपुर जिलाध्यक्ष चौधरी जुबेर और चौहान बांगर से कांग्रेस पार्षद शगुफ्ता चौधरी आम आदमी पार्टी में शामिल हुई थीं। दिल्ली की कुल 70 विधानसभा सीटों पर फरवरी 2025 में विधानसभा चुनाव होना है।

## लद्दाख में बने गोला बारूद के लिए स्टोरेज, रक्षा मंत्रालय ने पर्यावरण मंत्रालय से मांगी मंजूरी



लेह, 10 नवंबर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्रालय ने लद्दाख में अतिरिक्त गोला बारूद स्टोरेज क्षमता बनाने के लिए पर्यावरण मंत्रालय से मंजूरी मांगी है. इससे सैन्य यूनिट्स की तैनाती के दौरान गोला-बारूद की उपलब्धता बढ़ाने में मदद मिलेगी. पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के बेहद करीब हानले और फोती ला जैसी जगह पर स्टोरेज सुविधा स्थापित करने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है. सूत्रों के अनुसार, ये प्लान खासतौर पर पूर्वी लद्दाख के उन इलाकों के लिए बनाया जा रहा है, जो चीन की सीमा से सटे हुए हैं. इन इलाकों में गलवान घाटी भी शामिल है. इससे सैन्य यूनिट्स को ऑपरेशनल तैनाती के दौरान गोला-बारूद की उपलब्धता बेहतर तरीके से हो सकेगी. इससे रणनीतिक स्थानों पर फॉर्मेशन एम्युनिशन स्टोरेज फैसिलिटी स्थापित करना शामिल है. स्टोरेज फैसिलिटी स्थापित करने के लिए गलवान घाटी को भी शामिल किया गया है. यहां पर 2020 में भारत और चीनी सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई थी.

**अभी स्टोरेज सेंटर की दूरी है ज्यादा**

हानले से लगभग 250 किलोमीटर और फोती ला से लगभग 300 किलोमीटर दूर हथियारों का स्टोरेज है. दूरी की वजह से अगर अचानक जरूरत हो तो आपूर्ति में बाधाएं पैदा हो जाती हैं. इसलिए ऐसी लोकेशन में गोला बारूद का स्टोरेज होना चाहिए. जहां से ऑपरेशनल जरूरतों के हिसाब से जवानों को हथियार और गोला बारूद जल्द से जल्द मिल सके. इसके अलावा लद्दाख में सुरक्षा बलों ने लुकुंग में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने का प्लान बनाया है. लुकुंग पैंगोंग त्सो झील के किनारे बसा एक गांव है. इसके अलावा, सुरक्षा बलों की तैयारी दुर्बुक इलाके में भी उपस्थिति बढ़ाने के लिए की गई है.

**अंडरग्राउंड स्पेस बनाने की तैयारी**

सेना की तरफ से कुछ खास क्षेत्रों को स्ट्रेटजिक लोकेशन में शामिल किया गया है. शामिल किए गए कुछ खास क्षेत्रों पर अंडर ग्राउंड स्पेस बनाने की तैयारी की गई है. फिलहाल, इन क्षेत्रों में सैन्य यूनिट्स तैनात हैं. हानले, पुंगुक, फोती ला और पूर्वी लद्दाख के कोयुल जैसे क्षेत्रों में अंडर ग्राउंड गुफाओं के जरिए दुश्मन की नजर ने बचने की तैयारी की जा रही है. फिलहाल, इस समय गोला-बारूद को स्टोर करने वाली जगह के निश्चित नहीं है. इसलिए पर्यावरण मंत्रालय की तरफ से मंजूरी मांगी गई है.

## पुलिस ने कुख्यात गैंगस्टर अर्श दल्ला के दो गुर्गों को किया गिरफ्तार, बड़े हमले को रोका

मोहाली, 10 नवंबर (एजेंसियां)। पंजाब पुलिस की एसएसओसी मोहाली ने एजीटीएफ और फरीदकोट पुलिस के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान में कनाडा स्थित गैंगस्टर अर्श दल्ला के दो प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी पंजाब ने ट्वीट कर इस सफल ऑपरेशन की जानकारी साझा की। यह गिरफ्तारी फरीदकोट में हुए गुरप्रीत सिंह हरि नौ की हत्या के मामले में हुई है, जिसमें इन दोनों आरोपियों का नाम सामने आया था। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने अर्श दल्ला के निर्देश पर 7 नवंबर, 2024 को ग्वालियर, मध्य प्रदेश में जसवंत सिंह गिल की भी हत्या की थी। हत्या के बाद दोनों आरोपी पंजाब लौट आए, जहां उन्हें खरड़ के पास से पकड़ लिया गया। उनकी गिरफ्तारी से राज्य में एक और संभावित हत्या की साजिश नाकाम हो गई है। पुलिस ने इनके पास से दो अत्याधुनिक हथियार भी बरामद किए हैं।

## वियतनाम से लौटे लोगों को धमकाकर रख ली थीं शराब की 3 बोतलें और 400 यूएस डॉलर जांच के बाद हेड कॉन्स्टेबल सस्पेंड

वडोदरा, 10 नवंबर (एजेंसियां)। गुजरात के वडोदरा में रहने वाले कपल समेत 4 लोग वियतनाम से अहमदाबाद आने के बाद टैक्सी से वापस वडोदरा लौट रहे थे, तब टैक्सी को रोककर जांच करने वाले पुलिसकर्मियों ने दंपति को डरा धमकाकर उनसे 3 शराब की बोतल, 400 अमेरिकी डॉलर, 12 हज़ार रुपये कैश ले लेने के मामले में रामोल पुलिस थाने के हेड कांस्टेबल खुमानसिंह दानाभाई को सस्पेंड किया गया है। बीते 5 अक्टूबर को दंपति वियतनाम से अहमदाबाद एयरपोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने अहमदाबाद से वडोदरा के लिए टैक्सी बुक करवाई थी। वडोदरा पहुंचने के लिए टैक्सी एक्सप्रेस-वे होकर जा रही थी, लेकिन जब टैक्सी अदानी सर्किल पहुंची तो रामोल पुलिस थाना के हेड कांस्टेबल खुमानसिंह दानाभाई समेत पुलिसकर्मियों ने टैक्सी को रोक लिया और उसकी तलाशी ली, जिसमें चार विदेशी शराब की बोतलें मिलीं।

दंपति के पास शराब की परमिट होने के बावजूद इन शराब की बोतल को लेकर कार्यवाही करने के नाम पर उन्हें डरा धमकर हेड कांस्टेबल खुमानसिंह दानाभाई ने 3 शराब की बोतलें, 400 अमेरिकी डॉलर, 12 हजार रुपये कैश लेकर दंपति को छोड़ा था, जिसके बाद वडोदरा लौटे दंपति के रिश्तेदार रामोल पुलिस में शिकायत करने पहुंचे थे और पूरे मामले की जांच शुरू की गई थी। जिसमें हेड कांस्टेबल खुमानसिंह दानाभाई को कुसूरवार पाए जाने पर सस्पेंड कर दिया गया है।

## हिजाब के बाद दाढ़ी पर बवाल! कॉलेज नियम पर क्यों हुआ विवाद? सीएम ने दिया दखल

बेंगलूरू, 10 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक का एक कॉलेज प्रशासन विवादों में आ गया है। छात्रों को दाढ़ी ट्रिम करने या क्लीन शेव करने के लिए मजबूर किया गया है। अब इस मामले की शिकायत कर्नाटक के मुख्यमंत्री से भी की गई है। छात्रों का कहना है कि धमकी देकर उन्हें दाढ़ी ट्रिम करने के लिए कहा गया था। ऐसा ना करने पर अनुपस्थित कर दिया जाएगा। कर्नाटक के राजीव गांधी विश्वविद्यालय से संबद्ध हसन में मौजूद सरकारी नर्सिंग कॉलेज में पढ़ रहे कश्मीरी छात्रों का कहना है कि उन पर लागू किए गए भेदभावपूर्ण प्रशिक्षण मानक उनके धार्मिक और सांस्कृतिक अधिकारों के विरुद्ध हैं। जम्मू-कश्मीर के छात्रों ने आरोप लगाया कि संस्थान ने उनसे दाढ़ी काटने या शेव करने को कहा। उनसे कहा गया कि अगर छात्र अपनी दाढ़ी नहीं कटवाएंगे या उसे शेव नहीं करेंगे तो उन्हें कक्षाओं से अनुपस्थित कर दिया जाएगा। जम्मू-कश्मीर छात्र संघ को लिखे पत्र में छात्रों ने कहा कि इस नीति से छात्रों के खिलाफ और अधिक भेदभाव हो सकता है। एसोसिएशन के वकील ने कहा है कि हमें उम्मीद है कि यह मामला कॉलेज प्रशासन की ओर से किसी और दबाव या दंडात्मक कार्रवाई के बिना सुलझाया जा सकता है। वहीं कॉलेज के प्रिंसिपल चंद्रशेखर हडपद ने अधिकारियों से कहा कि साफ-सुथरा और पेशेवर रूप बनाए रखना नौकरी का हिस्सा है, खासकर नर्सिंग जैसे क्षेत्र में, जहां अनुशासन महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमने क्लिनिकल इंस्ट्रक्टर समेत सभी शिक्षकों के साथ विस्तृत चर्चा की है। हम समझते हैं कि सांस्कृतिक संवेदनशीलताएं हो सकती हैं, लेकिन हमने उनसे पेशेवर माहौल बनाए रखने के लिए केवल बुनियादी प्रशिक्षण के लिए कहा। बताया जा रहा है

## पूर्व सीएम कमलनाथ बीजेपी में होंगे शामिल? खुद बताई सच्चाई, जानें क्या कुछ कहा



भोपाल, 10 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के बाद अचानक पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के दल बदलने की चर्चाएं शुरू हुई थी। यहां तक कहा जाने लगा था कि लोकसभा चुनाव से पहले कमलनाथ अपने पुत्र के साथ दल बदल सकते हैं। हालांकि सभी अटकलों को कमलनाथ ने एक बार फिर सिरे से नकार दिया है। पूर्व सीएम का कहना है कि वे जीवन भर कांग्रेस की सेवा करते रहेंगे। दरअसल, कमलनाथ से बीजेपी में जाने को लेकर सवाल किया गया था इसपर उन्होंने कहा कि मैं जीवन पर्यंत कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता रहा हूं और आजीवन कांग्रेस पार्टी की सेवा करता रहूंगा, जो लोग दल बदल की बात कहते हैं, वे गलत है। लोकसभा चुनाव के पहले कमलनाथ और उनके पुत्र नकुलनाथ के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की कई बार खबरें सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आई थी। इस दौरान कुछ पुराने फोटो भी वायरल किए गए। हालांकि कमलनाथ के बीजेपी में शामिल होने की खबर गलत साबित हुई। एक बार फिर कमलनाथ ने आगे बढ़कर कांग्रेस के प्रति निष्ठा जताते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी सफाई दी है। मध्य प्रदेश में दो सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं इन विधानसभा सीटों पर कमलनाथ को कमान मिली थी। उन्हें आम सभा के लिए भी आना था मगर स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के चलते उनकी आमसभा नहीं हो पाई थी। इसी बीच कमलनाथ के बीजेपी में शामिल होने की खबरें एक बार फिर सामने आने लगी। हालांकि कमलनाथ ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपना पक्ष रखते हुए बीजेपी में शामिल होने की अटकलों को विराम दे दिया है। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के मुताबिक कमलनाथ हमेशा से ही कांग्रेस के सच्चे सिपाही रहे है। उनके दल बदलने की बात कांग्रेस नेता सपने में भी नहीं सोच सकते हैं। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश शहर मीडिया प्रभारी सचिन सक्सेना का कहना है कि कांग्रेस के नेता जनता के बीच से विश्वास खो चुके हैं। इसलिए बार-बार दल बदल की चर्चाएं सामने आती है।

## जम्मू-कश्मीर में बारिश और बर्फबारी के आसार, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

जम्मू, 10 नवंबर (एजेंसियां)। पिछले लंबे समय से शुष्क चल रहे मौसम से राहत मिल सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के अनुसार 10 और 11 नवंबर को प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। खासतौर पर सोमवार को कई क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं। इसके बाद 14 और 15 नवंबर को भी मौसम में बदलाव आ सकता है। बारिश और बर्फबारी की सूरत में सर्दी में वृद्धि होगी। मौसम के लगातार साफ रहने से प्रदेश के अधिकतम हिस्सों में दिन का पारा सामान्य से 4 से 7 डिग्री ऊपर चल रहा है। लेह में न्यूनतम तापमान माइनस 1.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। प्रदेश के कुछ हिस्सों में शनिवार को हल्के बादल छाए रहे, लेकिन कहीं बारिश की सूचना नहीं है। जम्मू में साफ मौसम के बीच दिन का पारा 28.0 और न्यूनतम 16.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बनिहाल में अधिकतर तापमान 24.5, बटोत में 23.1, कटड़ा में 26.3 और भद्रवाह में 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी श्रीनगर में अधिकतम तापमान 21.6 और न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पहलगाम में अधिकतम तापमान 21.2 और न्यूनतम 1.8 तथा गुलमर्ग में अधिकतम 15.2 और न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, विशेषज्ञ डॉक्टर प्रवीण योगराज का कहना है कि बारिश होने पर हवा में फैला प्रदूषण खत्म हो जाएगा। इससे वायरल इंफेक्शन से राहत मिलेगी। शुष्क मौसम और प्रदूषण का स्तर रहने से गला खराब, खांसी, जुकाम, बुखार आदि की शिकायत हो रही है।

## क्या केरल में प्रियंका गांधी की जीत के लिए मुस्लिम कट्टरपंथियों के भरोसे है कांग्रेस?



वायनाड, 10 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस पार्टी पर केरल की वायनाड लोकसभा चुनाव में लगातार कट्टरपंथी मुसलमानों से समर्थन लेने के आरोप लग रहे हैं, लेकिन पार्टी इसका खुलकर खंडन नहीं कर पा रही है। पहले खुद इंडिया ब्लॉक में उसकी सहयोगी सीपीएम के दिग्गज और केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने यह आरोप लगाया। फिर पार्टी के कार्यकारी महासचिव प्रकाश करात ने भी गंभीर आरोपों को दोहराया, लेकिन कांग्रेस इन आरोपों का खुलकर विरोध नहीं कर पा रही है। शुक्रवार को पहले केरल के सीएम विजयन ने वायनाड में कांग्रेस प्रत्याशी प्रियंका गांधी पर आरोप लगाया कि वह जमात-ए-इस्लामी के समर्थन से चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने कांग्रेस को यहां तक चुनौती दी कि वह साफ करे कि उसे इस कट्टरपंथी संगठन के वोट की जरूरत नहीं है। फिर करात ने कहा, 'उन्होंने समर्थन की घोषणा कर कहा है कि जमात-ए-इस्लामी वहां कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन कर रही है। हम जमात-ए-इस्लामी के राजनीतिक विचारधारा के विरोधी हैं। हम कांग्रेस से पूछ रहे हैं कि यह ऐसी पार्टी से समर्थन लेना सही है?' इससे पहले मुख्यमंत्री विजयन ने फेसबुक पोस्ट पर लिखा, 'वायनाड उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के मुंह से धर्मनिरपेक्षता का मुखौटा पूरी तरह से उतर गया है। प्रियंका गांधी जमात-ए-इस्लामी के समर्थन से चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस का इसपर क्या स्टैंड है?' उन्होंने इंडिया ब्लॉक में सीपीएम की सहयोगी कांग्रेस पार्टी के मंसूबे पर सवालिया निशान लगाते हुए लिखा, 'हमारा देश जमात-ए-इस्लामी से अनजान नहीं है। क्या इस संगठन की विचारधारा लोकतंत्र के सिद्धांतों से मेल खाती है? जमात-ए-इस्लामी राष्ट्र और लोकतंत्र को महत्त्व नहीं देती।' उनके मुताबिक, 'जमात-ए-इस्लामी के लिए दुनिया भर में इस्लामी शासन ही सबसे अहम है। वे इस्लामी शासन के पक्ष में हैं।'

**वायनाड में इंडिया ब्लॉक के बीच ही विचारधारा की लड़ाई**

राष्ट्रीय स्तर पर सीपीएम और कांग्रेस भाजपा विरोधी इंडिया ब्लॉक का हिस्सा हैं। यह गठबंधन भाजपा और उसकी अगुवाई वाले एनडीए पर सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हैं। लेकिन, वायनाड में सांप्रदायिकता के मुद्दे पर इंडिया ब्लॉक की अपनी ही विचारधारा तार-तार हो रही है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

मेरा हैदराबाद



सुविचार

सब कुछ मिलेगा, जब आप किस्मत से ज्यादा मेहनत पर विश्वास रखोगे।

# कुछ ताकतें पलामुरू के विकास में बाधा डालने का प्रयास कर रही हैं : रेवंत रेड्डी

## सीएम ने कुरुमूर्ति स्वामी जतरा में भाग लिया



महबूबनगर, 10 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने आरोप लगाया है कि कुछ ताकतें पलामुरू जिले के विकास में बाधा डालने का प्रयास कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने रविवार को महबूबनगर जिले के चिन्ना चिंताकुंटा मंडल के अम्मापुरम गांव में कुरुमूर्ति स्वामी जतरा में भाग लिया। उन्होंने 110 करोड़ रुपये की लागत से मंदिर के पास घाट रोड और एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण की आधारशिला रखी। इस अवसर पर आयोजित एक सार्वजनिक बैठक में बोलते हुए, रेवंत रेड्डी ने पिछले प्रशासनों के तहत पलामुरू की ऐतिहासिक उपेक्षा पर चिंता व्यक्त की और विपक्षी दलों से आग्रह किया कि वे उनके प्रशासन के तहत जिले को समृद्ध होने दें, उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पलामुरू ने तेलंगाना राज्य को 12 विधायक, 2 सांसद और एक मुख्यमंत्री दिए हैं। पलामुरू के मूल निवासी के रूप में, उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि वे सभी लंबित सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए दृढ़ हैं और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को निराश नहीं करेंगे। मुख्यमंत्री ने पलामुरू के विकास को आगे बढ़ाकर इस कर्ज को चुकाने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। रेवंत रेड्डी ने यह भी याद दिलाया कि पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने पलामुरू के लोगों के समर्थन के कारण दो बार पद संभाला, लेकिन वे जिले का विकास करने में विफल रहे और सभी क्षेत्रों की उपेक्षा की। मुख्यमंत्री ने युवाओं के लिए प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान करने का वचन दिया, उन्होंने बताया कि अमरा राजा समूह ने 2,000 नौकरियां सृजित करने की प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कि उनकी जिम्मेदारी पूरे क्षेत्र के गांवों और बस्तियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली बीटी सड़कें बनाना है, रेवंत रेड्डी ने वरिष्ठ अधिकारियों को इन सड़कों के निर्माण के लिए अनुमान तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने पलामुरू में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार में सुधार के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। कुरुमूर्ति मंदिर में बुनियादी सुविधाओं की कमी को स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि यदि जिला कलेक्टर मंदिर की आवश्यकताओं पर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं, तो आवश्यक धनराशि आवंटित की जाएगी, जिसका उद्देश्य कुरुमूर्ति को क्षेत्र के वंचितों के लिए तीर्थ स्थल के रूप में उभारना है, जो 'गरीबों के लिए तिरुपति' जैसा है। मुख्यमंत्री ने पलामुरू में परियोजनाओं और उद्योगों पर पिछली सरकारों की निष्क्रियता पर निराशा व्यक्त की, उन्होंने कहा कि पलायन क्षेत्र में एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है। उन्होंने कृष्णा नदी के पानी को मक्तल, नारायणपेट और कोडंगल क्षेत्रों में लाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और पलामुरू जिले को पुनर्जीवित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी और दामोदर राजा नरसिम्हा, कांग्रेस विधायक और अन्य निर्वाचित प्रतिनिधि भी मुख्यमंत्री के साथ थे।

## पवन कल्याण ने वीर वन अधिकारियों को श्रद्धांजलि दी

गुंटूर, 10 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने आज कहा कि कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। तस्करों के हाथों वन विभाग के अधिकारियों की मौत के मद्देनजर उन्होंने गुंटूर का दौरा किया। गुंटूर वन शहीदों की स्मृति सभा आज अरण्य भवन में आयोजित की गई। बैठक में पवन कल्याण ने भाग लिया। उन्होंने कर्तव्य पालन करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को श्रद्धांजलि दी। पवन ने शहीदों के परिजनों का नाम लेकर अभिवादन किया। उन्होंने तस्करों के हाथों अपनी जान गंवाने वाले 23 आईएफएस अधिकारियों के परिजनों की भी मदद की। इनमें सभी श्रेणी के कर्मचारी और अधिकारी शामिल हैं। उन्होंने शहीदों के सभी परिजनों को सांत्वना दी। इस अवसर पर बोलते हुए पवन कल्याण ने वनों की रक्षा में आईएफएस अधिकारियों की भूमिका की प्रशंसा की। उन्होंने याद दिलाया कि ऐसे आईएफएस अधिकारी भी थे जिन्होंने वीरप्पन जैसे लोगों से लड़ाई लड़ी थी।

# बीआरएस युग वापस आएगा : केसीआर

### लोगों को एहसास हो गया है कि उन्होंने क्या खोया है

### पालकुर्ती विधानसभा क्षेत्र में हुई बीआरएस की सभा



हैदराबाद, 10 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव ने शनिवार को विश्वास जताया कि पार्टी 2028 में तेलंगाना में अगले विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता में आएगी। पालकुर्ती विधानसभा क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों को एहसास हो गया है कि पिछले साल विधानसभा चुनावों में बीआरएस की हार से उन्होंने क्या खोया है।

उन्होंने कहा कि नई सरकार को सत्ता में आए 11 महीने बीत चुके हैं और बीआरएस कार्यकर्ताओं को लोगों तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। कांग्रेस सरकार द्वारा पूर्ववर्ती पार्टी नीत सरकार के दौरान कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना को हुए नुकसान तथा अन्य मुद्दों की जांच के आदेश दिए जाने की पृष्ठभूमि में उन्होंने कहा कि बीआरएस जब सत्ता में आएगी तो किसी को जेल में डालने के बारे में नहीं सोचेगी।

उन्होंने कहा कि किसी भी सरकार को रचनात्मक ढंग से काम करना चाहिए और व्यापक जनहित के लिए प्रयास करना चाहिए। शुक्रवार को एक सार्वजनिक बैठक में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी द्वारा उन पर किए गए हमले का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि लोग देख रहे हैं कि सत्ता में बैठे लोग कैसे बोल रहे हैं।

केसीआर ने कहा कि बीआरएस सरकार ने जो कुछ किया, उसका 90 प्रतिशत हिस्सा उसके वादों के 10 प्रतिशत के अतिरिक्त था। विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद पिछले कई महीनों से राव काफी कम सक्रिय रहे हैं और उनके बेटे तथा बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामाराव पार्टी के कार्यक्रमों का नेतृत्व कर रहे हैं।

## रेवंत ने अपनी सरकार के वादों पर महाराष्ट्रवासियों को मूर्ख बनाया : हरीश

हैदराबाद, 10 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस पार्टी के नेता हरीश राव ने आज आरोप लगाया कि सीएम रेवंत रेड्डी प्रशासन को हवा में छोड़कर तेलंगाना का पैसा दूसरे राज्यों को भेज रहे हैं। उन्होंने राज्य के मंत्रियों की विमान में घूमने के लिए आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में सीएम रेवंत रेड्डी ने झूठ बोला है। उन्होंने दावा किया, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने महाराष्ट्र में कर्जमाफी पर जो कुछ कहा, वह सब झूठ था। तेलंगाना भवन में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने फसल कर्जमाफी, रायथु बंधु और धान के बोनस पर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के दावे को फर्जी बताते हुए उनकी आलोचना की। उन्होंने कांग्रेस की छह गारंटियों को गैराज में खोने की आलोचना की। सड़कों पर धान के ढेर धूल खा रहे थे। रेवंत रेड्डी उनके अकुशल शासन का प्रमाण हैं। महाराष्ट्र में वे दो लाख नौकरियां पैदा करने के बारे में झूठ बोल रहे हैं। कांग्रेस सरकार का छात्रों की कमर तोड़ने का इतिहास रहा है। रेवंत ने झूठ बोला है कि 40 लाख लोगों को कर्जमाफी दी गई है।

# वारंगल के केएमसी अस्पताल में जल संकट

## मरीजों को करना पड़ रहा समस्याओं का सामना

वारंगल, 10 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। काकतीय मेडिकल कॉलेज सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल शनिवार से पानी की कमी का सामना कर रहा है, जिससे मरीजों और उनके तीमारदारों को भारी परेशानी हो रही है। रिपोर्टों के अनुसार, अस्पताल सभी प्रयोजनों के लिए ग्रेटर वारंगल नगर निगम (जीडब्ल्यूएमसी) द्वारा आपूर्ति किए गए पानी पर निर्भर करता है और चूंकि निगम इंजीनियरिंग अधिकारियों ने वारंगल देशाईपेट फिल्टर बेड की मरम्मत के कारण शनिवार को क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बंद कर दी थी, इसलिए मरीजों और उनके परिचारकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

सूत्रों का कहना है कि निगम अधिकारियों ने देशाईपेट फिल्टर बेड पर मरम्मत कार्य की योजना के बारे में केएमसी अधिकारियों को पहले ही सूचित कर दिया था, लेकिन अधिकारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया, जिससे पानी की कमी हो गई। अस्पताल में पानी के लिए कुआं या बोरवेल नहीं होने के कारण मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी को टैंक में भरकर अस्पताल के सभी वार्डों में सप्लाई किया जाता है और चूंकि अस्पताल की मरम्मत चल रही है, इसलिए टैंक को भरने का कोई और साधन नहीं है। अस्पताल में पानी की आपूर्ति बंद होने से सबसे ज्यादा परेशानी डायलिसिस के मरीजों को हुई। डायलिसिस ऑपरेशन को सुरक्षित तरीके से करने के लिए बड़ी मात्रा में उच्च शुद्धता वाले डायलिसिस पानी की जरूरत होती है और अस्पताल में पानी की कमी के कारण डायलिसिस के मरीजों को बिना डायलिसिस कराए ही घर लौटना पड़ा। बताया जा रहा है कि अस्पताल प्रशासन ने निगम अधिकारियों से अनुरोध किया था कि जलापूर्ति शुरू होने तक अस्पताल में टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जाए, लेकिन अधिकारियों ने कथित तौर पर उनके अनुरोध को ठुकरा दिया।

# खाड़ी कार्यकर्ताओं ने उत्प्रवास अधिनियम 1983 में संशोधन की मांग की



हैदराबाद, 10 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रवासी मित्र श्रमिक संघ ने उत्प्रवास अधिनियम, 1983 में महत्वपूर्ण संशोधन करने तथा विदेशों में काम करने वाले प्रवासियों की सभी प्राकृतिक मौतों को कवर करने के लिए प्राकृतिक मृत्यु को प्रवासी भारतीय बीमा योजना (पीबीबीवाई) के दायरे में लाने की मांग की है। उत्तर प्रदेश के आगरा में 8 से 10 नवंबर तक प्रवासी श्रमिकों (नेपाल और भारत) की स्थिति की तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय समीक्षा के दौरान शनिवार को संघ के निजामाबाद जिला समन्वयक स्वदेश पारीकीपंडला ने बताया कि भारतीय श्रमिक जर्मनी, पोलैंड, जापान, इटली, माल्टा, इजरायल जैसे देशों में प्रवास कर रहे हैं और वे पहले की तरह खाड़ी देशों तक ही सीमित नहीं रहे हैं।

उन्होंने हाल के दिनों में खाड़ी प्रवासी श्रमिकों के कल्याण के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में बताया, जिसमें ड्यूटी के दौरान दुर्घटनाओं के कारण मरने वाले खाड़ी प्रवासियों के परिजनों को 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा भी शामिल है।

अन्य कदमों में खाड़ी प्रवासियों के मुद्दों पर एक सलाहकार समिति का गठन, प्रजा भवन में प्रजावाणी में हर सप्ताह मंगलवार और शुक्रवार को खाड़ी प्रवासियों की चिंताओं के समाधान के लिए एक अलग काउंटर की स्थापना करना शामिल है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सरकारी कल्याण आवासीय विद्यालयों में खाड़ी क्षेत्र के श्रमिकों के बच्चों के लिए कोटा लागू करने का नीतिगत निर्णय भी लिया है। होटल गंगा रतन में आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान खाड़ी क्षेत्र के श्रमिकों और विशेषकर निर्माण उद्योग से जुड़े लोगों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को देखते हुए इस वर्ष की थीम 'न्यायसंगत परिवर्तन' पर विचार-विमर्श किया गया। तीन दिवसीय सम्मेलन में नेपाल, केरल, तमिलनाडु, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के श्रमिक संघ प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## कार दुर्घटना में दो लोगों की मौत

### शादी की खुशियां गम में बदली

हैदराबाद, 10 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के जगतियाल जिले में रविवार की सुबह एक कार दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पीड़ित एक शादी समारोह से लौट रहे थे। मृतकों की पहचान दुल्हन के भाई संकीर्थ और उसकी दोस्त राजी के रूप में हुई है, उसके माता-पिता भी उसी कार में यात्रा कर रहे थे, जो जगतियाल में हुई दुर्घटना में घायल हो गए। यह दुर्घटना उस समय हुई जब जगतियाल कस्बे के बाहरी इलाके में धारूर नहर के पास कार टीजीएसआरटीसी बस से टकरा गई। कार में सवार यात्री जनगांव जिले में एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे।

घायलों को जगतियाल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालत बिगड़ने पर लक्ष्मी को करीमनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जगतियाल कस्बे के मिशन कंपाउंड हनुमानवाड़ा के निवासी पीड़ित शनिवार रात को जनगांव में आयोजित अपनी बेटी की शादी के रिसेप्शन में शामिल होने गए थे। जगतियाल लौटते समय वे दुर्घटना का शिकार हो गए। कार और बस विपरीत दिशाओं में चलते हुए टकरा गए। बस हैदराबाद जा रही थी। बस से टकराने के बाद कार सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई।

## हरीश ने एक्सपायर हो चुकी दवाओं को लेकर की सरकार की आलोचना



हैदराबाद, 10 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के विधायक टी हरीश राव ने रविवार 10 नवंबर को तेलंगाना सरकार पर हमला बोला, क्योंकि मंचेरियल में आदिवासी स्कूली छात्रों के लिए आयोजित चिकित्सा शिविर में कथित तौर पर एक्सपायरी दवाएं पाई गईं। तेलंगाना के सरकारी स्कूलों में हाल ही में हुई फूड पॉइजनिंग की घटनाओं का जिक्र करते हुए पूर्व मंत्री ने पूछा कि अगर एक्सपायर हो चुकी दवाइयों की वजह से मौतें होती हैं तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा? राव ने पूछा कि अगर ऐसी घटनाएं हो रही हैं, तो जिला कलेक्टर और ज़िला चिकित्सा अधिकारी इस बारे में क्या कर रहे हैं? एक्स पर एक पोस्ट में सिद्दीपेट विधायक ने पूछा कि कांग्रेस सरकार कब जागेगी?

# धान किसानों ने एमएसपी के लिए किया प्रदर्शन

## नरकेटपल्ली-अड्डांकी रोड पर बाधित हुआ यातायात

नलगोंडा, 10 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। किसानों ने रविवार को नलगोंडा जिले के वेमुलापल्ली में चावल मिलों के सामने विरोध प्रदर्शन किया और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान खरीदने की मांग की, क्योंकि व्यापारियों ने कथित तौर पर एक सिंडिकेट बना लिया था और वे किसानों को अपनी उपज सस्ते दामों पर बेचने के लिए मजबूर कर रहे थे। किसानों ने बताया कि स्थानीय खरीद केन्द्र पर धान की खरीद धीमी गति से हो रही है तथा गोदामों में भेजे गए स्टॉक को बार-बार यह कहकर खारिज किया जा रहा है कि उसमें नमी की मात्रा स्वीकार्य स्तर से अधिक है।

जब विरोध प्रदर्शन अडांकी-नारकेटपल्ली राजमार्ग तक फैल गया, तो यातायात बाधित हो गया। पूरे राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। किसानों ने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि चावल मिल मालिक कम कीमत पर धान खरीदकर उन्हें धोखा देने के लिए सिंडिकेट बना रहे हैं। उन्होंने मांग की कि चावल मिल मालिक तुरंत सही कीमत पर धान खरीदें। किसानों द्वारा अपनी उपज के लिए उचित मुआवज़ा पाने के लिए चल रहे संघर्ष के रूप में राज्य भर में तेज हो गया है, किसानों ने जोर देकर कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चावल मिल मालिक एमएसपी का पालन करें और कृषि समुदाय को तत्काल राहत प्रदान करें। स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है क्योंकि किसान अपनी वास्तविक शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारियों की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं।

# इंजीनियरिंग छात्रों ने हैकहार्वर्ड में जीता पुरस्कार

हैदराबाद, 10 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के दो इंजीनियरिंग छात्रों की टीम ने हैकहार्वर्ड में एक प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता है। डीसी की रिपोर्ट के अनुसार, हैदराबाद के चुक्का नवनीत कृष्णा और कोट्टक्की श्रीकर वामसी, तमिलनाडु के अमृत सुब्रमण्यम और केरल के सूर्या संतोष कुमार के साथ प्रतियोगिता में शामिल हुए। एमआईटी, हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड और टोरंटो विश्वविद्यालय सहित दुनिया भर के शीर्ष संस्थानों के प्रतिभागियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए, उनकी टीम ने स्वास्थ्य और स्थिरता के प्रति एक नए दृष्टिकोण से मूल्यांकनकर्ता को प्रभावित किया।

टीम का विजेता ऐप, सस्टेनिटी, दो उत्कृष्ट विशेषताएं प्रदान करता है, जिनका उद्देश्य स्वस्थ और अधिक टिकाऊ जीवन को बढ़ावा देना है। सबसे पहले, यह उपयोगकर्ताओं को खाद्य लेबल को स्कैन करके उसमें मौजूद अवयवों का विश्लेषण करने की अनुमति देता है, जिससे लोगों को सूचित आहार विकल्प बनाने में मदद मिलती है। इसके अलावा, उपयोगकर्ता अपनी विशिष्ट स्वास्थ्य आवश्यकताओं के आधार पर खाद्य पदार्थों की उपयुक्तता का आंकलन करने के लिए अपनी स्वास्थ्य रिपोर्ट अपलोड कर सकते हैं। ऐप की दूसरी विशेषता उपयोगकर्ताओं को उत्पादों को रीसाइकिल करने के तरीके के बारे में मार्गदर्शन करती है, जिससे पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा मिलता है। व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पर्यावरणीय जिम्मेदारी पर इस दोहरे फोकस ने हैकहार्वर्ड में एक हजार से अधिक प्रतियोगियों के बीच टीम को मान्यता दिलाई। यह हार्वर्ड विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला प्रतिष्ठित 36 घंटे का हैकथॉन है। इस वर्ष, 22 देशों के 284 विश्वविद्यालयों के एक हजार से अधिक छात्रों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया और शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा की। हैदराबाद के इंजीनियरिंग छात्रों वाली टीम की उल्लेखनीय उपलब्धि, प्रौद्योगिकी और स्थिरता में महत्वपूर्ण योगदान देने की उनकी क्षमता को उजागर करती है।

# साइक्लोथॉन को मंचेरियल में मिली अच्छी प्रतिक्रिया

## वन विभाग द्वारा पहली बार आयोजित हुआ कार्यक्रम



मंचेरियल, 10 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हाजीपुर मंडल के गदपुर गांव के निकट एक परित्यक्त खदान में ओल्ड मंचेरियल सेक्शन में रविवार को लक्सेटीपेट रेंज के जंगलों में वन विभाग द्वारा आयोजित पहले साइक्लोथॉन को प्रकृति प्रेमियों और साइकिल चालकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली।

लक्सेटीपेट वन रेंज अधिकारी ए सुभाष, जिन्होंने इस कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई, ने कहा कि इको-टूरिज्म और संधारणीय जीवन शैली और साइकिलिंग को बढ़ावा देने के लिए ओल्ड मंचेरियल सेक्शन के जंगलों में साइक्लोथॉन आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि जंगलों में जंगल सफारी सेवा शुरू करने के लिए 20 किलोमीटर का ट्रैक विकसित किया गया था। उन्होंने कहा कि कोई भी चित्तीदार हिरण, भारतीय गौर और कई अन्य शाकाहारी जानवरों को देख सकता है।

एफआरओ ने आगे कहा कि पर्यटकों की सुविधा के लिए जल्द ही वॉच टावर, मचान और टिकट काउंटर जैसी कई सुविधाएं बनाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि सफारी सेवा जल्द ही किफायती कीमतों पर शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि वे स्थानीय लोगों की आजीविका सुनिश्चित करने के अलावा, यदि आवश्यक हो तो स्वैच्छिक संगठनों के साथ सहयोग करने की योजना बना रहे हैं।

कासिपेट मंडल के सोमागुडम के साइकिल चालक वामशी ने कहा कि वह मंचेरियल वन प्रभाग में पहली बार आयोजित साइक्लोथॉन में भाग लेने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि जंगल शांति प्रदान करते हैं और परिदृश्य में साइकिल चलाना एक यादगार अनुभव था। कई प्रतिभागियों ने इसी तरह के विचार व्यक्त किए और इस आयोजन की मेजबानी के लिए वन विभाग को धन्यवाद दिया। मंचेरियल एसीपी आर प्रकाश, गीतकार ए चंद्रमौली और अन्य उपस्थित थे।

## वित्तीय विवाद के चलते व्यवसायी की हत्या

हैदराबाद, 10 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। 31 अक्टूबर को सरूरनगर में एक व्यवसायी की कथित वित्तीय विवाद के चलते हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान न्यू हफीजपेट निवासी 38 वर्षीय एम ईश्वर के रूप में हुई। व्यवसायी को एक कार ने कुचल दिया और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ईश्वर कथित तौर पर पिछले कुछ महीनों से रियल एस्टेट मालिक शंकर के साथ वित्तीय विवाद में उलझा हुआ था। 31 अक्टूबर को ईश्वर के चचेरे भाई विजयन ने विवाद सुलझाने के लिए उसे कर्मनघाट बुलाया था।

तीनों कुछ अन्य लोगों के साथ एक बार और रेस्तरां में गए और शराब पी। हालांकि, मामला सुलझ नहीं सका और ईश्वर परिसर से बाहर आ गया। सरूरनगर पुलिस ने बताया कि जब ईश्वर बार के बाहर खड़ा था, तभी शंकर ने अपनी कार तेज रफ़्तार से चलाई और पीड़ित को टक्कर मार दी।

जब वह व्यक्ति गिर गया और भागने की कोशिश कर रहा था, तो शंकर ने फिर से कार चलाई और उसे कुचल दिया। घटना में घायल ईश्वर को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सरूरनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ईश्वर हैदराबाद पुलिस में कांस्टेबल के रूप में काम करता था, लेकिन जब उसे चोरों के एक गिरोह का सदस्य पाया गया तो पुलिस के उच्च अधिकारियों ने उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया।

## कर्ज चुकाने के विवाद में एक व्यक्ति ने की साले की हत्या

हैदराबाद, 10 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मैलारदेवपल्ली पुलिस थाना क्षेत्र के वट्टेपल्ली में रविवार तड़के एक व्यक्ति ने कर्ज चुकाने के विवाद में अपने साले की हत्या कर दी। मृतक मोहम्मद सैफ उर्फ साबिर 30 वर्ष अपने परिवार के साथ रहता था, जिसमें उसकी पत्नी, तीन बेटियां और एक बेटा शामिल थे। एक साल पहले आरोपी ऑटो चालक इस्माइल ने सैफ से एक लाख रुपये का ऋण लिया था, लेकिन वह इसे चुकाने में असफल रहा।

शनिवार की रात को सैफ ने इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए इस्माइल को फोन किया। शमा कॉलोनी पहुंचने के बाद इस्माइल ने सैफ से बात की और उसे उसके घर से थोड़ी दूर ले गया। राजेंद्रनगर के एसीपी पी. श्रीनिवास ने बताया कि इस्माइल ने सड़क पर पड़ा एक पत्थर उठाया और सैफ पर फेंक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

पूर्व तट रेलवे

निविदा सूचना सं. WAT-TRS-OT-20-2024-25

कार्यस्थल के साथ कार्य का नाम : 03 वर्षों की समयावधि हेतु इलेक्ट्रिक लोको शेड/विशाखापट्टनम में इलेक्ट्रिक लोको का वेल्डिंग कार्य।

निविदा मूल्य (₹): 64,30,494.24, EMD (₹): 1,28,600.00, कार्य पूरा होने की अवधि : 03 (तीन) वर्ष

निविदा बंद होने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक : 29.11.2024 को 1500 बजे।

इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है। इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट http:// www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRS)/ विशाखापट्टनम

PR-718/P/24-25

# बरौनी हादसे पर राहुल गांधी ने केंद्र को घेरा:कांग्रेस सांसद ने प्रधानमंत्री से पूछा

## आप बस कुछ लोगों को सेफ करने में लगे हैं, आम लोग कब सेफ होंगे ?



बेगूसराय, 10 नवंबर (एजेंसियां)। बेगूसराय के बरौनी जंक्शन पर रेलकर्मी अमर कुमार की इंजन और बोगी के बीच फंसकर हुई मौत का मामला राष्ट्रीय स्तर पर तूल पकड़ने लगा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से इसके लिए केंद्र सरकार को दोषी ठहराया है। राहुल गांधी की ओर से उनके ऑफिशियल एक्स अकाउंट और फेसबुक पर एक पोस्ट शेयर किया गया है। पोस्ट में राहुल गांधी ने उद्योगपति गौतम अडानी का जिक्र करते हुए पीएम मोदी से सवाल पूछा है। राहुल गांधी ने एक्स एवं फेसबुक पोस्ट में कहा है कि आम लोग कब सेफ होंगे, मोदी जी? आप तो बस 'एक' अडानी को सेफ करने में लगे हुए हैं। बरौनी जंक्शन की ये भयावह तस्वीर और खबर भारतीय रेल की लंबी लापरवाही, उपेक्षा और जान बूझकर की गई कम भर्तियों का परिणाम है।

**डीआरएम की ओर से बनाई गई कमेटी ने सौंपी जांच रिपोर्ट**

इधर, घटना की जांच के लिए डीआरएम की ओर से बनाई गई पांच सदस्यीय कमेटी ने जांच रिपोर्ट सौंप दिया है, जिसमें रेलकर्मी मो। सुलेमान को घटना के लिए दोषी पाया गया है। जांच टीम ने अपने रिपोर्ट में कहा है कि ट्रेन नंबर 15204 लाइन नंबर-6 पर सुबह 8:10 बजे आई थी। एसएम की ओर से रेलकर्मी मोहम्मद सुलेमान और अमर कुमार को इंजन डिटैच करने के लिए भेजा गया था। इंजन को डिटैच करने के दौरान इंजन और एलडब्ल्यूएलआरआरएम पावर कार के बीच रेलकर्मी अमर कुमार दब गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

**डीआरएम की जांच रिपोर्ट में क्या?**

जांच रिपोर्ट के अनुसार, लोको शंटर राकेश रोशन की ओर से 8:12 बजे इंजन का चार्ज लिया गया। 8:15 बजे लोड समेत फ्यूलिंग पॉइंट पर पावर कर में तेल लेने के लिए लाया गया। 8:27 बजे सुलेमान ने बफर मांगा और फिर लोको पायलट को हाथ से आगे बढ़ने का इशारा किया। 8:28 में सुलेमान ने हाथ के इशारे से पीछे करने का इशारा किया और 8:29 में तेजी से भाग कर आगे बढ़ने का इशारा किया। इसी दौरान कई लोग इंजन की ओर दौड़ते दिखे और अमर कुमार की मौत हो चुकी थी। मौत के बाद 10:15 बजे इंजन एवं पावर कार का सीबीसी डिटैच करके लाश को निकाला गया। विभिन्न पहलुओं की गई जांच के बाद टीम निष्कर्ष पर पहुंची कि रेलकर्मी मो। सुलेमान और अमर कुमार के बीच उचित समन्वय और सामंजस्य की विफलता के कारण भ्रम की स्थिति में लोको शंटर को गलत संकेत मो। सुलेमान की ओर से दिया गया। उसी की ओर से किए गए गलत इशारे के कारण हादसे में अमर कुमार की मौत हुई। इसकी जिम्मेदारी मोहम्मद सुलेमान की है।

**जांच टीम ने दर्ज किया इनका बयान**

जांच टीम ने मोहम्मद सुलेमान, लोको पायलट राकेश रोशन एवं एसएम नागमणि का बयान भी लिया है। मो। सुलेमान ने कहा है कि मैं 8 बजे से 16 बजे की शिफ्ट में था। लखनऊ-बरौनी ट्रेन नंबर 15204 के पावर कार को डिटैच करने के लिए मैं और अमर कुमार गए। अमर ने पावर कार को डिटैच किया। सुलेमान ने कहा है कि पावर कार के डिटैच होने के बाद अमर कुमार सीबीसी बंद करने के लिए इंजन तथा बोगी के बीच जा रहा था। इसी बीच शंटर की ओर से बगैर मेरे सिग्नल-संकेत के ट्रेन के इंजन को बैक कर दिया गया, जिसके कारण अमर कुमार बफर में दब गया। मैं घटना के समय इंजन के पास शंटर के आमने-सामने खड़ा था।

**लोको पायलट राकेश रोशन ने अपने बयान में क्या कहा?**

लोको शंटर राकेश रोशन ने कहा है कि मैं डीजल लॉबी बरौनी में कार्यरत हूं। सुबह 6 बजे से 14 बजे के पाली में शंटिंग कार्य कर रहा था। मुझे एसएम की ओर से सूचना दी गई कि 15204 गाड़ी का चार्ज लेना है। मैं करीब 8:10 बजे लोको का चार्ज इनकमिंग लोको पायलट से लिया। राकेश रोशन ने कहा है कि फिर शंटमेन सुलेमान के इशारे पर पावर कार को आगे किया। तभी शंटमैन सुलेमान ने कहा कि अमर कुमार दब गया है। जांच टीम ने स्टेशन मास्टर (एसएम) का भी बयान लिया है, जिसमें एसएम नागमणि कुमार कहा है कि मैं 7 से 11 बजे की शिफ्ट में था। गाड़ी नंबर 15204 प्लेटफार्म नंबर-पांच पर 8:10 बजे आई।

हमने अमर कुमार एवं सुलेमान को लोको शंटर राकेश रोशन के साथ लोको डिटैच करने के लिए भेजा। स्टेशन मास्टर नागमणि कुमार ने कहा है कि करीब 8:30 से 8:35 बजे के बीच एलसीपी सोनू कुमार की ओर से फोन से सूचना दिया गया कि अमर कुमार लोको और कोच के बीच दब गया है। इसके बाद हमने इसकी सूचना तुरंत संबंधित कर्मियों और अधिकारियों को दी।

## तेजस्वी यादव के सवाल आनंद मोहन को गुजरा नागवार, अपने अंदाज में दिए चुन चुनकर जवाब



पटना, 10 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार के बाहुबली नेता और पूर्व सांसद आनंद मोहन ने गया जिले की बेलागंज विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में एनडीए की प्रत्याशी मनोरमा देवी के समर्थन में प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने तेजस्वी यादव पर भी निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि उनसे आप क्या ही उम्मीद कर सकते हैं, वह सिर्फ भैंस, गोबर और लाठी की ही बात करेंगे। मैं एक बात बता दूं कि मालिक चाचा है और नौकरी भतीजा बांट रहा है। मुख्यमंत्री कोई और है, लेकिन नौकरी कोई और बांट रहा है, वह किसको बेवकूफ बना रहे हैं। जिन विभागों में नौकरी बंटने में देरी हुई, वह शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग था जो उन्हीं के जिम्मे आता था। उसी की सूची तैयार नहीं थी, इसलिए नौकरी बांटने में देरी हुई।

**निशाने पर आरजेडी**

पूर्व सांसद आनंद मोहन ने आईएएनएस से खास बातचीत में कहा, सीएम नीतीश कुमार के संदेश पर आज मैंने बेलागंज विधानसभा सीट पर प्रचार किया है। बेलागंज समेत पूरा बिहार बदलाव के मूड में है और इस बार का उपचुनाव आगे की दिशा तय करेगा और यह बताएगा कि कल का बिहार किस रास्ते पर जाएगा। उन्होंने आगे कहा, मैं समझता हूं कि तरारी, रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज विधानसभा क्षेत्र की जनता ने अपना मन बना लिया है और इन चारों सीटों पर एनडीए के प्रत्याशियों की जीत होगी। कोई भी अंधे युग में वापस नहीं जाना चाहेगा। यहां की जनता फिर से पलायन, फिरौती, अपहरण, रंगदारी, उग्रवाद और नरसंहार के दौर को नहीं देखना चाहेगी।

**2025 में एनडीए की जीत का दावा**

वहीं, पूर्व सांसद ने साल 2025 में बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि निश्चित तौर पर 2025 के विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार में वापसी होगी।

## मायावती ने 3 नेताओं को पार्टी से निकाला



लखनऊ, 10 नवंबर (एजेंसियां)। यूपी उपचुनाव की सरगर्मी तेज हो गई। नेताओं के बयानों में तल्खी भी बढ़ती जा रही है। बसपा प्रमुख मायावती ने मेरठ में तीन नेताओं को पार्टी ने निष्कासित कर दिया है। बसपा के सीनियर नेता और प्रभारी बाबू मुनकाद अली के बेटे कमाल की गाजियाबाद में शादी की दावत थी। बसपा प्रमुख मायावती के मना करने के बावजूद पार्टी के मेरठ मंडल प्रभारी प्रशांत गौतम, जिला प्रभारी महावीर सिंह प्रधान और दिनेश काजीपुर दावत में शामिल हुए। इसके बाद इन नेताओं पर कार्रवाई की गई। बता दें कि मुनकाद अली की बेटी सुंबुल राणा सपा के टिकट पर मीरापुर से उपचुनाव लड़ रही हैं। भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा- सभी विश्वविद्यालय में बाबा साहब का संविधान चलना चाहिए। अलीगढ़ यूनिवर्सिटी उससे परे नहीं हो सकती है। यहां पर भी पिछड़ों और दलितों को आरक्षण मिलना चाहिए। इसमें कौन सा गलत कहा गया। संविधान की पुस्तक लेकर घूमने वाले लोगों से पूछिए- यूनिवर्सिटी में दलितों को आरक्षण क्यों नहीं मिलना चाहिए? पिछड़ों को एडमिशन क्यों नहीं मिलेगा।

पिछड़े और दलित टीचर की भर्ती क्यों नहीं होगी? अल्पसंख्यक पढ़े, ये सरकार की नीति है। लेकिन पिछड़ा-दलित इससे वंचित हों, ये सरकार की नीति नहीं है। इधर, कांग्रेस नेता कुंवर दानिश अली ने कहा - उनको मैं याद दिलाना चाहता हूं कि भाजपा ने 1977 और 1980 के घोषणापत्र में वादा किया था कि वे एएमयू को अल्पसंख्यक दर्जा दिलाएंगे। कमजोर वर्ग को इस देश में सकारात्मक कार्रवाई की जरूरत है। आरक्षण उसका एक माध्यम है। बसपा ने मेरठ मंडल प्रभारी समेत 3 नेताओं को पार्टी ने निष्कासित कर दिया है। तीनों नेता अपनी ही पार्टी के प्रभारी नेता के बेटे की दावत में चले गए थे। ये बात बसपा सुप्रीमो को पसंद नहीं आई। इसके बाद तीनों नेताओं पर अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।

बसपा के सीनियर नेता और प्रभारी बाबू मुनकाद अली के बेटे की गाजियाबाद में शादी की पार्टी थी। पार्टी में शामिल हुए मेरठ मंडल प्रभारी प्रशांत गौतम, जिला प्रभारी महावीर सिंह प्रधान और दिनेश काजीपुर को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। बता दें कि मुनकाद अली की बेटी सुंबुल राणा सपा के टिकट पर मीरापुर से उपचुनाव लड़ रही हैं। इसी कारण बसपा चीफ मायावती ने इस शादी में जाने से पार्टी के नेताओं को रोका था। इसके बावजूद ये तीनों नेता शादी में चले गए। जैसे ही पार्टी प्रमुख को इसकी सूचना मिली फौरन तीनों नेताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया। मुनकाद अली और पूर्व सांसद कादिर राणा आपस में समधी हैं। सुंबुल राणा कादिर राणा की बहू हैं।

## आगरा में सफेद धुंध की चादर में लिपटा ताजमहल दिवाली के बाद हवा की गुणवत्ता में सुधार



आगरा, 10 नवंबर (एजेंसियां)। मोहब्बत की नगरी आगरा में आज रविवार की सुबह हल्की धुंध नजर आई। जिसमें मोहब्बत की निशानी कही जाने वाली ऐतिहासिक इमारत ताजमहल को देखकर ऐसा लग रहा था जैसे उसने कोई सफेद रंग की पतली सी चादर ओढ़ ली है। हालांकि अच्छी बात ये रही है कि आज शहर में हवा की गुणवत्ता संतोषजनक दर्ज की गई है। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक आगरा में रविवार सुबह वायु गुणवत्ता 'संतोषजनक' दर्ज की गई जबकि शनिवार को वायु में 'मध्यम' श्रेणी में प्रदूषण का स्तर का दर्ज किया गया था। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, आगरा के मनोहरपुर इलाके में सुबह 8 बजे तक वायु गुणवत्ता सूचकांक 93 दर्ज किया गया, जिसे 'संतोषजनक' श्रेणी में रखा गया है, जबकि शाहजहां गार्डन में हवा का एक्यूआई लेवल 73 तक दर्ज किया गया।

**हल्की धुंध में हुए ताज के दीदार**

हवा में प्रदूषण का स्तर घटने से स्थानीय लोगों ने भी राहत की सांस ली है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी यूपी और पूर्वी यूपी के तराई वाले इलाकों में इन दिनों सुबह के समय हल्की धुंध देखने को मिलेगी। धुंध का असर आगरा में भी दिखाई दिया, जिससे ताजमहल घूमने आए पर्यटकों कोहरे की चादर में लिपटी मोहब्बत की निशानी के दीदार किए। ताजमहल देखने आए पर्यटक गौतम सिंह ने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा कि वो दिल्ली से ताजमहल देखने आए हैं। वहां पर पराली की वजह से इन दिनों हवा में खासा प्रदूषण देखने को मिल रहा है। भविष्य में यहां पर भी हवा में प्रदूषण का असर देखने को मिल सकता है ऐसे में प्रदूषण पर गंभीरता से काम करने की ज़रूरत है। बता दें कि आगरा में पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

## सिपाही बनते ही शादी से मुकर गया प्रेमी, प्रेमिका को पिलाया तेजाब, दिल्ली एम्स में भर्ती

रामपुर, 10 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के रामपुर में एक युवक बीए की छात्रा से चार साल तक यौन शोषण करता रहा। इस दौरान दो बार छात्रा प्रेग्नेट हो गई। युवक ने उसका दो बार गर्भपात कराया। युवक जब पीएसी में सिपाही बन गया तो उसने शादी से इनकार कर दिया। युवती ने जब शादी का दबाव बनाया तो सिपाही ने उसको तेजाब पिला दिया, जिससे उसकी हालत खराब हो गई। पीड़िता का दिल्ली एम्स में इलाज चल रहा है। पीड़िता की मां ने आरोपी सिपाही के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। केमरी पुलिस मामले की जांच कर रही है। केमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को शिकायत दी, जिसमें बताया कि चार अक्टूबर को रात करीब 10 बजे उसकी बीए द्वितीय वर्ष में पढ़ रही बेटी ने तेजाब पी लिया है। उसको बिलासपुर और रुद्रपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां पर हालत में सुधार नहीं होने पर गंभीर अवस्था में दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया।

## जहानाबाद में इंस्पेक्टर को चढ़ा इश्क का खुमार, डिप्टी कलेक्टर महिला अधिकारी को भेजा 'आई लव यू'



जहानाबाद, 10 नवंबर (एजेंसियां)। जहानाबाद में पदस्थापित एक इंस्पेक्टर की काफी चर्चा हो रही है। दरअसल, इंस्पेक्टर दिनेश्वर कुमार को रिटायरमेंट के वक्त इश्क का खुमार चढ़ गया है। उन्होंने अपनी उम्र और पद की गरिमा को ताक पर रखकर जहानाबाद में ही पदस्थापित सीनियर डिप्टी कलेक्टर रैंक की एक महिला अधिकारी को अपने मोबाइल से प्यार का इजहार करते हुए 'आई लव यू' का मैसेज भेज दिया। अब महिला अधिकारी की शिकायत पर इंस्पेक्टर के विरुद्ध साइबर थाने में एफआईआर दर्ज हो गई है। खास बात यह है कि आरोपी इंस्पेक्टर दिनेश्वर के रिटायरमेंट के कुछ ही दिन बाकी है। लेकिन, उसके पहले उन्होंने इस तरह की हरकत की है। अब आरोपी इंस्पेक्टर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हो गई है। इससे पहले शिकायत मिलने के बाद जहानाबाद के एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने मामले की विभागीय जांच कराई। एसपी ने जांच के लिए एक कमेटी गठित कर दी और इसमें डीएम की ओर से एक महिला सीनियर डिप्टी कलेक्टर कंचन कुमार झा को नामित किया गया था।

जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में इंस्पेक्टर के खिलाफ लगाए गए आरोप को सही पाया। जांच कमेटी ने इस संबंध में पूछताछ के लिए पुलिस इंस्पेक्टर को बुलाया था, लेकिन वह जांच टीम के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। तब सीनियर डिप्टी कलेक्टर ने साइबर थाने में आवेदन देकर पुलिस निरीक्षक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया। जांच टीम की रिपोर्ट और महिला अधिकारी के आवेदन के आलोक में पुलिस निरीक्षक दिनेश्वर कुमार के विरुद्ध साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बता दें कि जहानाबाद जिले में पहले भी ऐसा वाकया सामने आया था। इससे पहले हुलासगंज प्रखंड के कार्यक्रम पदाधिकारी ने भी विकास पदाधिकारी को इसी तरह के मैसेज भेजे थे। कई बार कॉल भी किया गया था। इसके बाद कार्यक्रम पदाधिकारी के खिलाफ हुलासगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी और उनका तबादला भी कर दिया गया था।

**मामले में एसपी का आया बयान**

इस मामले को लेकर एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने बताया पुलिस इंस्पेक्टर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। शिकायत मिलने पर एक जांच कमेटी बनाई गई थी। आरोपी इंस्पेक्टर को अपनी बात रखने का मौका दिया गया था, लेकिन वे उपस्थित नहीं हो सके और मेडिकल रिपोर्ट लगाकर छुट्टी पर चले गए। इस मामले में अनुसंधान जारी है। आरोपी इंस्पेक्टर कोर्ट में पदस्थापित हैं। विभागीय कार्यवाही के संबंध में आगे निर्णय लिया जाएगा।

## अतिक्रमणकारियों पर कसेगा शिकंजा, खाली कराए जाएंगे कब्जे

हमीरपुर, 10 नवंबर (एजेंसियां)। अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा कसते हुए अभियान चलाकर जहां भी कब्जे हैं उनको खाली कराया जाए। इसके साथ ही शहर के फुटपाथ पर भी जो कब्जे किए गए हैं उनको भी मुनादी कराकर खाली कराएं। ताकि शहर में जाम की समस्या न हो। उक्त दिशा निर्देश जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने सदर कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में नगर पालिका ईओ व तहसीलदार को दिए। सदर कोतवाली में जिलाधिकारी घनश्याम मीना व पुलिस अधीक्षक डा।दीक्षा शर्मा की मौजूदगी में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम व एसपी ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना और उनका निराकरण किया। इस मौके पर कुल तीन शिकायतें आईं। जिसमें से एक का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी तरह से मौदहा कोतवाली में छह में दो, कुरारा में पांच में तीन, मुस्करा में चार में दो, बिवांर में तीन में एक, ललपुरा में तीन में दो, सिसोलर में तीन में दो, मझगवां में तीन में एक, चिकासी में एक में एक, जलालपुर में छह में दो, जरिया में पांच में एक, सुमेरपुर में दो में एक भी नही व राठ में आठ में चार शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।

## रंगीन मिजाज नेताजी की भाजपा महानगर अध्यक्ष पद से छुट्टी, इस्तीफा स्वीकार



बरेली, 10 नवंबर (एजेंसियां)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के रंगीन मिजाज अध्यक्ष अनीस अंसारी का इस्तीफा स्वीकार हो गया है। उनके कई अश्लील वीडियो और गाली वाले ऑडियो वायरल हुए थे। इसमें वह कह रहे थे मोहब्बत शर्तों पर नहीं होती है। लखनऊ चलोगे क्या, मुझे 72 हूरें नहीं बस दो ही चाहिए, तुम छोटी बहू हो। बखेड़े के बाद भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने बताया कि अनीस अंसारी का इस्तीफा स्वीकार कर उन्हें पार्टी के सभी दायित्व से मुक्त कर दिया गया है। हाल ही में भाजपा नेता के दो ऑडियो क्लिप वायरल हुए है, जिसमें नेता और भाजपा नेत्री के बीच बातचीत रिकॉर्ड है। पहला ऑडियो 1 मिनट 23 सेकंड का है और दूसरा 6 मिनट 3 सेकंड का। ऑडियो में भाजपा नेता और महिला के बीच तीखी बहस और निजी संबंधों पर चर्चा की गई है। भाजपा नेत्री ने बातचीत में नाराजगी जताते हुए कहा, "मुझे क्यों टेंशन दे रहा, मैं मर वर गई तो।" इस पर भाजपा नेता ने जवाब दिया, "टेंशन में क्या मरने देंगे। तेरी... । तू बड़ी वाली है। जब तेरी बात को हर समय हां-हां कर रहे हैं। इसके बाद ये फाइनल कर लो, वो फाइनल कर लो, कहती रहती है। एग्रीमेंट करा दें... शर्तों पर होता है प्यार-मोहब्बत।" इसके बाद महिला ने कहा कि उन्होंने शर्तों पर शादी तो कर ली थी, पर अब वह मोहब्बत में शर्तें नहीं चाहतीं। ,कहा कि "पहले अपने पहले वाले पति को इस्तीफा दे, फिर मैं तेरे साथ शादी करूंगा।" इस पर महिला ने नेता से उनकी प्रतिबद्धता पर सवाल उठाये। ऑडियो क्लिप के सामने आने के बाद भाजपा नेत्री ने खुलासा किया कि पिछले दो साल से उनका और भाजपा नेता अनीस अंसारी का रिश्ता रहा है। नेत्री के मुताबिक, अनीस ने उनके बच्चों की पढ़ाई में मदद की और वे दोनों पति-पत्नी की तरह रहे। अब वह निकाह करना चाहती हैं, लेकिन नेता इसके लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से इस मामले में शिकायत भी की है।

## ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा, 3 महिलाएं समेत 5 लोगों की मौत



ग्रेटर नोएडा, 10 नवंबर (एजेंसियां)। ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की जान चली गई। हादसा उस समय हुआ जब एक कार नोएडा से परी चौक की तरफ जा रही थी और अचानक एक खराब खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। इस हादसे में कार में सवार पांच लोग बुरी तरह से फंस गए। हादसे में तीन महिलाएं और दो पुरुषों की मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और राहत टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद फंसे हुए शवों को बाहर निकाला। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे की खबर से मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने बताया कि हादसा ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में हुआ। सड़क हादसे के बाद स्थानीय लोग भी मदद के लिए मौके पर पहुंचे और घायल व्यक्तियों को बाहर निकालने की कोशिश की। पुलिस और स्थानीय लोगों की तत्परता से शवों को कार से बाहर निकाला गया। वहीं, एक अन्य घटना में गौतमबुद्ध नगर के नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे पर कार ड्राइव के टक्कर मारने से बाइक सवार एक शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना थाना रबूपुरा क्षेत्र की है और मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस को मिली शिकायत के अनुसार, अज्ञात चालक तेज गति और लापरवाही के साथ कार चला रहा था। शिकायत में कहा गया है कि कार की चपेट में आने के बाद बाइक सवार 500 मीटर तक घिसटता रहा और इसके बाद सड़क पर गिर पड़ा। पुलिस के मुताबिक, अज्ञात चालक घायल व्यक्ति को सड़क पर तड़पता छोड़कर वहां से भाग गया। पुलिस ने बताया कि घायल को इलाज के लिए जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया

## चिराग पासवान ने कहा- महिला, युवा के समर्थन से आरजेडी के मजबूत वोट बैंक 'एमवॉय' का मुकाबला करेगी एलजेपी (आर)



तरारी, 10 नवंबर (एजेंसियां)। (आरा): केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने दावा किया कि उनकी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) बिहार में महिलाओं और युवाओं के समर्थन से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मजबूत वोट बैंक 'एमवाई' (मुस्लिम और यादव) का मुकाबला करेगी। 'महिलाओं के प्रति हमारा रुख स्पष्ट है कि।।।' दरअसल, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सहयोगी चिराग पासवान ने तरारी विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री एवं जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) अध्यक्ष नीतीश कुमार सहित अन्य नेताओं की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार विशाल प्रशांत के लिए आयोजित की गई एक रैली को संबोधित किया। पासवान ने कहा, "मैं युवा नेता विशाल प्रशांत की उम्मीदवारी से खुश हूं।

मेरी पार्टी ने लोकसभा चुनावों में पांच सीट पर चुनाव लड़ा था और सभी पर जीत हासिल की थी। हमारे चार उम्मीदवार युवा थे।" लोजपा (रामविलास) नेता ने राजद का नाम लिए बिना कहा, "कुछ लोग 'एमवाई' की बात करते हैं जो जाति और धर्म के आधार पर लामबंदी है। मेरी पार्टी का भी अपना 'एमवाई' जो महिला और युवा के लिए खड़ा है। महिलाओं के प्रति हमारा रुख स्पष्ट है क्योंकि हमारे दो सांसद महिला हैं।" माना जाता है कि पासवान के राजद प्रमुख लालू प्रसाद के परिवार के साथ अच्छे व्यक्तिगत संबंध हैं।

उन्होंने प्रासद के बेटे एवं उत्तराधिकारी तेजस्वी यादव को जन्मदिन की बधाई दी और खुद को युवा नेता का "बड़ा भाई" बताया। चिराग ने की सुधाकर सिंह के बयान की निंदा पासवान ने राजद के बक्सर सांसद सुधाकर सिंह के उस बयान की निंदा की, जिसमें उन्होंने हाल ही में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं को "लाठी से पीटने" की धमकी दी थी। सिंह रामगढ़ विधानसभा से विधायक रहे थे लेकिन लोकसभा में निर्वाचित होने के बाद यह सीट खाली हो गई और इसीलिए इस सीट पर उपचुनाव जरूरी हो गया है। राजद ने रामगढ़ विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए सुधाकर सिंह के छोटे भाई अजीत को मैदान में उतारा है। पासवान ने कहा, "यह ऐसी भाषा और व्यवहार है जो हमेशा राजद की पहचान रहा है, यही कारण है कि सत्ता में रहने के दौरान पार्टी पर बिहार में जंगलराज का आरोप लगाया जाता है। मैं उस समय किशोर था और मुझे अभी भी याद है कि राज्य की खराब छवि के कारण लोगों को कितनी परेशानी झेलनी पड़ती थी।'

' 'डर का माहौल पैदा करना इंडिया गठबंधन की पहचान' एक अन्य सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा, "जिन देशों में हिंदू अल्पसंख्यक हैं, वहां दूसरे धर्मों के चरमपंथियों द्वारा हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। कनाडा इसका एक उदाहरण है। लेकिन, यह घृणास्पद है कि जब नरेन्द्र मोदी सरकार सताए गए हिंदुओं के लिए संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) लेकर आई, तो विपक्ष ने इसकी आलोचना की।" पासवान ने कहा, "डर का माहौल पैदा करना 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की पहचान बन गया है।

## पीआरडी जवान की रॉड से पीट-पीटकर हत्या

कुशीनगर, 10 नवंबर (एजेंसियां)। कुशीनगर में ड्यूटी पर तैनात पीआरडी जवान की लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पीआरडी जवान की आरोपी से कहासुनी हो गई थी। उस वक्त साथी जवान ने मामला शांत करा दिया। लेकिन, थोड़ी देर बाद आरोपी लोहे का रॉड लेकर आया। जवान रमाकांत तिवारी के सिर-चेहरे पर ताबड़तोड़ वार किए। जब तक मौत नहीं हुई, तब तक पीटता रहा। वारदात के बाद आरोपी विपिन वर्मा मौके से भागा नहीं। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पूरी घटना छितौनी कस्बे के चौकी से महज 100 मीटर की दूरी पर हुई। रमाकांत तिवारी खड्डा थाना के करदह तिवारी टोला के रहने वाले थे। उनकी ड्यूटी हनुमान गंज थाना के सिपाही आनंद तिवारी और एक पीआरडी जवान के साथ छितौनी बाजार में लगी थी। शनिवार को सिपाही दोनों पीआरडी जवानों को छोड़कर कहीं चला गया, तभी छितौनी कस्बा निवासी आरोपी विपिन वर्मा पहुंचा और पीआरडी जवान रमाकांत को गाली देने लगा। दोनों की कहासुनी हो गई। साथी पीआरडी जवान ने किसी तरह से मामला शांत कराया।

# चन्नापटना उपचुनाव में देवेगौड़ा परिवार-शिवकुमार बंधुओं की प्रतिष्ठा दांव पर, क्या होगा नतीजा ?



चन्नपटना, 10 नवंबर (एजेंसियां)। विधानसभा सीट के उपचुनाव में मुख्य रूप से जेडी(एस) के केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी और कांग्रेस के कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। दोनों नेता वोक्कालिगा समुदाय का समर्थन हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। यह चुनाव कुमारस्वामी द्वारा मांड्या लोकसभा सीट जीतने के बाद सीट से इस्तीफा देने के बाद हो रहा है। इससे उनके बेटे निखिल और कांग्रेस उम्मीदवार सीपी योगेश्वर के बीच मुकाबला है, जो पहले भाजपा में थे।

**लोकसभा चुनाव के खराब परिणाम को कवर अप करने की कोशिश**

शिवकुमार की भागीदारी कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण है, जो लोकसभा चुनावों में अपने खराब प्रदर्शन से उबरना चाहती है, जहाँ उसे 28 में से केवल नौ सीटें मिलीं। निखिल कुमारस्वामी के लिए, यह चुनाव कई चुनावी हार के बाद वापसी का मौका देता है। इस बीच, योगीश्वर को उम्मीद है कि कांग्रेस में उनके जाने से राजनीतिक पुनरुत्थान की एक सीढ़ी के रूप में उपयोग किया जा सकेगा। इस अभियान में वरिष्ठ राजनीतिक हस्तियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई है। जेडी(एस) प्रमुख एचडी देवगौड़ा ने स्वास्थ्य समस्याओं के बावजूद अपने पोते के लिए जोरदार प्रचार किया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया भी कांग्रेस उम्मीदवार का सक्रिय रूप से समर्थन कर रहे हैं। देवगौड़ा द्वारा अपने बेटे की तुलना हिमालय और शिवकुमार की तुलना टीला (टीला) से करने वाली टिप्पणियों ने प्रतिद्वंद्विता को और बढ़ा दिया है। चुनावी परिदृश्य भावनात्मक अपीलों और देवेगौड़ा परिवार तथा डीके भाइयों (शिवकुमार और डीके सुरेश) दोनों पर भूमि हड़पने के आरोपों से और भी जटिल हो गया है। देवेगौड़ा के पोते के खिलाफ कदाचार के आरोप भी इस उपचुनाव में उच्च दांव और तीव्र व्यक्तिगत प्रतिद्वंद्विता को उजागर करते हैं।

**वोक्कालिगा मतदाताओं की संख्या अधिक**

2.31 लाख मतदाताओं वाले इस राज्य में वोक्कालिगा मतदाताओं की संख्या बहुत ज़्यादा है। दोनों ही पार्टियां अपने मुख्य समर्थकों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं और साथ ही दलित, आदिवासी और मुस्लिम मतदाताओं जैसे विविध समूहों को आकर्षित करने की कोशिश कर रही हैं। उम्मीद है कि परिणाम काफ़ी कड़ा होने वाला है, दोनों ही पक्ष जीत हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, जिससे कर्नाटक में उनके राजनीतिक भविष्य और सामुदायिक नेतृत्व की गतिशीलता पर असर पड़ सकता है। यह प्रतिद्वंद्विता व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं से परे है, जो कर्नाटक में व्यापक राजनीतिक और सामुदायिक गतिशीलता को दर्शाती है। इस उपचुनाव का परिणाम न केवल तत्काल राजनीतिक भाग्य का निर्धारण करेगा, बल्कि क्षेत्र के प्रमुख समुदायों के भीतर दीर्घकालिक नेतृत्व को भी प्रभावित करेगा।

# कांग्रेस का आरोप- कटक के 3 थानों की मनाही के बाद चौथे में दर्ज हुआ रेप केस

कटक, 10 नवंबर (एजेंसियां)। ओडिशा के कटक में कांग्रेस विधायक सोफिया फिरदौस ने पुलिस प्रशासन पर एफआईआर न लिखने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पुलिस ने सामूहिक बलात्कार का शिकार बनी छात्रा की शिकायत दर्ज करने से इंकार कर दिया। बाराबती-कटक सीट से पहली मुस्लिम विधायक रही सोफिया ने पुलिस की जवाबदेही की जांच की मांग की है।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने कथित रूप से महिला को शिकायत दर्ज कराने के लिए एक पुलिस थाने से दूसरे थाने तक भेजा। पत्रकारों से बातचीत के दौरान सोफिया ने कहा कि उन्होंने डीजीपी वाई।बी। खुरानिया से इस घटना को लेकर मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा है। उनका आरोप है कि जब पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए पुलिस थाने का रुख किया, तो कटक के तीन पुलिस थानों ने इसे दर्ज करने से मना कर दिया।

**पुलिस ने मामला दर्ज करने से किया इंकार**

सोफिया ने यह भी दावा किया कि पीड़िता से मौजूदा समय में संपर्क नहीं हो पा रहा है और उसकी सुरक्षा को लेकर चिंता है। उन्होंने कहा "कटक जैसे घनी आबादी वाले शहर में ऐसी घटनाएं पहले कभी नहीं हुईं, अगर यहां ऐसी घटनाएं हो रही हैं, तो यह चिंता का विषय है।" आगे उन्होंने कहा कि मुझे सुनने को मिला है कि पुलिस ने शुरू में मामला दर्ज नहीं किया। कांग्रेस नेता का दावा है कि महिला सबसे पहले पुरी घाट पुलिस स्टेशन, फिर सदर पुलिस स्टेशन और फिर बारंग पुलिस स्टेशन गई। उसके बाद बदमबाड़ी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई।

**क्या है पूरा मामला ?**

वहीं पुलिस का कहना है कि इस मामले में वह छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि इन गिरफ्तारियों में छात्रा का प्रेमी भी शामिल है, जिन्होंने छात्रा के साथ कई बार सामूहिक बलात्कार किया और उन कृत्यों का वीडियों बनाया। छात्रा का कहना है कि कि वह अपने प्रेमी के साथ पुरी घाट पुलिस स्टेशन क्षेत्र के एक कैफे में अपनी जन्मदिन की पार्टी मनाने गई थी। प्रेमी ने कैफे के मालिक की मदद से उनके कुछ निजी पलों का वीडियो अपने फोन पर शूट किया। उसी वीडियो के जरिए प्रेमी और उसके दोस्तों ने उसे ब्लैकमेल किया और बार-बार रेप किया। कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर शून्य सहनशीलता की नीति अपनाए हुए है और 2026 तक ओडिशा को इस तरह के अपराधों से मुक्त बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## नहीं थम रहा रहा पुलिस से अभद्रता का मामला, जिला कांग्रेस ने भाजयुमो के पदाधिकारियों पर एफआईआर की रखी मांग



कटनी, 10 नवंबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश की कटनी पुलिस इन दिनों अपने ही कारनामों के चलते कलंकित हो रही है। पहले तो खुद घर (कोतवाली थाने) के अंदर अधिकारियों से लेकर कर्मियों तक गालियां सुनाई और तत्काल एक्शन लेते हुए एफआईआर दर्ज करने के बदले वीडियो के वायरल होने का इंतजार करती रही। यही नहीं जब चारों तरफ पुलिस के साथ हुई गालीगलौच के साथ अभद्रता की चर्चाएं तो खुद को सुरक्षित करने एक साधारण धाराओं के तहत 2 नामजद तो 2 अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज कर दिया। हालांकि मुख्य आरोपी भाजयुमो मंडल अध्यक्ष पारस जैन जो कोतवाली टीआई को हटाने से लेकर पुलिसकर्मियों से गाली गलौच करता रहा, उसका कही भी जिक्र नहीं किया। शायद यही वजह है कि कटनी पुलिस का हर कर्मचारी खुद को असहाय और डरा महसूस कर रहा है। दरअसल 7 नवंबर की बीती रात हुई इस घटना ने पूरे जिले की फिजा ही बदल दी। लोगों में चर्चाएं होने लगी यदि पुलिस खुद अपनी सुरक्षा नहीं कर सकती तो हमारा क्या होगा। इसी बात को लेकर जिला कांग्रेस ने कटनी पुलिस अधीक्षक से लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने घटना में शामिल दर्जन भर लोगों का नाम लिखा जाए। वहीं मुख्य आरोपियों में भाजयुमो के जो लोग गाली गलौच कर रहे हैं, उन पर भी एफआईआर दर्ज करते हुए असल धाराएं लगाने की बात कही है। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनी वर्मा ने इस घटना को शर्मनाक बताते हुए इसकी निंदा की करते हुए कहा अगर पुलिस खुद की इज्जत नहीं बचा पा रही है तो बताए हम खाकी के सम्मान में आंदोलन करेंगे। वहीं कांग्रेस नेता अमित शुक्ला ने कहा कि खाकी से मारपीट के मामले कर जीतू पटवारी ने कहा है हम जल्द ही इस पर पूरी सीरीज चलाकर बीजेपी के गुंडाराज का सच जनता के बीच लाएंगे। ज्ञापन लेने पहुंचे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार डेहरिया ने कहा कि वीडियो की जांच जारी है।

## तिहाड़ से बाहर आये युवक की मुंडका फायरिंग में हत्या, वारदात में गैंगवार की आशंका

मुंडका, 10 नवंबर (एजेंसियां)। इलाके में रात बाइक सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर एक युवक की हत्या कर दी। मृतक की शिनाख्त मुंडका गांव निवासी अमित लाकड़ा के रूप में हुई है। इस दौरान बदमाशों ने लगभग छह राउंड गोलियां चलाईं। मौके पर पहुंची पुलिस उसे घायलावस्था में पास के अस्पताल में लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत युवक गैंगस्टर अंकेश लाकड़ा का रिश्तेदार बताया जा रहा है। उसकी हत्या से दिल्ली में गैंगवार की संभावना बढ़ गई है। शाम को पुलिस को मुंडका मेट्रो स्टेशन के कालेवा रेस्टोरेंट के पास युवक को गोली मारने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस सड़क पर घायल पड़े युवक को पास के अस्पताल में लेकर गई। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मरने वाले की शिनाख्त अमित लाकड़ा के रूप में हुई है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि बाइक से आए दो युवकों ने अमित पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई हैं। उसे काफी नजदीक से गोली मारी गई है।

## चुनाव से पहले नतीजे बताओ, एक करोड़ जीतो, इंदौर के प्रोफेसर का बड़ा ऐलान



इंदौर, 10 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव चल रहा है। हर किसी की दिलचस्पी इसी में है कि किस पार्टी को कितनी सीटें मिल रही हैं और किसकी सरकार बनने जा रही है। तमाम लोग अपने-अपने अनुभव से तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। इसी बीच इंदौर के पूर्व प्रोफेसर ने दोनों राज्यों में चुनाव नतीजों को लेकर एकदम सटीक घोषणा करने वाले को एक करोड़ रुपये ईनाम देने की घोषणा की है। इंदौर की देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के पूर्व प्रोफेसर और वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ पी एन मिश्रा ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि किसी भी मांत्रिक, तांत्रिक, दरबार लगाने वाले, पर्ची निकालने वाले, पोथी पढ़ने वाले या अपने को सिद्ध पुरुष/सिद्ध माता होने का दावा करने वाले को एक करोड़ रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। यदि वह यह बता दे कि जिन दो प्रदेशों महाराष्ट्र एवं झारखंड में चुनाव होने वाले हैं, वहां विभिन्न दलों को कितनी -कितनी सीटें मिलेंगी। डॉ पी एन मिश्रा ने आगे लिखा कि गणना प्रारंभ होने के पहले ही यह बताना होगा कि किस दल को कितनी सीट मिलेंगी। अगर कोई यह नहीं बता पा रहा है तो उसे अपने आपको सिद्ध पुरुष/देवी होने का,तांत्रिक होने का या पर्ची पढ़कर भविष्य बताने आदि का दावा नहीं करना चाहिए। उन्होंने यह भी लिखा कि यदि किसी में दम है तो वह महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव परिणामों को मतगणना प्रारंभ होने के पहले सार्वजनिक मंच अथवा सोशल मीडिया पर यह बता दे कि किस पार्टी को कितनी सीट मिलने वाली है। इसके साथ उन्होंने मेल आईडी भी दिया है जिस पर लोग अपना जवाब भेज सकते हैं। दरअसल इस पोस्ट के जरिए डॉ पी एन मिश्रा ने अंधविश्वास फैलाने वालों को चुनौती दी है। उन्होंने लिखा है कि केवल ईश्वरीय व्यवस्था और अपने कर्म पर विश्वास करें ना कि किसी तांत्रिक, मांत्रिक, पर्ची पढ़ने वाले ,रजिस्टर रखने वाले, कुंडली पड़ने वाले आदि पर भरोसा करें। मेरे गुरुजी कहते थे कि कोई सिद्ध/पुरुष या स्त्री दुकान,मजमा या दरबार नहीं लगता। वह बहुत गुप्त रहता है।

## अटल सेतु से कथित गोमांस से भरी कार पकड़ी 2 गौ-तस्कर गिरफ्तार, मांस को फॉरेंसिक लैब भेजा



मुंबई, 10 नवंबर (एजेंसियां)। मुंबई के अटल सेतु पर अवैध रूप से कथित गोमांस की तस्करी करने वाली कार पकड़ी गई है। शिवडी पुलिस ने गोमांस की तस्करी करने वाले राजिक मुनीर शाह और आयन रफीक शेख को गिरफ्तार किया है। गौमांस की तस्करी की सूचना मिलने पर गौरक्षक चिरले टोल नाके पर रुके थे, जैसे ही गौमांस ले जा रही गाड़ी ने चिरले टोल गेट पार किया गौरक्षकों ने उस गाड़ी का पीछा किया। अटल सेतु पर कथित गोमांस ले जा रही गाड़ी खराब होने की वजह से बंद पड़ गई। जिसके बाद गौरक्षकों ने इस बात की सूचना पुलिस कंट्रोल 112 नंबर पर दी। शिवडी पुलिस ने मामला दर्ज कर कार से मिले मांस को जांच के लिए कलिना फॉरेंसिक साइंस लैब भेज दिया है। कुछ दिनों पहले बदलापुर से नवी मुंबई जा रही एक कार से गोमांस की तस्करी का मामला सामने आया था। बजरंग दल को गुप्त सूचना मिली थी कि लाल रंग की स्विफ्ट डिजायर कार भारी मात्रा में गोमांस ले जाया जा रहा है। बजरंग दल ने कार का पीछा किया और मानपाड़ा पुलिस को मामले की सूचना दी। मानपाड़ा पुलिस और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त कार्रवाई के दौरान कार को काटई नाका के पास रोका। कार की जब तलाशी ली गई तो उससे 800 किलो गोमांस बरामद हुआ। इस मामले में पुलिस ने आरोपी समीर को गिरफ्तार किया है। समीर बदलापुर से नवी मुंबई की ओर गोमांस की तस्करी कर रहा था। उसके खिलाफ पुलिस ने तस्करी का मामला दर्ज कर लिया। पिछले साल जून में नासिक जिले में गौरक्षकों के एक समूह ने कथित तौर पर गौमांस की तस्करी के संदेह में व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। पीड़ित अफान अंसारी अपने सहयोगी नासिर शेख के साथ कार से मांस ले जा रहा था। गौरक्षकों ने उसे रोका और जमकर पिटाई की। इसके बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई।

# देवेंद्र यादव ने आप-बीजेपी पर साधा निशाना, कहा- 'बेरोजगारी और महंगाई में दिल्ली को बना दिया नंबर वन'



नई दिल्ली, 10 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में पार्टी की न्याय यात्रा तीसरे दिन भी जारी है। दूसरे दिन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने न्याय यात्रा की शुरुआत जामा मस्जिद गेट नंबर 1 से की थी। यात्रा शुरू करने से पहले प्रदेश अध्यक्ष ने तिरंगा फहराकर उसे सलामी दी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रभारी सुखविंदर सिंह डैनी बंदाला के साथ गौरी शंकर मंदिर, शीश गंज गुरुद्वारा, सेंट्रल बैपटिस्ट चर्च और जैन मंदिर जाकर दिल्लीवालों की खुशहाली के लिए पूजा अर्चना भी की और न्याय यात्रा की सफलता का आर्शीवाद लिया। दिल्ली कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि यह यात्रा दिल्ली के हर नागरिक की आवाज बनकर न्याय, समानता, अधिकारों और उनके हक की लड़ाई लड़ने के लिए निकाली गई है। यह यात्रा दिल्ली के लोगों को न्याय दिलाने और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

**जनता का मिल रहा भारी समर्थन**

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली न्याय यात्रा को सभी वर्गों का भारी समर्थन मिल रहा है। लोग बड़ी संख्या में इस यात्रा से जुड़ रहे हैं और जनता का पूरा प्यार और विश्वास मिल रहा है। यह समर्थन दिल्ली के लोगों के विश्वास को दर्शाता है कि कांग्रेस उनके हित में काम कर रही है। बीजेपी और आम आदमी पार्टी कांग्रेस की दिल्ली न्याय यात्रा की सफलता और उमड़ती भीड़ को देखकर हताश और परेशान हो गई है।

उन्होंने कहा कि बीजेपी और आम आदमी पार्टी दोनों ने दिल्ली को बेरोजगारी और महंगाई में नंबर वन बना दिया है। देवेंद्र यादव ने कहा, बीजेपी और आप को दिल्ली की जनता ने तीन-तीन बार मौका दिया, लेकिन इन्होंने अपनी राजनीति साधने के लिए जनता को सिर्फ धोखा दिया। उनके किए गए वादे, झूठे, खोखले और पूरी तरह से बेबुनियाद साबित हुए हैं।

## महज पक्षपात के शक पर न्यायिक अधिकारियों को मामले पर कार्यवाही से नहीं हटा सकते, बॉम्बे हाईकोर्ट की टिप्पणी

मुंबई, 10 नवंबर (एजेंसियां)। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि किसी भी न्यायिक अधिकारी से किसी मामले पर कार्यवाही सिर्फ इसलिए स्थानांतरिक नहीं की जा सकती, क्योंकि उस पर किसी पक्ष ने आरोप लगाए हैं। दरअसल, मामला लीलावती अस्पताल के ट्रस्ट संस्थापक की ओर से चैरिटी कमिश्नर पर लगाए पक्षपात के आरोपों से जुड़ा है। इसी मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट की जस्टिस शर्मिला देशमुख की एकल पीठ ने यह टिप्पणी की। हाईकोर्ट ने लीलावती अस्पताल के ट्रस्टियों के बीच चल रहे विवाद के मामले को चैरिटी कमिश्नर से किसी और न्यायिक अधिकारी के पास स्थानांतरित करने से इनकार कर दिया। जज ने पाया कि इस मामले में चैरिटी कमिश्नर पर पक्षपात की कोई भी ठोस वजह नहीं पाई गई।

## व्यापारी से रंगदारी मांगे जाने पर मनीष सिसोदिया का बीजेपी पर हमला, कहा- 'गैंगस्टरों के नेटवर्क को बचाने के चक्कर में '



नई दिल्ली, 10 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली में व्यापारियों से रंगदारी मांगे जाने की घटना अब पुलिस के लिए सिर दर्द बन गई है। राष्ट्रीय राजधानी में आए दिन बदमाश शोरूम पर फायरिंग कर रंगदारी की पर्ची छोड़ जाते हैं या कॉल और मैसेज के जरिए रंगदारी मांगते हैं। ताजा मामला रोहिणी इलाके का है, जहां सर्राफा व्यापारी को कॉल करके वसूली के लिए धमकी दी गई है। इस बीच आप नेता मनीष सिसोदिया ने दिल्ली में बढ़ रहे क्राइम को लेकर बीजेपी पर हमला बोला है। मनीष सिसोदिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर ट्वीट कर कहा, दिल्ली में आज सुबह सुबह फिर एक व्यापारी से रंगदारी मांगे जाने की खबर है। कोई ऐसा दिन नहीं बीत रहा जब दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों से सरेआम गोलीबारी या रंगदारी मांगने की खबर न आ रही हो। गैंगस्टरों के नेटवर्क को बचाने के चक्कर में बीजेपी ने कानून व्यवस्था का बेड़ा गर्क कर दिया है। इतनी बुरी हालत कभी नहीं देखी।

**सर्राफा व्यापारी से मांगी रंगदारी**

दरअसल, रोहिणी के ज्वेलर को गैंगस्टर काला जठेडी गैंग के नाम से वसूली के लिए मोबाइल पर धमकी दी गई है। जानकारी के अनुसार, एक ऑडियो वायरल हो रहा है, जिसमें काला जठेड़ी के नाम पर कॉल करके वसूली के लिए धमकी दी जा रही है। पैसे नहीं देने पर नतीजा भुगतने के लिए तैयार रहने को कहा है। इतना ही नहीं, इस ऑडियो में आरोपी ने धमकी दी कि पुलिस भी तुझे नहीं बचा पाएगी।

## सीएम का पहला विदेश दौरा, ब्रिटेन और जर्मनी में निवेशकों से करेंगे मुलाकात, 24 को मुंबई से होंगे रवाना

भोपाल, 10 नवंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री मोहन यादव 24 नवंबर को मुंबई से अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर रवाना होंगे, जिसमें वे यूके और जर्मनी के विभिन्न उद्योगपतियों और निवेशकों से मुलाकात करेंगे। यह यात्रा फरवरी 2025 में मध्य प्रदेश में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) के मद्देनजर की जा रही है। यादव का प्रयास है कि वे राज्य में निवेश के नए अवसरों ला सकें और विदेशी निवेशकों को इस आयोजन के लिए आमंत्रित कर सकें। यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री यादव के साथ उनके प्रमुख सचिव सचिव संजय शुक्ला, उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी होंगे। यह टीम यूके और जर्मनी में विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगी और उन्हें मध्य प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित करेगी।

## गोट्टिकोया आदिवासियों की स्थिति पर एसटी आयोग ने मांगी रिपोर्ट, माओवादी हिंसा की वजह से हुए हैं विस्थापित

नई दिल्ली, 10 नवंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने केंद्रीय गृह मंत्रालय और चार राज्यों को नोटिस जारी कर गोट्टिकोया आदिवासियों की स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट दायर करने के लिए कहा है। माओवादी हिंसा की वजह से छत्तीसगढ़ छोड़ने के लिए मजबूर हुए आदिवासी फिलहाल महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में खराब हालात में रहने को मजबूर हैं। इसके चलते इन पड़ोसी राज्यों में उन्हें सामाजिक सुरक्षा से जुड़े लाभ भी नहीं मिल पा रहे हैं। आयोग ने अनुरोध किया है कि गृह मंत्रालय का एक सचिव स्तर का अधिकारी और संबंधित राज्यों के मुख्य सचिव 9 दिसंबर को इस मुद्दे पर चर्चा के लिए मुलाकात करें और समुदाय को जरूरी मदद मुहैया कराने के लिए जल्द नीतिगत फैसला लें। मंत्रालय को शुक्रवार को भेजी गई चिट्ठी में आयोग ने कहा है कि उसे मार्च 2022 को एक याचिका मिली थी। इसमें गोट्टिकोया समुदाय के लोगों के 2005 में ही छत्तीसगढ़ छोड़ने और पड़ोसी राज्यों में बसने की बात कही गई थी।

# महाराष्ट्र में चुनावी माहौल में करोड़ों की शराब जब्त, दर्जनों गिरफ्तार

नासिक, 10 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र चुनाव से पहले नासिक पुलिस ने चुनाव प्रक्रिया की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक कार्य योजना शुरू की है। 15 अक्टूबर को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से एक महत्वपूर्ण अभियान चलाया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न अपराधों के लिए 17,000 व्यक्तियों की गिरफ़्तारी हुई है। नासिक रेंज के महानिरीक्षक (विशेष) दत्तात्रेय कराले ने बताया कि यह कार्रवाई चुनाव अवधि के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। इस अभियान में न केवल गिरफ़्तारी बल्कि 49 करोड़ रुपये की वस्तुओं की ज़ब्ती पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है, जो इस कानून प्रवर्तन अभियान की व्यापक पहुँच को दर्शाता है। जब्त की गई वस्तुओं में 6।5 करोड़ रुपये नकद, साथ ही भारी मात्रा में अवैध पदार्थ और कीमती धातुएँ शामिल हैं - जिसमें 3 करोड़ रुपये मूल्य का गांजा और गुटखा, 5।5 करोड़ रुपये की शराब और 34 करोड़ रुपये तक का सोना शामिल है। ये जब्तियाँ वित्तीय अपराधों से लेकर मादक द्रव्यों के सेवन और मूल्यवान वस्तुओं के अवैध व्यापार तक, अपराधों की विविध प्रकृति को उजागर करती हैं। इसके अलावा, पुलिस ने 52 आग्नेयास्त्र और 183 अन्य हथियार बरामद किए हैं, जो हिंसा और अशांति की संभावना को रेखांकित करते हैं जिसे अधिकारी चुनावों से पहले कम करने का प्रयास कर रहे हैं।

**बढ़ी सुरक्षा और अंतर-राज्यीय सहयोग**

आगामी 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सुरक्षा को मजबूत करने के लिए, नासिक पुलिस ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 84 टुकड़ियों को तैनात करके अपने प्रयासों को तेज कर दिया है। इस पर्याप्त उपस्थिति का उद्देश्य आपराधिक गतिविधियों को रोकना और शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करना है। इसके अलावा, नासिक पुलिस अलग-थलग होकर काम नहीं कर रही है। उन्होंने पड़ोसी राज्यों, गुजरात और मध्य प्रदेश में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ एक सहयोगी ढांचा स्थापित किया है। आरोपी व्यक्तियों के बारे में जानकारी साझा करके और राज्य की सीमाओं पर 38 चौकियाँ स्थापित करके, उन्होंने तलाशी और संयुक्त अभियानों के माध्यम से आठ से दस अपराधियों को पकड़ने में मदद की है। चुनावों के लिए सुरक्षित माहौल बनाने में यह सीमा पार सहयोग महत्वपूर्ण है, क्योंकि अपराधी अक्सर पकड़ से बचने के लिए राज्य की सीमाओं का फायदा उठाते हैं। कराले ने नागरिक कर्तव्य और चुनाव प्रक्रिया में पुलिस बल की सक्रिय भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की कि कम से कम 75 प्रतिशत पुलिसकर्मी अपने मताधिकार का प्रयोग करें, लोकतंत्र में नागरिक और हितधारकों के रूप में कानून प्रवर्तन अधिकारियों की भूमिका को रेखांकित किया। इसके अतिरिक्त, कराले ने जनता को पुलिस के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया, उनसे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करने या प्रासंगिक जानकारी साझा करने का आग्रह किया।

## फैक्ट्री के खंडहर में 'काला खेल', 18000 नशे के इंजेक्शन जब्त, पुलिस ने डीलर को दबोचा

जबलपुर, 10 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में अवैध शराब, गांजे और नशीले इंजेक्शन की सप्लाई हो रही है। वहीं जबलपुर पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए बीते कई दिनों से फरार चल रहे आरोपी महेश विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से पुलिस ने 11 लाख की कीमत के 18 हजार नशीले इंजेक्शन जब्त किये हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। जबलपुर क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एनडीपीएस एक्ट का फरार आरोपी महेश साहू व्हीकल फैक्ट्री के खंडहर हो चुके क्वार्टर में छुपा हुआ है। इस बात की जानकारी होते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने की योजना बनाई। इसके बाद क्राइम ब्रांच और थाना कोतवाली पुलिस ने आरोपी के ठिकाने पर छापा मारा। पुलिस को देखते ही आरोपी ने भागने की कोशिश, लेकिन पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ लिया। पुलिस को आरोपी के ठिकाने से चेकिंग के दौरान 9 कार्टूनों में 18 हजार बुप्रेनोरफिन हाइड्रोक्लोराइड इंजेक्शन मिले, जो कि सरकार ने बैन कर रखे है। पकड़े गए इस माल की कीमत करीब 11 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए नशीली इंजेक्शन को लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इससे पहले कोतवाली पुलिस ने 29 जुलाई 2023 को गोपालबाग के तलाब के पास से राजू विश्वकर्मा को नशीले इंजेक्शन बेचते हुए पकड़ा था। जिसके पास से पुलिस ने 200 नशीले इंजेक्शन जब्त किए थे। पूछताछ में राजू ने बताया था कि एम।एन। फार्मा मनी प्लाजा बड़ी ओमती के संचालक नीरज परियानी ने नशीले इंजैक्शन बेचने के लिए दिए थे। पुलिस ने इस मामले में नीरज परियानी को गिरफ्तार किया। नीरज ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि आनंद कालोनी के एक मकान में मैंने बेचने के लिए नशीले इंजेक्शन छुपकर रखे है। जिसके बाद पुलिस ने नीरज की निशानदेही पर 38 लाख रुपये की कीमत के 62 हजार इंजेक्शन जब्त किये।

## आदमखोर तेंदुआ को कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम ने पकड़ा हुआ पिंजरे कैद

उमरिया, 10 नवंबर (एजेंसियां)। उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र अंतर्गत मानपुर क्षेत्र के खोरी बीट के कक्ष क्रमांक पीएफ 371 में तेंदुए का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया गया। यह तेंदुआ आदमखोर था और कई लोगों को अपना शिकार बना लिया था, जिससे लोग काफी परेशान थे और आखिरकार उस पर वन विभाग ने उस पर शिकंजा कस लिया है। वन विभाग की टीम से मिली जानकारी के अनुसार रेस्क्यू के दौरान तेंदुए को पिंजरे में कैद करते समय तीन स्टाफ के साथ दो ग्रामीण भी घायल हो गए, जिन्हें तत्काल मानपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कर दिया गया। इसके अलावा तेंदुए को पिंजरे में ताला लाया गया और चिकित्सकों की निगरानी में उसका इलाज किया जा रहा है। इसके अलावा तेंदुए को चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है और उसका इलाज किया जा रहा है।

स्वतंत्र वार्ता

सोमवार, 11 नवंबर- 2024

# पाक का नापाक प्लान

पड़ोसी पाकिस्तान बार-बार मुंह की खाने के बाद भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। वह किसी भी कीमत पर आतंक के रास्ते को छोड़ने को तैयार नहीं है। जगजाहिर बात है कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के रास्ते आतंकवाद को बढ़ावा देता आ रहा है। इस बार कश्मीर में आतंकवाद को फिर से जिंदा करने के लिए वह सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहा है। भारत विरोधी पोस्ट डालने के लिए लगभग एक महीने से पाकिस्तान और पीओके स्थित आतंकी हैंडल सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं। भारत की जांच एजेंसियां जम्मू-कश्मीर में स्थानीय स्तर पर आतंकियों की भर्ती पर निगहबानी तेज कर दी है। खुफिया एजेंसियों ने फेसबुक, एक्स, टेलीग्राम, डार्क वेब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आतंकवाद से जुड़े चिन्हित खातों का विश्लेषण किया है। इसमें अक्टूबर-नवंबर में ही 2,000 से ज्यादा ऐसी पोस्ट हैं जो चिंताजनक हैं। जबकि 2023 की इसी अवधि में ऐसी केवल 89 पोस्ट देखी गई थीं। इसमें लगभग 2,016 आपत्तिजनक पोस्ट में से 130 से ज्यादा पोस्ट आतंकवाद और भारत विरोधी थीं, 33 पोस्टें अलगाववाद और अलगाव को समर्थन दे रही थीं, और 310 पोस्ट स्कूलों जैसे सार्वजनिक स्थानों और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाने की धमकी से भरी थीं। सोशल मीडिया के जरिए जम्मू-कश्मीर के युवाओं के मन को प्रभावित कर उन्हें राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए कट्टरपंथी बनाने की कोशिशें की जा रही हैं। ऐसा ही कुछ 2016 में भी देखा गया था जब हिज्बुल मुजाहिदीन के युवा आतंकवादी बुरहान वानी को मारे जाने से पहले एक आतंकी प्रतीक में बदल दिया गया था। 2023 में 22 और 2022 में 113 स्थानीय युवाओं के मुकाबले इस साल नवंबर तक जम्मू-कश्मीर में सिर्फ चार स्थानीय लोग ही आतंकवादी गतिविधियों में शामिल पाए गए हैं। इनमें से दो शोपियां से और एक-एक श्रीनगर और त्राल से हैं। वास्तव में, जम्मू-कश्मीर में इस समय केवल 30 स्थानीय आतंकवादी सक्रिय हैं, जबकि 75-80 विदेशी आतंकवादी हैं। केंद्र सरकार की नीतियों के तहत न केवल आतंकवादियों से निपटने पर ध्यान केंद्रित किया गया था, बल्कि फंडिंग बंद करके और जमीनी समर्थकों पर नकेल कसते हुए, सरकारी नौकरी और पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस आदि के लिए मंजूरी न देकर आतंकवाद के पूरे तंत्र की रीढ़ की हड्डी तोड दी थी। बहरहाल, जम्मू-कश्मीर के युवाओं तक सोशल मीडिया के जरिए पहुंच बढ़ाने की आतंकवादी संगठनों की कोशिशें ऐसे समय में हो रही हैं जब केंद्रशासित प्रदेश में एक निर्वाचित सरकार बन चुकी है। एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि क्या जम्मू-कश्मीर में बदले हुए सत्ता समीकरणों की वजह से आतंकियों ने फन उठाना शुरू कर दिया है। बहरहाल, पुलिस का नियंत्रण अब भी उपराज्यपाल के पास है। हाल ही में खुफिया जानकारी मिली थी कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने निकट भविष्य में अपने आतंकी सहयोगियों के जरिए कश्मीर में जमात-ए-इस्लामी के एक दर्जन से ज्यादा नेताओं को निशाना बनाने की योजना बनाई है। यह लोगों में अशांति पैदा करने या हाल ही में जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव लड़ने के जमात-ए-इस्लामी के फ़ैसले से जुड़ा हो सकता है। इस बीच, जम्मू-कश्मीर में ड्रोन गतिविधि चिंता का विषय बनी हुई है। 2023 की इसी अवधि में 31 ड्रोन देखे जाने की तुलना में इस साल अक्टूबर तक 40 ड्रोन देखे गए हैं। आए दिन आने वाले ड्रोन से निपटना भी अब जरूरी हो गया है, अन्यथा यह देश के लिए कभी भी घातक हो सकता है।

# पूँजीवाद चाँद सितारों तक



रघु ठाकुर

अमेरिका के बड़े उद्योगपति ऐलन मस्क जो स्टारलिंक के मालिक हैं, कि तकनीकी शक्ति और संपदा की कल्पना करना मुझ जैसे आम आदमी की समझ से परे है। स्टारलिंक आज दुनिया में सबसे अधिक सैटेलाइट तकनीक को देने वाली कंपनी है जिसके अंतरिक्ष में लगभग 7 हजार सैटेलाइट स्थापित हैं। इस वर्ष यह कंपनी 1300 सैटेलाइट और स्थापित कर रही है यानि सैटेलाइट की संख्या बढ़कर 20000 के करीब हो जायेगी। उनकी योजना 2031 तक समूचे अंतरिक्ष में या कहा जाये तो सारी दुनिया के ऊपर आसमान में 40 हजार सैटेलाइट स्थापित करने की है। इसका मतलब होगा कि दुनिया के हर देश में उनके दो ढाई सौ सैटेलाइट होंगे और एक प्रकार से दुनिया इन नये तकनीकी 40000 तारों का दर्शन करेगी और उसके प्रभाव की परिधि में होगी। अमेरिका जो सुपर पावर है वह भी ऐलन मस्क के स्टारलिंक के पीछे है। अमेरिका में सरकार के यानि नासा के मुश्किल से 700 सैटेलाइट हैं। भारत में तो मात्र 70 ही सैटेलाइट हैं और उनकी कार्य क्षमता भी अभी सिद्ध होना बकाया है यानि भारत से 100 गुना और अमेरिका से 10 गुना ज्यादा सैटेलाइट स्टारलिंक के पास हैं। अभी तक हम लोग जब देश के उद्योगपतियों या धनाढ्यों की चर्चा करते हैं तो उनमें अम्बानी प्रथम होते हैं जिनकी संपदा 13 लाख करोड़ के आसपास है और शायद ये रेटिंग एजेंसी के अनुसार दुनिया में उनका तीसरा या चौथा नंबर है। अडानी जो करीब 10 लाख करोड़ की संपत्ति के मालिक हैं, वो अभी तक अंबानी से पीछे हैंऔर शायद दुनिया में 7वें या 8वें नंबर पर हैं। बिल गेटस जो कभी दुनिया में पहले नंबर पर थे अभी कुछ नीचे आये हैं और वारेन बफेट भी जिनके पास 70 लाख करोड़ रुपया यानि भारत के सरकारी बजट से लगभग 2 गुना नगदी है अब ऐलन मस्क उनको भी चुनौती देकर पार करने की स्थिति में हैं। कभी माकर्स ने पूंजीवादी विकास के क्रम को बताते हुए लिखा था कि बड़ा कारखाना छोटे कारखाने को निगलेगा। पूंजीवाद का सिद्धांत भी यही है कि बड़ी मछली छोटी को खा जाती है। परंतु अब वह पारंपरिक पूंजीवादी ना केवल बहुत नीचे पहुंच जायेगा बल्कि वह सैटेलाइट तकनीक से इन मालिकों की कठपुतली बनेगा। भारत में तो इसका असर दिखना स्पष्ट हो गया है कि भारत के जो दो अमीर माने जाते हैं ये पिछले दिनों याने भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से जाकर मिले और उनसे अनुरोध किया है कि स्टारलिंक को भारत के आसमान में याने सैटेलाइट क्षेत्र में मंजूरी ना दी जाये। ऐसा बताया जाता है कि प्रधानमंत्री ने उन्हें यह रोक लगाने में यह कहकर असमर्थता व्यक्त की है कि हम तकनीक के विकास और उसके प्रयोग को कैसे रोक सकते हैं। शायद अडानी व अंबानी को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से ऐसे उत्तर की अपेक्षा नहीं रही होगी और सुना है कि वे अब सुप्रीम कोर्ट की शरण लेने की तैयारी में हैं। यह भी संभव है कि सर्वोच्च न्यायालय की शरण में जाने के लिए उनके और प्रधानमंत्री जी के बीच में अलिखित समझ बनी हो, क्योंकि प्रधानमंत्री जी भी यह जानते हैं कि अगर ये सरकारी स्तर से रोक लगाने का प्रयास करते हैं तो वह असंभव नहीं तो कठिन तो होगा ही। बल्कि उनके लिए वैश्विक स्तर पर नये प्रचार की चुनौती खड़ी करेगा जो उनके निजी भविष्य के साथ-साथ राष्ट्र के भविष्य के लिए भी कुछ चिंतायें निर्मित कर सकता है। यद्यपि अभी मैं उसमें विस्तार से नहीं जाना चाहूँगा। तकनीक कैसे तकनीक को बाईपास या हजम कर प्रभावी बनाती है यह दुनिया में देखा जा सकता है। एक जमाने में जब लोगों ने पैदल चलना कम किया तो घुड़सवारी शुरू की। युद्ध भी घोड़े पर बैठकर लड़े जाते थे। कहीं-कहीं इन युद्धों में, रथों में या सवारी में भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार ऊँट और हाथियों का भी प्रयोग किया गया था। फिर कालांतर में विशेषतरू द्भषि काल में हाथी, ऊँट व घोड़ों के स्थान पर बैलों का प्रयोग शुरू हुआ और लोगों ने कहीं पर बैलगाड़ियों का और कहीं पर बग्गी के नाम पर भैंसा गाड़ियों का प्रयोग शुरू हुआ और फिर धीरे-धीरे घोड़ागाड़ी, बैलगाड़ी, बग्गी आदि सब लुप्त जैसे हो गये तथा गाँव में द्भषि के लिए आदमी व बैल के स्थान पर हल बखर आये, फिर हल बखर के बाद ट्रैक्टर आया। इसी प्रकार यात्रा के लिए मोटरसाइकिल, कार और फिर विमान तक पहुंच गये। इसी प्रकार जलयान के लिये, नाव उसके पहले लकड़ी के लटठे, कुट्टीमाटी व नाव फिर पानी के जहाज, अब जलपोत, हवाई जहाज आदि फिर कितने ही प्रकार के उच्चतम गतियों वाले साधन आ चुके हैं। संचार के क्षेत्र में जमीनी फोन आये फिर मोबाइल आये और अब तो एंड्रोइड तकनीक और इंटरनेट ने न केवल उन पुराने टेलीफोन सिस्टम को लगभग समाप्त कर दिया है बल्कि डाकतार विभाग पर भी ताले डलवा दिये हैं। जाहिर है कि जब किसी भी क्षेत्रों में कोई बड़ी तकनीक आती है तो वह न केवल पुरानी तकनीक को खाती है बल्कि उसके माध्यम से रोजगार पाने वालों को भी रोजगार से बाहर करती है। आज गाँवों में 22 करोड़ खेतिहर मजदूरों का स्थान 50-60 लाख ट्रेक्टरों ने या 2-3 लाख हारवेस्टर्स ने ले लिया है। देश के 50 लाख से 1 करोड़ कपड़ा धोने वाले इंसानों का स्थान 10-15 लाख वाशिंग मशीनों ने ले लिया है। अंबानी की चिंता भी यही है कि उनके जिस जियो ने पुराने सभी संचार साधनों को खत्म कर अपना पेट भरा है अब जियो को घरों तक पहुंचाने के लिए सैटेलाइट तकनीक आ रही है। यह सुनिश्चित है कि अंबानी परिवार की संपत्ति धीरूभाई के पेट्रोल पंप की नौकरी की नहीं है बल्कि देश की जनता की सामूहिक पूंजी और मोबाइल और इंटरनेट की कमाई है। और इसी मनमानी कमाई (लूट) के ऊपर उन्होंने अपने थुलथुल बेटे की शादी के दिखावे पर कई हजार करोड़ रुपये खर्च किए थे और लगभग 100 दिन उनके बेटे का विवाह महोत्सव देश से लेकर दुनिया भर में चला था। जब यह इंटरनेट मोबाइल आया था तो पुराने टेलीफोन वाले रोये थे और जियो मुस्कुराया था। अब जब जियो मरेगा और सैटेलाइट तकनीकी आयेगी तब जियो रोयेगा और उनके समान विक्रेता एयरटेल सुनील भारती आदि लोग भी रोयेंगे तथा स्टारलिंक के सितारे आसमान से मुस्कुरायेंगे। यही है पूंजीवाद जो गाँव-नगर के बाजार से शुरू हुआ और अब चांद सितारों तक पहुंच गया है।सैटेलाइट तकनीक का एक बड़ा प्रभाव देश और दुनिया में बड़ी रोजगार की आबादी पर भी पड़ेगा। एक अनुमान के आधार पर देश के इंटरनेट और एंड्राइड टेक्नालॉजी के व्यापार में, मोबाइल की दुकान वाले, मोबाइल बनाने वाले, दुनिया की चिप बनाने वाले, मोबाइल सुधारने वाले और ऐसी अन्य सहयोगी काम वाले 40-50 लाख लोग होंगे तो वे अब सब कोई अन्य रोजगार की दुनिया तलाशने को लाचार होंगे। दुनिया की बड़ी-बड़ी चीनी, कोरियाई, वियतनाम आदि की चिप बनाने वाली कंपनियां भी मंदी में जायेंगी क्योंकि सैटेलाइट फोन में कोई चिप नहीं होगी, उसका निर्माण केवल एलन मस्क करेंगे, उसमें न कोई स्पेक्ट्रम की नीलामी होगी, स्पेक्ट्रम के नीलामी में भ्रष्टाचार का मामला भी खत्म होगा और 2जी स्पेक्ट्रम के नाम पर लाखों करोड़ों के घोटाले की चर्चा के आधार पर सरकारों को बदलने वाला भ्रष्टाचार और ईमानदार के पटटे बांटने वाला खेल भी खत्म हो जायेगा।
सैटेलाइट फोन का निर्माण व बिक्री भी केवल एलन मस्क करेंगे, क्योंकि उस फोन रूपी मशीन में जीवन देने वाली क्षमता का सैटेलाइट केवल उन्हीं के पास होगा। अब रोबोट उद्योग पर भी इसका व्यापक असर पड़ेगा और जो बड़ी कंपनियां अभी एआई से चल रही हैं उनको चलाने के लिए आज की तकनीक के मालिक बदल जायेंगे। आज अमेजन कंपनी जो दुनिया की सबसे बड़ी मार्केटिंग कंपनी है, जिसका मुख्यालय 32 लाख वर्ग फीट जमीन में अमेरिका के सीऐटल वाशिंगटन में है और जिसमें 7 हजार रोबोट हैं जो औसतन प्रतिदिन 5 लाख ऑडर्स की पूर्ति करते हैं। यानि जिस काम में लगभग 1 लाख लोगों को रोजगार मिलता है उस पर 7 हजार मशीनी मानव काम कर रहे हैं। अमेरिका में अमेजन के वेयरहाउस पर तो लगभग साढ़े 7 करोड़ लाख रोबोट काम कर रहे हैं, जिनमें स्पेरो रोबोट चंद सेकेंड में 20 करोड़ सामनों में से मांगा गया सामान खोज देता है। एआई टनल, चंद मिनटों में खराब सामान छांट देती है और इसी प्रकार से पैकेटस और सीलिंग हो जाती है।

# दुनिया की 14 फीसदी आबादी के सामने जल संकट की आशंका



अशोक भाटिया

दुनिया भर में पीने के साफ पानी की किल्लत विकराल समस्या बनती जा रही है। धरती पर मौजूद पानी का 97 फीसद समुद्रों में है और तीन फीसद ही पीने योग्य है। संयुक्त राष्ट्र की एक रपट के अनुसार 2025 तक दुनिया की चौदह फीसद आबादी के सामने जल संकट खड़ा हो जाएगा। अगर पानी की बर्बादी रोकने और जल संरक्षण के उपाय नहीं किए गए तो हालात और खराब हो सकते हैं। धरती पर पानी की खपत लगतार बढ़ रही है। यूनेस्को की ताजा रपट के मुताबिक इस वक्त दुनिया की दस फीसद आबादी गंभीर जल संकट का सामना कर रही है। यह संकट समय के साथ-साथ और गहराता जा रहा है। दुनिया की आबादी का करीब 18 फीसद हिस्सा भारत में रहता है, लेकिन यहां भी धरती के ताजा पानी के स्रोत का केवल तीन से चार फीसद ही उपयोग लायक है। देखा जाय तो भारत में पानी की बर्बादी पर लोग आम तौर पर परेशान नहीं होते हैं। शहर हो या गांव, हर जगह लोग पानी का बेतहाशा इस्तेमाल कर रहे हैं। सरकारें भी इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दे रही हैं। लेकिन भारत में पानी की कमी कितनी भयावह हो सकती है इसका अंदाजा आप यूनेस्को की इस रिपोर्ट से लगा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को की रिपोर्ट के अनुसार साल 2025 तक भारत में पानी की समस्या बहुत ज्यादा बढ़ जाएगी। ऐसी आशंका भी जताई गई है कि जल संरक्षण की कमी, प्रदूषण, अतिक्रमण, शहरीकरण और ग्लेशियर पिघलने के कारण आने वाले समय में गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी हिमालयी नदियों का प्रवाह कम हो जाएगा। यूनेस्को की रिपोर्ट की मानें तो साल 2016 में धरती पर 9.33 करोड़ आबादी पानी के संकट से जूझ रही थी। उसके बाद कई देशों में जल-संकट काफी तेजी से बढ़ा। रिपोर्ट में एक और बड़ा दावा ये भी किया गया है कि एशिया में लगभग 80 प्रतिशत आबादी जल संकट से जूझ रही है। यह संकट पूर्वोत्तर चीन, भारत और पाकिस्तान पर सबसे ज्यादा है। महाराष्ट्र में पारा 40 के पार पहुंच जाता है। चिलचिलाती धूप के कारण मुंबई को जलापूर्ति करने वाले जलाशय तेजी से सूखते रहते हैं। मुंबई को पानी आपूर्ति करने वाली सातों झीलों का पानी जुलाई में खत्म हो जाता है । झीलों में पानी का मौजूदा स्तर मुंबईकरों को चिंतित कर रहा है। मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाले सात जलाशयों में फिलहाल 16 फीसदी पानी बचा है और पिछले साल की तुलना में यह भंडार काफी कम है। मौसम विभाग ने भी चेतावनी दी है कि अगले कुछ दिन इसी तरह गर्मी जैसे हालात बने रहेंगे, जिसके चलते मुंबई में 15 से 20 फीसदी पानी की कटौती का संकट पैदा हो गया है। हालांकि बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) ने लोगों को सांत्वना देते हुए कहा है कि शहर में जल आपूर्ति कर रहे सात जलाशयों का भंडार वर्ष के अंत तक रहेगा और निवासियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है समग्र जल प्रबंधन सूचकांक (सीडब्ल्यूएमआई) की रिपोर्ट के मुताबिक वर्तमान में भी भारत के प्रमुख 21 शहरों में लगभग 10 करोड़ लोग पानी की भीषण समस्या से जूझ रहे हैं। देश में साल 1994 में पानी की उपलब्धता प्रति व्यक्ति 6 हजार घन मीटर थी जो साल 2025 तक घटकर 1600 घन मीटर रह जाने की संभावना जताई गई है। इसके अलावा देश की बढ़ती आबादी भी जल संकट का एक बड़ा कारण माना जा रहा है। ऐसे में वर्तमान में जल को संरक्षित नहीं किया गया तो आने वाले सालों में लोगों को पीने का पानी तक ढंग से मुहैया करवाना सरकार के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है। जल को संरक्षित करने के किसी भी प्लान को बनाने के लिए सरकार के पास देश के सभी नदियों और जलाशयों का डेटा होना चाहिए। जो कि सबसे बड़ी चुनौती है। दरअसल वाटर रिसोर्सेज इनफॉरमेशन सिस्टम के पास जलाशय और नदियों का आंकड़ा तो मौजूद है लेकिन अलग-अलग शहरों के छोटी नहरों का कोई डाटा मौजूद नहीं है जिन्हें ग्रामीण भारत की जीवन रेखा माना जाता है और यही नहरें बाढ़ रोकने के लिए बहुत ही ज्यादा कारगर होती हैं।
इसके अलावा भारत में पानी के आंकड़े तैयार करने वाली एजेंसियां राज्य स्तर पर हैं और ये राज्य इन डाटा को तैयार करने के विकेंद्रीकृत और लोकल मैकेनिज्म का उपयोग करती हैं।ऐसे में जल निकायों का प्रबंधन करने के लिए, हमें औपचारिक डेटा के साथ एकीकृत करने के लिए समुदायों के प्रासंगिक और पारंपरिक ज्ञान की आवश्यकता है। आज दुनिया का बड़ा हिस्सा अपनी दैनिक आवश्यकताओं के लिए पानी की कमी से जूझ रहा है। इस समस्या को समझते हुए विश्व में पानी की बर्बादी रोकने, महत्व समझने, संरक्षण करने और सही मात्रा में पानी का इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए तरह तरह की योजनाएं और तरीके निकाले जाने जरुरी हैं। भारत में ज्यादातर जल स्रोत जैसे तालाब, कुएं, नहर, नदियां सूखती और प्रदूषित होती जा रही हैं। ये जल संकट की ओर इशारा है, इसलिए इस स्थिति में जल्द से जल्द परिवर्तन लाना बेहद जरूरी है। शहरों में नहर होने के कई फायदे होते हैं ये नहर बारिश के पानी को संरक्षित करने का सबसे आसान और कारगर तरीका है । सामान्य तौर पर, गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान जैसे शुष्क राज्यों में बहुत सारी नहरें और छोटे- छोटे जलाशय बनाए जाते हैं। सूखाग्रस्त राज्यों में नहरों और छोटे छोटे जलाशयों का का मुख्य रूप से सिंचाई और भूजल पुनर्भरण के लिए उपयोग किया जाता है। केरल, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में नहर का इस्तेमाल घरेलू उपयोग और मछली पालन के लिए भी किया जाता है। जल शक्ति मंत्रालय ने अप्रैल 2023 में भारत की पहली जल निकायों की जनगणना की रिपोर्ट जारी की है, जो देश में तालाबों, टैंकों, झीलों और जलाशयों का एक व्यापक डेटा बेस है। जनगणना के अनुसार भारत में तालाबों, टैंकों और झीलों जैसे 24.24 लाख जल निकाय हैं। पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा 7.47 लाख जल संरचनाएं हैं जबकि सिक्किम में सबसे कम 134 जल संरचनाएं हैं। जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जारी जल संख्या गणना के मुताबिक भारत में कुल 24.24 लाख जल संरचनाएं हैं, जिनमें से 97.1 प्रतिशत यानी 23.55 लाख ग्रामीण क्षेत्रों में हैं और केवल 2.9 प्रतिशत यानी 69,485 शहरी क्षेत्रों में हैं। इसी जनगणना के मुताबिक टैंकों की सबसे ज्यादा संख्या आंध्र प्रदेश में है, जबकि तमिलनाडु में सबसे ज्यादा संख्या झीलों की है।

# कार्तिक शुक्ल दशमी को श्रीकृष्ण ने किया था कंस का वध

अशोक "प्रवृद्ध"

लंकेश रावण का वध अर्थात रावण दहन का प्रतीक रूप में आयोजन देश भर में आश्विन शुक्ल दशमी अर्थात विजयादशमी को जिस तरह किया जाता है, उसी प्रकार कार्तिक शुक्ल दशमी को मथुरा सहित देश के कई हिस्सों में कंस वध लीलाओं का आयोजन किया जाता है। मान्यता है कि यदुकुल के राजा मथुरा नरेश उग्रसेन और रानी पद्मावती के पुत्र जरासंध कंस का वध कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की दशमी को हुआ था। वह भगवान श्रीकृष्ण की माता देवकी का भाई था। कंस को कई पुराणों में राक्षस बताया गया है, जिसने अपने चमचों और बाणासुर व नरकासुर आदि राक्षसों की सलाह पर सनातन वैदिक इतिहास के विपरीत अपने पिता को अपदस्थ कर स्वयं को मथुरा के राजा के रूप में स्थापित कर लिया था। महाभारत व भागवत पुराण के अनुसार कंस अति दुराचारी बन गया था, और मुगलकाल के इस्लाम शासकों की भांति अपने पिता को राज्यच्युत करके स्वयं सिंहासन पर अधिकार कर लिया था।
वह यादवों पर इतना अत्याचार करने लगा था कि वे भयभीत होकर मथुरा से भागकर अन्यत्र बस गए थे। वसुदेव ने भी अपनी अन्य पत्नी रोहिणी तथा पुत्र को नंदग्राम भेज दिया था। और नंद के घर रख दिया था।महाभारत व पौराणिक ग्रंथों के अनुसार कंस के पिता उग्रसेन यादवों के अधिपति थे। कंस ने अपनी प्रिय बहन देवकी का विवाह वसुदेव से विधिपूर्वक कराया। विवाहोपरांत वसुदेव-देवकी को विदा कराकर ले जाने लगे, उस समय कंस हर्षपूर्वक उस दंपति का सारथी बनकर रथ हांक रहा था। इस समय आकाशवाणी हुई कि देवकी के गर्भ से उत्पन्न अष्टम पुत्र कंस का वध करेगा। उस आशंका का तुरंत अंत करने के लिए कंस देवकी की हत्या करने को उद्यत हो गया। वसुदेव ने कंस को शांत किया और यह वचन दिया कि देवकी के गर्भ से जितने पुत्र उत्पन्न होंगे उसको वह समय पर कंस को अर्पित कर देंगे। इस प्रकार उस समय तो देवकी की प्राण रक्षा हो गई, परंतु कंस ने वसुदेव और देवकी को कारागार में डाल दिया। कंस ने उनकी प्रथम छह संतानों का जन्म लेते ही वध कर दिया। सप्तम संतान गर्भ में ही नष्ट हो गई। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार विष्णु की आज्ञा के अनुसार योग निद्रा ने उस संतान को देवकी के गर्भ से निकाल कर वसुदेव की अन्य पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दिया। रोहिणी का यह संतान बलराम नामक पुत्र था। रोहिणी को वसुदेव ने अपने आत्मीय नंद की देख-रेख में मथुरा के पास गोपालकों की बस्ती में रख दिया था। देवकी की अष्टम संतान के रूप में भाद्रपद कृष्ण अष्टमी को यथा समय मध्यरात्रि में श्रीकृष्ण ने जन्म लिया। रात्रि में ही वसुदेव उनको गोकुल में नंद के घर ले गए। उसी रात्रि को नंद की पत्नी यशोदा ने एक कन्या को जन्म दिया। पुराणों के अनुसार यह कन्या विष्णु की शक्ति योगनिद्रा ही थी। देवकी योगनिद्रा के वशीभूत थी, इसी बीच वसुदेव ने अपने पुत्र को सूतिका गृह में रख दिया और बदले में उस कन्या को लेकर अपने निवास पर आ गए। यह कन्या अपनी संतान बताकर कंस को अर्पित कर दी गई। कंस उस कन्या को नष्ट कर नहीं सका। योगनिद्रा आकाश मार्ग में जाती हुई कह गई कि कंस के संहारकर्त्ता का जन्म हो चुका है। कुछ समय बाद कंस ने देवकी को कारागार से मुक्त कर दिया, लेकिन श्रीकृष्ण नंद के घर ही रह रहे थे। वहाँ कंस ने श्रीकृष्ण को मारने के लिए कई असुरों को भेजा, जिनमें से सभी का कृष्ण द्वारा वध कर दिया गया। पूतना वध, शकट विपर्यय, तृणावर्त वध, यमलार्जुन आदि घटनाएं इसी काल की हैं। श्रीकृष्ण के शैशव के इस उत्पात के समय नंदादि आपतियों की आशंका से गोकुल छोड़कर वृंदावन चले गए। वृंदावन आने पर श्रीकृष्ण ने वत्सासुर, बकासुर, अधासुर नामक तीन असुरों का वध किया। इसी समय कंस को समाचार मिला कि वृंदावन में श्रीकृष्ण-बलराम अतिशय बलशाली हो गए हैं।
पूतना से लेकर अरिष्ट तक कंस के समस्त अनुचर मार दिए गए थे। देवर्षि नारद ने कंस को बताया कि बलराम -श्रीकृष्ण वसुदेव के पुत्र हैं। देवकी की अष्टम संतान मानकर कंस ने जिस कन्या का वध किया था, वह नंद -यशोदा की पुत्री थी। वसुदेव ने संतान को बदलकर श्रीकृष्ण को नंद के घर में छिपा रखा है। यह सुनकर कंस भयभीत एवं क्रुद्ध हुआ। और वसुदेव के वध को उद्यत हो गया। उसने बलराम- श्रीकृष्ण को लाने के लिए यादव प्रधान अक्रूर को भेजा। उसने धनुर्यज्ञ का नाम करके उन दोनों का वध करने के लिए बलवान मल्लों को बुलाया लिया था। जैसे ही बलराम-श्रीकृष्ण रंगभूमि में आए, कंस के शिक्षित हाथी कुवलयापीड़ ने आक्रमण किया। अंत में बलराम -श्रीकृष्ण ने उस हाथी को और चानुर तथा मुष्टिक नामक मल्लों को मार डाला।

# पुस्तकें ज्ञान का स्रोत, मित्र मार्गदर्शक, बुद्धिमान सलाहकार



संजीव ठाकुर

महात्मा गांधी ने कहा है कि पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदो। उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकों का महत्व रत्नों से कहीं अधिक है, क्योंकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्जवल करती हैं। सच्चाई भी यही है कि पुस्तकें ज्ञान के अंतःकरण और सच्चाईयों का भंडार होती है। आत्मभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी होती हैं। जिन्होंने पुस्तके नहीं पढी हैं या जिन्हें पुस्तक पढ़ने में रूचि नहीं है वे जीवन की कई सच्चाईयों से अनभिज्ञ रह जाते हैं। पुस्तकें पढ़ने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हम जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की शक्ति से परिचित हो जाते हैं,और समस्या कितनी भी बड़ी हो हम उससे जीतकर निजात पा जाते हैं। कठिन से कठिन समय पर पुस्तकें हमारा मार्गदर्शन एवं दिग्दर्शन करती है। जिन मनीषियों ने पुस्तक लिखी है और जिन्हें पुस्तकें पढ़ने का शौक है उन्हें ज्ञानार्जन के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होतीहैं। पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे कलाम साहब ने कहा है कि एक पुस्तक कई मित्रों के बराबर होती है और पुस्तकें सर्वश्रेष्ठ मित्र होती हैं। शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। निसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में में विशेष भूमिका निभाती है। पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक,नैतिक, चारित्रिक, व्यवसायिक एवं राजनीतिक विकास में अत्यंत सहायक एवं सफल दोस्त का फर्ज अदा करती हैं। प्राचीन काल से ही बच्चों तथा नौनिहालों के विकास के लिए पुस्तकें लिखे जाने का चलन तथा रिवाज रहा है। 'पंचतंत्र'तथा 'हितोपदेश' इसके बहुत बड़े उदाहरण हैं। पंचतंत्र,हितोपदेश में ज्ञानार्जन के लिए एवं संस्कृति सभ्यता और शिक्षा के उपयोग की बातें जो दैनिक जीवन में अत्यंत प्रभावशाली तथा उपयोगी होती है, लिखी गई हैं। और यही पुस्तकें इस देश की सभ्यता संस्कृति के संरक्षण तथा प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाती आई है। इसी तरह की पुस्तकों ने ज्ञान का विस्तार भी किया है। विश्व की हर सभ्यता मे लेखन सामग्री का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुस्तकों के माध्यम से ही धर्म जाति संस्कृति एवं शिक्षा की मार्गदर्शिका से ही समाज आगे बढ़ा है। अच्छी किताबें अच्छे मार्गदर्शक तथा शिक्षित तथा अशिक्षित समाज को चेतना तथा सद्गुणों से संचारित करती है, व्यक्ति के अंदर मानसिक क्षमता का विकास भी होता है। ऐतिहासिक किताबें हमें इतिहास, धर्म, राजनीति, संस्कृति के अनेक पहलुओं से अवगत भी कराती है,जिससे व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायता मिलती है। पुस्तकों के महत्व को देखते हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा कि पुस्तके वह साधन है जिसके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृति एवं समाज के बीच सेतु का निर्माण कर सकते हैं। पुस्तके वह मित्र होती हैं जो हर परिस्थिति तत्काल में सहायक होती है, और यही कारण है कि अनेक लोग गुरुवाणी, हनुमान चालीसा अभी अपने पास रखते हैं।

# वादा वही जो तोड़ा जाए



रामविलास जांगिड़

मुफ्त की रेवड़ियां बंटने की घंटी बजाई जा रही है। वादों को पूरा करने के लिए वादे किए जा रहे हैं। एक आम आदमी बेचारा गीत गा रहा है। एक वोटर चांदनी रात में धूप से झुलस रहा है। वह दलदल पार्टी के मुखिया से पूछ रहा है- क्या हुआ तेरा वादा, वो कसम वो इरादा! जनता से किए वादे भूलना भी तुम्हारे इरादों का हिस्सा ही होगा। याद है, मुझको तुमने कहा था। हम सबका भला होगा यही कहा था। सपने जो तुमने दिखाए थे सबको। रात में सूरज दिखाए थे हमको। अब वो कैसे पूरे होंगे भला? तुम्हारे भाषण, हर झूठे पैगाम। के तुम्हें कुछ भी याद नहीं। क्या हुआ तेरा वादा? ओ सुनने वाले बहाने बनाना। चुनाव से पहले थे, सब साथ। अब दूर-दूर तक नजर नहीं आते। बस हम रह गए हाथ मलते मलाते। वो ही वादे, वो ही झूठी बातें। के तुम्हें कुछ भी याद नहीं। क्या हुआ तेरा वादा? भूलेगा दिल जिस दिन तुम्हें। वो दिन हमारी उम्मीदों का आखिरी दिन होगा। क्या हुआ तेरा वादा? वो कसम वो इरादा? इधर गठबंधन बड़े ही ठगबंधन के साथ चले आ रहे हैं। अभी लबचंदन पीरियड चल रहा है। चुनाव परिणाम के बाद यही ठगबंधन कुर्सी के लिए लठबंधन हो जाते हैं। बेचारा वोटर हाथ मलता ही रह जाता है। दलदल पार्टी, रबरदल पार्टी के साथ मिलकर कीचड़ पार्टी में छप-छप करती है। कुर्सी प्राप्ति के लिए सभी प्रकार की उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम पार्टियां मिलकर एक होकर गीत गाती है- वादा कर ले साथी रे। तेरे बिना हम न रहें। हमारे बिना तू न रहे। होके जुदा! ये वादा रहा, न होंगे जुदा। ये वादा रहा। मैं जनता, तू नेता हमारा। मैं आशा, तू सपना हमारा। हम मिलके कुर्सी जीत जाएंगे। तू कुर्सी, तेरी ताकत। तेरी जीत में मैं भी हूँ हिस्सेदार। हम सब मिलकर कुर्सी साधेंगे। जब से हुई ये गठबंधन की बात। बढ़ने लगी हर दिन मीठी मुलाकात। साथ निभाते रहेंगे सदा। हर हलवे को मिलके खा जाएंगे। जनता के भरोसे का कचरा बनाएंगे। हर हाल में कुर्सी साथ ले जाएंगे। वादा कर ले साथी रे। तेरे बिना हम न रहें। हमारे बिना तू न रहे। होके जुदा। ये वादा रहा, न होंगे जुदा। इधर चुनाव खत्म, पैसा हजम! बच्चा लोग बजाओ ताली। कानपुर हो या काली। वोटर बेचारा टूटी टांग लेकर टूटी खाट पर पड़ा-पड़ा करहा रहा है। दर्द भरी आवाज से आंसू निकल रहा है- वादा न तोड़, वादा न तोड़। मेरे टूटते सपने कराहें। तू मुंह न मोड़, वादा न तोड़। वादा न तोड़, वादा न तोड़। तूने किए जो वादे सुनहरे। आज क्यों वो सब बिखर रहे। तूने कहा था पानी लाएगा। तूने कहा था सड़क बनाएगा। हर दिन जो तूने उम्मीदें जगाई। पानी में तूने जो आग लगाई। अब खामोशी में डूबी जाएं। तू सत्ता में जब है आया, तूने ही ये सब भुलाया। फिर से तू बड़ा धोखेबाज निकला। वादा न तोड़! बदल रहा है ये मिजाज। सब कुछ बिखरा है मेरा आज। तूने दिखाए जो सपने हजारों। सब लुट गए हैं, पिट गए यारों। तू मुंह न मोड़, मत भूल ये वादे। मार दिए तूने जनता के सारे इरादे। वादा न तोड़! सच्ची राजनीति तो यही है- वादा वही जो तोड़ा जाए। कुर्सी के लिए एक-एक वोट जोड़ा जाए।



# 15 नवंबर को खत्म होगा कार्तिक मास

## कार्तिक पूर्णिमा पर मनाई जाती है देव दीपावली, इस दिन नदी स्नान और दीप दान करने की है परंपरा

शुक्रवार, 15 नवंबर को कार्तिक मास की अंतिम तिथि पूर्णिमा है। इसे त्रिपुरारी पूर्णिमा और देव दीपावली कहते हैं। कार्तिक पूर्णिमा पर ही गुरु नानक देव जी की जयंती भी मनाई जाती है।

माना जाता है कि इस तिथि पर भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नाम के दैत्य का वध किया था, इस वजह से कार्तिक पूर्णिमा का एक नाम त्रिपुरारी पूर्णिमा पड़ा। जानिए कार्तिक पूर्णिमा से जुड़ी खास बातें... कार्तिक अमावस्या पर मानवों की दीपावली रहती है और कार्तिक पूर्णिमा पर सभी देवता दीपावली मनाते हैं।

कार्तिक पूर्णिमा पर कार्तिक स्नान समाप्त हो जाते हैं। कई लोग पूरे कार्तिक महीने नदी में स्नान करते हैं और कार्तिक पूर्णिमा पर इस महीने का अंतिम नदी स्नान किया जाता है।

सूर्यास्त के बाद गंगा, यमुना, नर्मदा, शिप्रा जैसी पवित्र नदियों में दीपदान करने की परंपरा है। ये नदियों की पूजा करने का पर्व है। इस दिन घर-परिवार में सुख-समृद्धि बनाए रखने की कामना से हवन-पूजन और दान-पुण्य किया जाता है।

पूर्णिमा पर भगवान सत्यनारायण की कथा पढ़नी-सुननी चाहिए। इस दिन जरूरतमंद लोगों को फल, अनाज, दाल, चावल, गर्म वस्त्रों का दान भी करना चाहिए।

जो लोग कार्तिक पूर्णिमा पर नदी स्नान नहीं पा रहे हैं, वे घर ही पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं। स्नान करते समय सभी तीर्थों का और नदियों का ध्यान करना चाहिए। ऐसा करने से भी घर पर ही तीर्थ स्नान के समान पुण्य मिलता है, ऐसी मान्यता है।

देव दीपावली पर दिन की शुरुआत सूर्य को जल चढ़ाकर करनी चाहिए। इसके लिए तांबे के लोटे का इस्तेमाल करें। तांबे के लोटे में जल भरें। जल में कुमकुम, चावल और फूल डालें, इसके बाद सूर्य को अर्घ्य अर्पित करे। **इस दौरान ऊँ सूर्याय नमः मंत्र का जप करना चाहिए।**

### ऐसे कर सकते हैं दीपदान

कार्तिक पूर्णिमा पर नदी किनारे दीपदान किया जाता है। कुछ लोग दीप जलाकर नदी में प्रवाहित भी करते हैं। इसे दीपदान कहते हैं। दीपदान करने से पहले दीपक की पूजा करनी चाहिए और फिर नदी किनारे रखें। अगर घर में दीपदान करना चाहते हैं तो दीपक जलाएं, पूजा करें और घर के आंगन में रखें।

# कल तुलसी विवाह

## चार माह विश्राम के बाद कार्तिक शुक्ल एकादशी पर भगवान विष्णु जागेंगे निद्रा से, शाम को तुलसी के पास जलाएं दीपक

मंगलवार, 12 नवबंर को कार्तिक शुक्ल एकादशी है, इस तिथि पर भगवान विष्णु निद्रा से जागते हैं, ऐसी मान्यता है। आषाढ़ मास की देवशयनी एकादशी से कार्तिक मास की देवउठनी एकादशी तक चार महीने भगवान विष्णु विश्राम करते हैं। इस दौरान सृष्टि का संचालन भगवान शिव करते हैं। देवउठनी एकादशी पर तुलसी और शालिग्राम का विवाह कराने की भी परंपरा है।

देवशयनी एकादशी से विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, जनेऊ जैसे संस्कारों के लिए शुभ मुहूर्त मिलना शुरू हो जाते हैं। जब विष्णु जी विश्राम करते हैं, तब इन संस्कारों के लिए शुभ मुहूर्त नहीं रहते हैं, अब विष्णु जी के निद्रा से जागने बाद सभी शुभ काम फिर से शुरू हो जाएंगे।



### देवउठनी एकादशी से जुड़ी मान्यताएं

इस तिथि पर तुलसी और शालिग्राम का विवाह कराया जाता है। इसे देव प्रबोधिनी एकादशी भी कहते हैं। हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी पर ये पर्व मनाया जाता है। ये विष्णु जी के जागने की तिथि है, इसलिए इसे देवउठनी एकादशी कहते हैं।

देवउठनी एकादशी पर तुलसी और शालिग्राम जी का विवाह नहीं करवा पा रहे हैं तो इस पर्व पर सूर्यास्त के बाद तुलसी के पास दीपक जलाएं और तुलसी ओढ़नी यानी चुनरी अर्पित करें। सुहाग का सामान जैसे लाल चूड़ियां, कुमकुम, बिंदी, हार-फूल भी चढ़ाएं। अगले दिन यानी रविवार को ये सभी चीजें किसी सुहागिन को दान करें।

भगवान विष्णु और महालक्ष्मी की विशेष पूजा करें। पूजा में तुलसी के पत्तों के साथ मिठाई का भोग लगाएं। पूजा में ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करना चाहिए।

### तुलसी से जुड़ी ये बातें भी ध्यान रखें

**कभी भी सूर्यास्त के बाद तुलसी के पत्ते नहीं तोड़ना चाहिए।**

**अमावस्या, चतुर्दशी तिथि, रविवार, शुक्रवार और सप्तमी तिथि पर भी तुलसी के पत्ते तोड़ने से बचना चाहिए। अगर इन दिनों में तुलसी के पत्तों का काम हो तो तुलसी के झड़े हुए पत्तों का उपयोग कर सकते हैं या पूजा में रखे हुए पुराने पत्तों का भी फिर से इस्तेमाल कर सकते हैं।**

**वर्जित किए गए दिनों में तुलसी का कुछ काम हो तो एक दिन पहले तुलसी के पत्ते तोड़कर रख लेने चाहिए। बिना किसी वजह के तुलसी के पत्ते तोड़ने से बचें।**

# बाजीराव स्वर्ग से जन्मे घुड़सवार सेनानायक थे

**मराठों का इतिहास**

उनकी जीभ काट दी गई और जिंदा रहने के लिए इस्लाम कबूलने की शर्त रखी गई। संभाजी ने इस शर्त के जवाब में कागज पर लिखा, 'अगर बादशाह अपनी बेटी की शादी उनसे कर दे तो वह इस्लाम अपना लेंगे।' इस जवाब पर भड़के औरंगजेब ने 11 मार्च 1689 को पुणे के पास तुलापुर में उनका सिर कलम करवा दिया। बाद में मराठों ने उनके शरीर को सिलकर उसका अंतिम संस्कार किया।

औरंगजेब ने हत्या से ठीक पहले संभाजी राजे से कहा था, 'अगर मेरे चार बेटों में से एक भी तुम्हारे जैसा होता, तो सारा हिंदुस्तान कब का मुगल सल्तनत में समा चुका होता।'



औरंगजेब ने हत्या से ठीक पहले संभाजी राजे से कहा था, 'अगर मेरे चार बेटों में से एक भी तुम्हारे जैसा होता, तो सारा हिंदुस्तान कब का मुगल सल्तनत में समा चुका होता।

संभाजी की मृत्यु के बाद मुगलों ने शिवाजी के बड़े बेटे शाहूजी को कैद कर लिया था। इधर नए पेशवा बने राजाराम को मुगलों से अपनी जान बचाने तमिलनाडु के जिन्जी भागना पड़ा। इस दौरान करीब दस साल राजाराम के दो कमांडर- सांताजी घोरपड़े और धानाजी जाधव ने मराठा साम्राज्य चलाया। इधर बूढ़े हो चले औरंगजेब की विरासत के लिए बेटों में तलवारें खिंच गई थीं। 26 साल चली लड़ाई से थका हुआ औरंगजेब अब समझ चुका था कि मराठा विजय का उसका सपना पूरा नहीं होगा। 3 मार्च 1707 को 88 साल की उम्र में उसकी मौत हो गई।

साल 1700 में राजाराम के बाद उनकी विधवा ताराबाई अपने बेटे शिवाजी द्वितीय को राजा बनाना चाहती थीं, लेकिन वह कामयाब नहीं हुईं। इधर औरंगजेब के बेटे आजम शाह ने शिवाजी के बेटे शाहूजी को जेल से रिहा कर दिया। शर्त यह थी कि शाहूजी मुगलों के लिए काम करेंगे।

जनवरी 1708 में शाहूजी सत्ता पर काबिज हो गए। कई इतिहासकार लिखते हैं कि शाहूजी के सत्ता पर काबिज होने के बावजूद उन्हें मुगलों का दरबारी समझा जा रहा था। उनके अपने लोग मुगलों के लिए उनकी जासूसी करने लगे थे। ऐसे में शाहूजी की नजर अपने एक वफादार पर पड़ी- बालाजी विश्वनाथ।

मूल रूप से कोंकण के रहने वाले बालाजी, कभी क्लर्क की नौकरी किया करते थे। कूटनीति में माहिर और विनम्र स्वभाव वाले बालाजी को अगस्त 1711 में सेना बढ़ाने का जिम्मा मिला और 16 नवंबर को शाहूजी ने उन्हें पेशवा यानी प्रधानमंत्री बना दिया। हालांकि, सिर्फ 9 साल की पेशवाई के बाद 12 अप्रैल 1720 को बालाजी की बीमारी से मृत्यु हो गई। इसके बाद का दौर, बालाजी के बेटे बाजीराव प्रथम का था। वह मराठा योद्धा जिसने दिल्ली की छाती पर मराठा ध्वज लहराया।

1720 में बालाजी की मौत के तुरंत बाद शाहूजी ने 20 साल के बाजीराव को पेशवा बना दिया। इस समय तक मुगल और निजाम फिर से एकजुट हो चुके थे। पेशवा बाजीराव ने अपने 40 साल के जीवन में 41 लड़ाइयां लड़ीं और सभी में जीते। इतिहास में ऐसा कोई जो शिवाजी से मेल खाता हो, वह पेशवा बाजीराव थे। महाराष्ट्र के महानतम सेनापतियों में से एक बाजीराव की तुलना नेपोलियन बोनापार्ट से की जा सकती है। **(जारी)**

# 139 दिनों बाद कुंभ में मार्गी होंगे शनि इन 7 राशिवालों का जागेगा सोया भाग्य

कर्मफलदाता के नाम से प्रसिद्ध शनि देव 15 नवंबर को अपनी मूल त्रिकोण राशि कुंभ में मार्गी होने जा रहे हैं। शनि महाराज 139 दिनों तक वक्री यानी उल्टी चाल से चलने के बाद मार्गी हो रहे हैं। वे 30 जून को कुंभ में वक्री हुए थे। ज्योतिष मतों के अनुसार, ग्रह जब अपनी मूल त्रिकोण राशि में मार्गी होते हैं तो शुभ फल देते हैं। कुंभ में शनि के मार्गी होने से 7 राशि के लोगों का सोया हुआ भाग्य जाग सकता है। उनको यश, धन, नौकरी, उत्तम सेहत की प्राप्ति होने की उम्मीद है। तिरुपति के ज्योतिषाचार्य डॉ। कृष्ण कुमार भार्गव से जानते हैं कि शनि के मार्गी होने से किन 7 राशि के जातक मालामाल हो सकते हैं?



### कुंभ में शनि मार्गी 2024: ये 7 राशिवाले होंगे मालामाल!

मेषः शनि के मार्गी होने से मेष राशि के लोगों के सुनहरे दिन आने वाले हैं। आपको बिजनेस और करियर में शानदार सफलता मिलने क उम्मीद है। व्यापारी वर्ग को मुनाफा कमाने का मौका मिलेगा, वहीं नौकरीपेशा लोगों का प्रभाव और यश बढ़ेगा। आपको कोई उपलब्धि भी मिल सकती है। आपको लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। आप पर किस्मत मेहरबान रहेगी। नए प्लान बिजनेस में सफलता प्रदान करेंगे।

**वृषभः** शनि के मार्गी होने से वृषभ राशि के जातकों को पुरानी बीमारी से मुक्ति मिल सकती है। आप सेहतमंद हो सकते हैं। करियर की दृष्टि से भी शनि का मार्गी होना आपके लिए शुभ साबित होगा। 15 नवंबर के बाद से आपको करियर में उन्नति के लिए नए अवसर प्राप्त होंगे, जो आपको एक नई दिशा देंगे। बिजनेस के लिए भी यह सुनहरा समय साबित हो सकता है। धन लाभ से आपकी वित्तीय स्थिति मजबूत होगी।

**मिथुनः** शनि के शुभ प्रभाव के कारण आपके साहस और पराक्रम में बढ़ोत्तरी होगी। इसके दम पर आप बड़ी सी बड़ी चुनौती पर सफलता हासिल करने में कामयाब हो सकते हैं।

आपके विरोधी और शत्रु साजिश करेंगे, लेकिन आपके आगे उनकी एक न चलेगी। आप उन पर हावी रहेंगे। इस दौरान आपकी सेहत ठीक रहेगी। आपका मान सम्मान बढ़ेगा।

**कर्कः** शनि मार्गी होने से कर्क राशि के लोगों को बिजनेस में कामयाबी मिलेगी। व्यापारी वर्ग के लोगों को कोई बड़ी डील मिल सकती है, जिससे अचानक से बड़ा धन लाभ होगा। आपको बिजेनस में तरक्की होती दिखेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा और आपको सबका सहयोग प्राप्त होगा। जो लोग शनि से संबंधित व्यापार करते हैं, उनको तगड़ा मुनाफा होने की उम्मीद है।

कन्याः शनि महाराज की कृपा से कन्या राशि के लोगों को धन लाभ होगा। वाद विवाद या केस के मामले में सफलता मिल सकती है। विदेशी व्यापार करने वाले लोगों के लिए सुनहरा समय है, उनको बड़ा आर्डर मिल सकता है। आपका बैंक लोन चुकता हो सकता है। कर्ज से मुक्ति मिल सकती है। इससे आपको बड़ी राहत मिलेगी। अचानक धन लाभ का योग बन रहा है।

**वृश्चिकः** शनि देव के अशीर्वाद से वृश्चिक राशि वालों को उनकी मेहनत का फल प्राप्त होगा। नौकरीपेशा लोगों को बड़ा पद प्राप्त हो सकता है। आपके प्रभाव में बढ़ोत्तरी हो सकती है। वृश्चिक वालों के धन की कमी दूर होगी। शनि कृपा से बैंक बैलेंस अच्छा रहेगा। परिवार के कलह क्लेश से मुक्ति मिलेगी। पारिवारिक जीवन में सुख और शांति रहेगी। इस दौरान आपकी सेहत भी ठीक रह सकती है।

**कुंभः** आपकी राशि में ही शनि देव मार्गी होंगे, इससे आपकी राशि के लोगों को कई क्षेत्रों में लाभ होने की उम्मीद है। 15 नवंबर से आपकी किस्मत चमक सकती है। जो लोग पार्टनरशिप में बिजनेस करते हैं, उनके लिए गोल्डन टाइम आ रहा है, वे अच्छा धन लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान आपका रुतबा बढ़ सकता है। आपके साहस और आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी होगी। नई नौकरी मिल सकती है।

# तुलसी पूजा? तो जल देते समय भूलकर भी न करें ये 5 काम

तुलसी पर जल चढ़ाने से जुड़े जरूरी नियम

इस दिन न चढ़ाएं जलः ज्योतिषाचार्य के मुताबिक, एकादशी के दिन तुलसी के पौधे में जल नहीं दिया जाना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि एकादशी वाले दिन तुलसी में जल देने से माता लक्ष्मी रुष्ठ होती हैं। इससे व्यक्ति के जीवन में कई प्रकार की आर्थिक परेशानियां आ सकती हैं। इसके अलावा यह भी मान्यता है कि इस दिन तुलसी माता भगवान विष्णु के लिए निर्जला व्रत रखती हैं, इसलिए एकादशी के दिन तुलसी में जल देने से बचना चाहिए।



**अधिक जल देने से बचें:** तुलसी के पौधे में अधिक मात्रा में जल नहीं चढ़ाया जाना चाहिए। ऐसा करने से तुलसी के पौधे की जड़ें सड़ जाती हैं। जिससे तुलसी का पौधा सूख सकता है और ऐसा माना जाता है कि घर में लगा तुलसी का पौधा सूख जाना अच्छा नहीं होता।

**बिना सिलाई के वस्त्र पहनें:** पुराणों में बताए विवरण के अनुसार तुलसी के पौधे में जल देते समय हमेशा इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि आपने बिना सिलाई का एक वस्त्र पहना हुआ है। सिले हुए कपड़े पहनकर तुलसी में जल देने से लाभ प्राप्त नहीं होता।

**दक्षिण दिशा में न रखें तुलसी:** वास्तु शास्त्र के अनुसार तुलसी के पौधे को कभी भी दक्षिण दिशा में नहीं रखना चाहिए। ऐसा करने से घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ जाता है। इसके साथ ही इस दिशा में तुलसी रखने से बुरा प्रभाव भी पड़ता है।

**सूर्योदय में करें जल अर्पण:** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार तुलसी में जल देने का सबसे उपयुक्त समय सुबह सूर्योदय काल का है। ऐसा माना जाता है कि सूर्योदय के समय तुलसी में जल देने से विशेष लाभ की प्राप्ति होती है और आर्थिक संकटों से छुटकारा मिलता है।

# क्यों मां कुंती पर युधिष्ठिर हुए इतने नाराज कि दे दिया श्राप

## आज भी भुगत रहीं सारी स्त्रियां

महाभारत का युद्ध खत्म होने के बाद पांडवों और कौरवों ने दोनों ने अपने काफी यौद्धाओं को खोया। कौरवों में सारे दिग्गज मारे जा चुके थे। उस पक्ष के प्रबल यौद्धा कर्ण भी युद्धभूमि प्राण दे चुके थे। जब सबका तर्पण हो रहा था,तब कुंती ने पहली बार पांडवों के सामने रहस्योद्घाटन किया कि कर्ण उनके बड़े भाई थे, इसलिए उनका तर्पण पांडवों को करना चाहिए। तब युधिष्ठिर उनसे बुरी तरह से नाराज हो गए।

उनकी ये नाराजगी इतनी ज्यादा थी और वह इस तरह से हिल गए कि पहले वह नाराज हुए और क्रोध की इस हालत में मां को ऐसा श्राप दे डाला कि दुनिया की सारी स्त्रियों को आज भी उस श्राप को झेलना पड़ रहा है। आइए जानते हैं कि ये पूरा मामला क्या था। और युधिष्ठिर को अपने जीवन में पहली बार अपनी मां को ही क्यों श्राप देना पड़ा।

### कर्ण ने क्या भरोसा दिया था

युद्ध के दौरान कुंती कर्ण के पास जाकर उसे बता चुकी थीं कि वह उनके ही बेटे हैं। तब कर्ण ने उन्हें भरोसा दिया उनके पांच बेटे जिंदा रहेंगे लेकिन उनके और अर्जुन के बीच एक ही जिंदा रहेगा। फिर महाभारत के युद्ध में कर्ण के रथ का पहिया जब ज़मीन में धंस गया



तो अर्जुन ने अपने दिव्यास्त्र से उन पर वार करके उन्हें मार दिया। जब महाभारत युद्ध के बाद मां कुंती ने पांडवों को बताया कि कर्ण उन्हीं के बड़े भाई थे, तो ये जानकर सभी पांडव स्तब्ध रह गए। तब शोक में डूबे युधिष्ठिर ने कहा अगर ये बात उन्हें पहले मालूम होती तो वो कभी युद्ध के मैदान में उतरते ही नहीं।

### तर्पण के समय कुंती ने पांडवों से क्या कहा

फिर जब युद्ध में मारे गए सभी वीरों का तर्पण होने लगा तो सहसा शोकाकुल होकर कुंती अपने पुत्रों से बोलीं, अर्जुन ने जिनका वध किया है, वह जिन्हें तुम सूतपुत्र और राधा का गर्भजात समझते थे, उस महाधनुर्धर कर्ण के लिए तुम लोग तर्पण करो। वह तुम्हारे बड़े भाई थे। वह सूर्य के जरिए मेरे गर्भ से कवच कुंडलधारी होकर जन्मे थे।

### तब पांडव स्तब्ध रह गए

कर्ण का ये जन्म रहस्य पांडवों को पता लगा तो वो स्तब्ध रह गए और दुख में डूब गए। तब युधिष्ठिर ने कहा कि अगर आपने ये बात हमें पहले बता दी होती तो शायद ये युद्ध भी नहीं होता। इतने लोग नहीं मरते। अब हमें सबसे ज्यादा दुख कर्ण के लिए हो रहा है। शोक में मग्न युधिष्ठिर ने कर्ण की पत्नियों के साथ तर्पण जरूर किया लेकिन इसके बाद वह मां कुंती पर खासे क्रुद्ध हो उठे।**(क्रमशः)**

# फिल्म 'तेरे इश्क में' धनुष के साथ रोमांस करेंगी कृति सेनन

बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन इन दिनों 'दो पत्ती' में अपनी अदाकारी के लिए मिल रही सराहना का लुत्फ उठा रही हैं। इस थ्रिलर फिल्म में कृति अभिनेत्री काजोल के साथ नजर आई हैं। वहीं, अब बीच अब कृति को लेकर नई जानकारी सामने आई है, जो उनकी नई फिल्म से जुड़ी हुई है। दरअसल, कृति सेनन साउथ सुपरस्टार धनुष के साथ



फिल्म 'तेरे इश्क में' नजर आएंगी। अब इस फिल्म को लेकर दिलचस्प अपडेट सामने आया है।

### कृति ने फिल्म पर शुरू किया काम

आनंद एल राय द्वारा निर्देशित 'तेरे इश्क में' फिल्म के लिए कृति सेनन बेहद उत्साहित हैं। तेरे इश्क में वह धनुष के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। इस नई जोड़ी को पर्दे पर देखने के लिए प्रशंसक भी उत्साहित हैं। वहीं, अब खबर आई है कि कृति सेनन ने इस फिल्म के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

### किरदार पर गौर फरमा रहीं कृति

फिल्म का निर्माण अक्तूबर 2024 में शुरू होना था और 2025 में इसे



सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना थी, इसलिए 'तेरे इश्क में' का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। हिमांशु शर्मा और नीरज यादव द्वारा लिखित इस फिल्म का निर्माण कलर येलो प्रोडक्शंस के बैनर तले किया जा रहा है। अब कृति अपनी किरदार के लिए खास तैयारियों में जुटी हुई हैं।

### 'रांझणा' के बाद फिर साथ काम कर रहे अभिनेता-निर्देशक

2013 में 'रांझणा' की सफलता के बाद निर्देशक आनंद एल राय और अभिनेता धनुष एक बार फिर 'तेरे इश्क में' नाम की एक और रोमांटिक फिल्म के लिए साथ आए हैं। एक साल पहले एक विशेष वीडियो के साथ इसकी घोषणा की गई थी। कृति सेनन और धनुष दोनों पहले भी निर्देशक आनंद एल राय के साथ अलग-अलग फिल्मों में काम कर चुके हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म एआर रहमान की म्यूजिकल होगी, जिसके बोल इरशाद कामिल द्वारा लिखे जाएंगे।

### अगले साल रिलीज होगी फिल्म

कृति सेनन ने कुछ महीने पहले आनंद एल राय से कहानी सुनी थी और इस एक्शन लव स्टोरी की दुनिया में उतरने में दिलचस्पी दिखाई है। कहानी के अलावा, अभिनेत्री को अपने किरदार का आर्क और कहानी में उसके बदलने का तरीका भी पसंद आया है। यह फिल्म फिल्म 2025 में रिलीज होगी।

# अभय देओल बोले- परिवार की महिलाएं काम कर सकती हैं, लेकिन फिल्मों में नहीं



अभिनेता अभय देओल 'मनोरमा सिक्स फीट अंडर', 'ओए लकी लकी ओए', 'आयशा' और 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' में अपनी भूमिकाओं के लिए लोकप्रिय हैं। अभय देओल को इंडस्ट्री में 19 साल हो गए हैं। उन्होंने वर्ष 2005 में फिल्म ''सोचा ना था' से डेब्यू किया था। करीब दो दशक की अपनी इस बॉलीवुड यात्रा में अभिनेता अपनी अलग पसंद को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। अब हाल ही में, अभिनेता ने अपने परिवार को लेकर कुछ बड़े खुलासे किए हैं।

### फिल्मों की पसंद ने परिवार को किया चिंतित

हाल ही में, फिल्मफेयर से बातचीत में अभिनेता ने बताया कि कैसे वह हमेशा से एक विद्रोही बच्चे रहे हैं। उन्होंने यह भी साझा किया कि उनकी फिल्मों की पसंद ने उनके परिवार को चिंतित कर दिया था। अभिनेता ने यह भी माना कि उनका परिवार काफी रूढ़िवादी था। अभय ने इस कथन को स्पष्ट किया कि परिवार की महिलाओं को काम करने की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा, ₹उन्हें काम करने की अनुमति है, लेकिन फिल्मों में नहीं।

### रूढ़िवादी थे घरवाले

अभय ने कहा, जब हम बड़े हो रहे थे, तब घर वाले काफी रूढ़िवादी थे, हम घर में सात बच्चों वाला एक संयुक्त परिवार थे। फिल्में ऐसी चीज थीं जिनसे मैं बचपन से ही परिचित था, मेरे चाचा और पिता के जरिए। वे साधारण पृष्ठभूमि से थे, वे एक गांव से थे, और उनके लिए बड़ा शहर और ग्लैमर की दुनिया अजनबी थी। वे अपने छोटे शहर के मूल्यों को बनाए रखना चाहते हैं, जिसे मैं पीछे मुड़कर देखता हूं।

### अभिनेता को फिल्मी पार्टियों में जाने से क्यों रोका जाता था?

अभिनेता ने आगे कहा, उस समय मुझे समझ में नहीं आया कि हमें 'फिल्मी पार्टियों' में जाने से क्यों रोका जाता है या इंडस्ट्री के बच्चों या इंडस्ट्री के लोगों के साथ घुलने-मिलने से क्यों रोका जाता है। वे हमें बचाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन उस समय मैं उलझन में था।

### घरवालों की थी यह इच्छा

अभय ने यह भी कहा, "मैंने फिल्म इंडस्ट्री के साथ जो किया, उससे मेरा परिवार बिल्कुल भी हैरान नहीं था। उन्होंने हमेशा कहा कि मुझे या तो वकील बनना चाहिए या अभिनेता। यदि आप बॉबी या सनी देओल से पूछेंगे , तो वे आपको यही बताएंगे कि मैं बहुत बहस करता हूं।

# 'गोलमाल 5' के बाद अजय देवगन ने 'धमाल 4' और 'तानाजी 2' पर लगाई मुहर

अजय देवगन कई सीक्वल फिल्म का हिस्सा हैं, जो आने वाले महीनों में रिलीज होंगे। इस समय अभिनेता 'सिंघम अगेन' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अजय के पास कई अन्य प्रोजेक्ट भी हैं, जिस पर वे अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वे 'सन ऑफ सरदार 2', 'दे दे प्यार दे 2', 'शैतान 2' और 'तानाजी 2' पर काम कर रहे हैं। वहीं, अब अजय देवन ने अपनी इन फिल्मों पर दिलचस्प जानकारी साझा की है और बताया है कि इन सीक्वल पर काम कहां तक पहुंचा है।

### अजय की फिल्मों के सीक्वल

अजय देवगन ने बताया कि सभी फिल्मों के सीक्वल पर काम चल रहा है। अजय देवगन सन ऑफ सरदार 2 के साथ-साथ दे दे प्यार दे 2 और रेड 2 की भी शूटिंग कर रहे हैं। रेड 2 को 21 फरवरी को रिलीज किया जाना है, जबकि दे दे प्यार दे 2 को 1 मई को रिलीज किया जाएगा। सन ऑफ सरदार 2 की अभी तक कोई रिलीज डेट तय नहीं हुई है, लेकिन इसके भी अगले साल रिलीज होने की उम्मीद है।

### धमाल 4 पर काम कर रहे निर्माता

ऐसी खबरें थीं कि अजय धमाल 3 यानी टोटल धमाल के बाद धमाल 4 के लिए वापसी कर रहे हैं, लेकिन अभी तक इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, अजय ने इस बारे में भी जानकारी साझा की। अजय ने बताया कि वह एडवेंचर कॉमेडी का हिस्सा हैं और इसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। वहीं, अजय देवगन ने 'तानाजी' के सीक्वल के बारे में बात की।



### 'तानाजी' का सीक्वल भी आएगा

यह देखते हुए कि 'तानाजीः द अनसंग' वॉरियर भी एक बड़ी हिट थी, लोगों के मन में एक सवाल था कि क्या इसका सीक्वल होगा? अजय ने पुष्टि की कि निर्माता कुछ पर काम कर रहे हैं, इस प्रकार फिल्म के सीक्वल की ओर भी इशारा किया। इससे पहले रोहित शेट्टी ने अजय देवगन के साथ 'गोलमाल' फ्रेंचाइजी की पांचवीं किस्त की भी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि जल्द ही वे अजय देवगन के साथ 'गोलमाल 5' पर काम करेंगे।

### अजय देवगन की 'सिंघम अगेन'

इस बीच रोहित शेट्टी कॉप यूनिवर्स की फिल्म सिंघम अगेन सिनेमाघरों में चल रही है। अजय देवगन के अलावा इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर और सलमान खान भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली और बॉक्स ऑफिस पर इसकी भिड़ंत अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी कार्तिक आर्यन अभिनीत 'भूल भुलैया 3' से हुई।

# कल्कि एडी की सफलता के बाद आलिया के साथ महिला प्रधान फिल्म बनाने जा रहे नाग अश्विन

कल्कि की सफलता के बाद फिल्म निर्देशक नाग अश्विनअब महिला प्रधान फिल्म बनाने



वाले हैं। इसे लेकर वह बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट के संपर्क में हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आलिया इस भूमिका में बिल्कुल फिट बैठती हैं और एसएस राजामौली की आरआरआर के बाद एक और विशाल पैन इंडिया फिल्म काम करने के लिए तैयार हो गई



हैं। हालांकि, इसे लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि अश्विन और आलिया दोनों ही इस फिल्म को लेकर काफी ज्यादा उत्साहित हैं। फिलहाल इस फिल्म की कहानी को गुप्त रखा गया है।

### फिल्म की कहानी गुप्त रखी गई

सूत्रों ने कहा, अश्विन ने एक शक्तिशाली महिला नेतृत्व पर केंद्रित एक स्क्रिप्ट तैयार की है। यह किरदार कुछ ऐसा है, जिसे आलिया के लिए तैयार किया गया है। हालांकि, इसकी कहानी अभी तक गुप्त रखी गई है। इस फिल्म को हैदराबाद स्थित प्रोडक्शन हाउस वैजयंती फिल्म्स द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है। वर्तमान में आलिया शरवाई वाघ के साथ अल्फा की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह यश राज फिल्म्स की पहली महिला प्रधान फिल्म है।

नाग अश्विन अपनी रचनात्मक कल्पना के लिए जाने जाते हैं। ऐसे फिल्म निर्देशक के साथ काम करना आलिया भट्ट के करियर के लिए काफी लाभदायक साबित हो सकता है। वैजयंती फिल्म्स सर्वोच्च प्रोडक्शन मूल्य सुनिश्चित करने में कोई कमी नहीं छोड़ेगी।

# दक्षिण भारत की सबसे अमीर स्टार जोड़ी सूर्या-ज्योतिका की नेट वर्थ 500 करोड से ज्यादा

दक्षिण भारत की सबसे मशहूर रियल लाइफ जोड़ियों में सूर्या और ज्योतिका का नाम भी जरूर शामिल किया जाता है। स्क्रीन पर उनकी केमिस्ट्री लोगों को मंत्रमुग्ध कर चुकी है। वहीं, उनके वास्तविक जीवन की प्रेम कहानी प्रशंसकों को काफी ज्यादा प्रेरित करती है। कॉलीवुड के ये स्टार आइकन न केवल अपने अभिनय करियर के लिए, बल्कि अपनी मजबूत साझेदारी के लिए भी जाने जाते हैं। दोनों ने साथ में एक सुंदर परिवार, संपन्न करियर और एक शानदार जीवन शैली बनाई है, इसी वजह से वे इंडस्ट्री के सबसे धनी जोड़ों में से एक भी बन चुके हैं।

दोनों की प्रेम कहानी लाखों प्रशंसकों के लिए प्रेरणा का काम करती है। उनके इस सफर की शुरुआत साल 1999 में पूवेलम केट्टुप्पर के सेट पर शुरू हुई। उस समय सूर्या इंडस्ट्री में खुद को स्थापित करने के लिए पूरी कोशिश में लगे हुए थे। वहीं, मूल रूप से मुंबई की रहने वाली ज्योतिका कॉलीवुड में अपने पैर जमाने के लिए तमिल सीखने के लिए कड़ी मेहनत कर रही थीं।



सूर्या उनकी लगन और विनम्रता से काफी ज्यादा प्रभावित हुए और धीरे-धीरे दोनों करीब आने लगे। सूर्या और ज्योतिका की दोस्ती प्यार में बदल गई, जिसकी वजह से फिल्म काखा काखा की सफलता के दौरान उनकी सगाई हो गई। बाद में, उन्होंने 2006 में एक पारंपरिक तमिल समारोह में शादी की। इस जोड़े के दो बच्चे हैं, दीया और देव। यह कॉलीवुड की ऑन स्क्रीन और ऑफ स्क्रीन सबसे प्यारी और प्रशंसित जोड़ियों में से एक है।

शादी के बाद ज्योतिका ने फिल्मों से ब्रेक ले लिया था, लेकिन उन्होंने 36 साल की उम्र में साल 2015 में 36 वायादिनिले के साथ अभिनय में वापसी की। तमिल के अलावा वह मलयालम और हिंदी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। वह एक फिल्म के लिए पांच करोड़ रुपये चार्ज करती हैं। वहीं, सूर्या ने कुंगवा के लिए 30 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं।

### सूर्या से ज्यादा ज्योतिका की नेट वर्थ

अपने सफल करियर, व्यवसाय और संपत्तियों के कारण, सूर्या और ज्योतिका ने काफी नेट वर्थ अर्जित की है। दिलचस्प बात यह है कि रिपोर्ट बताती है कि ज्योतिका की नेट वर्थ सूर्या से अधिक है। मीडिया रिपोर्ट्स के दावों की मानें तो सूर्या की कुल संपत्ति 206 करोड़ रुपये आंकी गई है, जबकि ज्योतिका की 331 करोड़ रुपये है। साथ में, उनकी संयुक्त कुल संपत्ति 530 करोड़ रुपये है, जो उन्हें कॉलीवुड में सबसे अमीर जोड़ी बनाती है।

# भूल भुलैया 3 को लेकर ये क्या बोल गईं विद्या बालन, फैंस भी हैरान

कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हॉरर-कॉमेडी को जबर्दस्त प्रतिक्रिया भी मिल रही है। कार्तिक के अलावा, फिल्म में माधुरी दीक्षित, विद्या बालन और तृप्ति डिमरी ने भी अहम भूमिका निभाई है। विद्या को इस फिल्म की पहली किस्त भूल भुलैया में देखा गया था और वह 17 साल बाद फ्रैंचाइजी में लौटी हैं। इसी फिल्म को लेकर विद्या ने कुछ ऐसा बोला है, जिसे सुनकर कोई भी दंग रह जाएगा।

विद्या ने बेगम जान, कहानी भूल भुलैया और परिणीता जैसी तमाम फिल्मों में बेहतरीन अभिनय किया है। उनकी हर फिल्म उनके प्रशंसकों को जरूर पसंद आती है। वहीं 1 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म भूल भुलैया 3 को लेकर विद्या ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह 17 साल बाद फिर से भूल भुलैया करेंगी। फिल्म की सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए, अभिनेत्री ने इसे अब तक की अपनी सबसे बड़ी सफलता बताया।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विद्या बालन ने एक इंटरवयू के दौरान कहा, ₹फिल्म बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है, मुझे यह बहुत



पसंद आ रही है। यह मेरी अब तक की सबसे बड़ी फिल्म है। क्या इससे बेहतर कुछ हो सकता है₹ अभिनेत्री ने यह भी बताया कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि फिल्म इतना अच्छा प्रदर्शन करेगी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विद्या ने आगे कहा ₹जितना मैंने सोचा था उससे बेहतर और ईमानदारी से मैंने इसकी कल्पना नहीं की थी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि 17 साल बाद मैं फिर से भूल भुलैया करूंगी और मंजुलिका को वापस लाऊंगी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे इसके लिए इतना प्यार मिलेगा। मैं बहुत खुश हूं, मैं बहुत खुश हूं कि फिल्म इतना अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित, भूल भुलैया 3 ने भारत में आराम से 150 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया और अब अपने दूसरे सप्ताह में 200 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करने के लिए एक और मील के पत्थर की ओर बढ़ रही है। पहले आठ दिनों में फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो, पहले दिन (शुक्रवार) 35.5 करोड़ रुपये, दूसरे दिन (शनिवार) 37 करोड़ रुपये, तीसरे दिन (रविवार) 33.5 करोड़ रुपये, चौथे दिन (सोमवार) 18 करोड़ रुपये, पांचवें दिन (मंगलवार) 14 करोड़ रुपये, छठे दिन (बुधवार) 10.75 करोड़ रुपये, सातवें दिन (गुरुवार) 9.50 करोड़ रुपये। वहीं पहले हफ्ते में फिल्म ने कुल 158.25 करोड़ रुपये की कमाई की। आठवें दिन ( दूसरा शुक्रवार) 9.25 करोड़ रुपये। 9वें दिन ( दूसरा शनिवार) 15 करोड़ रुपये की कमाई की।

आज रविवार को अभी तक फिल्म ने 72 लाख रुपये का कारोबार किया है, जो पूरे दिन में बदलेगा। बहलहाल, फिल्म ने अभीतक कुल 183.22 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है, जो सिंघम अगेन से कहीं ज्यादा है।

# जब ऐश्वर्या ने कुछ कुछ होता है फिल्म को करने से कर दिया मना, आखिर क्या रही वजह

बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन इस एक और सुपर-डुपर हिट फिल्म के साथ अपने करियर में एक और यादगार भूमिका जोड़ सकती थीं, जिस फिल्म की यहां बात हो रही है उसका निर्देशन करण जौहर ने किया है। करण जौहर ने इस ब्लॉकबस्टर फिल्म के लिए ऐश्वर्या को लीड रोल के लिए संपर्क किया था, लेकिन ऐश्वर्या ने यह कहते हुए इसे ठुकरा दिया कि दर्शक उनके किरदार को गलत तरीके से देखेंगे। आखिर ऐसी कौन सी फिल्म थी, जिसको लेकर ऐश्वर्या को भी करने में संकोच हुआ था।

देवदास और धूम जैसी फिल्मों में अपनी लाजवाब भूमिकाओं से लाखों दिलों पर राज करने वाली अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने कई ऐसी भूमिकाएं ठुकरा दी हैं, जो शायद उनके प्रदर्शनों की लिस्ट में और भी अधिक प्रतिष्ठित किरदार जोड़ सकती थीं। उन छूटे हुए अवसरों में से एक था कुछ कुछ होता है में टीना की भूमिका, जो ऐश्वर्या के मना करने के बाद रानी मुखर्जी ने निभाया था। करण जौहर ने पहले इस भूमिका के लिए ऐश्वर्या से संपर्क किया था, लेकिन उन्होंने इस डर से मना कर दिया कि इसे उनके मॉडलिंग के दिनों की वापसी के रूप में देखा जा सकता है, जहां ग्लैमर और मिनी-स्कर्ट उनकी पहचान थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान करण ने एक बार साझा किया



कि उनकी पहली फिल्म में तीसरे मुख्य किरदार को निभाना कितना चुनौतीपूर्ण रहा है, खासकर तब जब इसमें शाहरुख खान और काजोल को मुख्य किरदार के रूप में फाइनल कर लिया था। एक इंटरव्यू के दौरान करण ने कहा, ₹मैंने सभी से पूछा था। मैं भिखारी बन चुका था उस फिल्म में। रानी मुखर्जी की भूमिका के लिए आठ अभिनेत्रियों ने मुझे पहले ही मना कर दिया था। मुझे लगा, अगर कोई न मिले तो मुझे खुद शॉर्ट स्कर्ट पहनकर वो रोल करना पड़ेगा। ऐश्वर्या राय के अलावा किसी ने भी नैरेशन सुनने के बाद मुझे वापस नहीं बुलाया।

1999 में फिल्मफेयर को दिए गए एक इंटरव्यू में ऐश्वर्या ने फिल्म कुछ कुछ होता है में मिली भूमिका को ठुकराने के बारे में अपना नजरिया भी साझा किया। ऐश्वर्या ने कहा था, ₹जहां तक कुछ कुछ होता है की बात है, करण जौहर ने मुझसे संपर्क किया था, लेकिन उन्हें आरके बैनर की फिल्म (ऋषि कपूर द्वारा निर्देशित आ अब लौट चलें) के लिए तारीखें चाहिए थीं। इसके अलावा, कुछ कुछ होता है काजोल की फिल्म थी। इस बारे में कोई दो राय नहीं है। इतना कहने के बाद, मैं यह भी कहना चाहूंगी कि रानी मुखर्जी ने शानदार काम किया।

आगे ऐश्वर्या ने कहा था, अगर मैंने कुछ कुछ होता है में टिना का रोल किया होता, तो लोग यह कहते कि, 'देखो ऐश्वर्या राय फिर से वही करने लगी हैं, जो वह अपने मॉडलिंग के दिनों में करती थीं। बाल सीधे रखना, मिनी पहनना और कैमरे के सामने ग्लैमरस तरीके से मुंह बनाना। मुझे पता है कि अगर मैंने कुछ कुछ होता है की होती, तो मुझे मार दिया जाता। वहीं कुछ कुछ होता है एक कल्ट क्लासिक बन गई, जिसने रानी मुखर्जी के बॉलीवुड करियर को स्थापित किया, वहीं आ अब लौट चलें बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी।





# आईपीएस बनने में कितना समय लगता है



आईपीएस बनने के लिए यूपीएससी और फिर इंटरव्यू के अलावा कुछ महीनों का ट्रेनिंग भी करना पड़ता है। तब जा के उम्मीदवार को आईपीएस के पद में नियुक्त किया जाता है।

आईपीएस बनने के लिए 2 से 3 साल का समय लगता है। इसके लिए उम्मीदवार को यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा की परीक्षा को पास करना होता है। बता दें की परीक्षा में तीन चरण होते हैः प्रिलीम्स मेन्स और इंटव्यू और इस पूरी प्रक्रिया में 1 से 1.5 साल का समय लगता है।

जिसमें उम्मीदवार को सभी चरण को पास करना होता है। इसके बाद, चयनित उम्मीदवारों को ट्रेनिंग के लिए भेजा जाता है, जो की लगभग 1 साल तक चलता है। इस तरह, परीक्षा की तैयारी और नियुक्ति में लगभग 2 से 3 साल का समय लग जाता है।

लेकिन दोस्तों इसमें तैयारी का समय शामिल नहीं किया गया है, जो कि उम्मीदवार की योग्यता और मेहनत पर डिपेंड करता है। इसलिए, कुल मिलाकर, आईपीएस बनने में औसतन 3 से 5 साल का समय लगता है।

### आईपीएस बनने के लिए क्या करना पड़ता है?

आईपीएस बनने के लिए आपको यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सर्विसेस एक्जामिनेशन को पास करना होता है।

सबसे पहले, आपको किसी अच्छे कॉलेज से ग्राजूएशन कंप्लीट करना होता है।

इसके बाद, आपको यूपीएससी सीएसई के लिए आवेदन करना होगा।

परीक्षा के तीनों चरणों में पास और इंटरव्यू क्लीयर करना होगा।

इसके बाद आपको ट्रेनिंग के लिए भेजा जाएगा, जो की लगभग 12 महीनों का ट्रेनिंग प्रोग्राम होता है।

### आईपीएस में कितने पद होते हैं?

आईपीएस में कुल मिलाकर 8 पद होते हैं। शुरुआत ASP से होती है, जहां नए आईपीएस अधिकारी अपनी सेवा शुरू करते हैं। इसके बाद SP, SSP, DIG, IG, ADG और DGP के पद होते हैं। डीजीपी सबसे उच्चतम पद होता है, जो स्टेट पुलिस का हेड होता है।

### आईपीएस की ट्रेनिंग कहां होती है?

आईपीएस की ट्रेनिंग हैदराबाद में मौजूद सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में होती है। यहां नए आईपीएस अधिकारियों को पुलिस सेवा से जुड़े सभी जरूरी स्किल्स और ज्ञान दिया जाता है, जिसमें शारीरिक प्रशिक्षण, कानून-व्यवस्था, अपराध जांच और नेतृत्व विकास शामिल हैं। वैसे तो दोस्तों आईपीएस बनने के लिए वजन निर्धारित नहीं किया गया है। हांलकी ऊंचाई और छाती की माप शामिल है।

# 6 महीने के सबसे अच्छा कोर्स कौन से है?

### बेसीक कंप्यूटर कोर्स

6 महीने का सबसे अच्छा कोर्स कौन सा है की लिस्ट में पहला कोर्स **बेसीक कंप्यूटर कोर्स** है। यदि आप ऐसे स्टूडेंट है जिसको कंप्यूटर के क्षेत्र में बहुत ज्यादा रुचि है और आप कंप्यूटर सीखना चाहते है। तब आपके लिए **बेसीक कंप्यूटर कोर्स** करना एक बेहतर ऑप्शन हो सकता है। इस कोर्स में आपको थ्योरी, ट्यूटोरियल्स और प्रैक्टिकल्स के माध्यम से कंप्यूटर फंडामेंटल्स की नॉलेज दी जाती है।

### डिप्लोमा इन कंप्यूटर अप्लीकेशन कोर्स

6 महीने का सबसे अच्छा कोर्स कौन सा है के दूसरे नंबर पर डिप्लोमा इन कंप्यूटर अप्लीकेशन कोर्स है। डिप्लोमा इन कंप्यूटर अप्लीकेशन कोर्स एक डिप्लोमा कोर्स है। यह एक शॉर्ट टर्म कोर्स है आमतौर पर यह कोर्स 6 महीने का होता है। स्टूडेंट 10th या 12th पास करने के बाद डिप्लोमा इन कंप्यूटर अप्लीकेशन कोर्स कर सकते है।

डिप्लोमा इन कंप्यूटर अप्लीकेशन कोर्स के अंतर्गत आपको कंप्यूटर के बारे में गहराई से बताया जाता है। आमतौर पर यह कोर्स बेसिक कंप्यूटर स्किल्स, एम-एस ऑफिस, इंटरनेट बेसिक्स, टैली आदि जैसे विषयों की जानकारी प्रदान करती है।

डीसीए करने के बाद आपके सामने कॉफी सारे करियर ऑप्शन खुल जाते है। इसके अलावा आप विभिन्न क्षेत्रों में जॉब के लिए अप्लाई भी कर सकते है।

### पोस्ट ग्रैजूएट डिप्लोमान इन कंप्यूटर अप्लीकेशन

पोस्ट ग्रैजूएट डिप्लोमान इन कंप्यूटर अप्लीकेशन भी एक डिप्लोमा कोर्स होता है हालाकि कोर्स की अवधि 1 साल तक होता है। सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट में इंट्रेस्ट रखने वाले स्टूडेंट अपने ग्रेजुएशन कंप्लिट कर लेने के बाद पोस्ट ग्रैजूएट डिप्लोमान इन कंप्यूटर अप्लीकेशन कोर्स कर सकते है।

इस कोर्स में आपको कंप्यूटर लैंग्वेज C, C++, Java और Oracle सिखाई जाती है। इसके




अलावा इस कोर्स में आपको वेब डिजाइनिंग, ऑपरेटिंग सिस्टम, और डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम जैसे सब्जेक्ट भी सिखाए जाते है। PGDCA करने के बाद आप आईटी उद्योग में अपना करियर बनाने के बारे में सोच सकते है।

### कंटेंट लिखने

यदि आपको लिखना काफी ज्यादा अच्छा लगता है आप अप अपने इस पैशन को करियर में बदलना चाहते है तो आपके लिए कंटेंट राइटिंग कोर्स अच्छा विकल्प हो सकता है। इसकी कोर्स कॉमेंट कर लेने के बाद इसे आप फूल टाइम भी कर सकते है।

यही नहीं अगर आप इंग्लिश और हिंदी दोनों में ही अच्छी तरह से कंटेंट राइटिंग कर लेते हैं तो आपके लिए कई तरह के काम मुमकिन होते है जैसे सिर्फ मीडिया हाउस में बल्कि आप कई कंपनियों में फ्रीलांसिंग के लिए अप्लाई कर सकते हैं। यह कोर्स 6 महीने का होता है और फीस 8,000 रुपए से शुरू होती है।

### माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस

6 महीने का सबसे अच्छा कोर्स कौन सा है के लिस्ट में माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस कोर्स भी एक महत्वपूर्ण शॉर्ट टर्म कोर्स है। यदि आपको कंप्यूटर में माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस टूल्स जैसे- वर्ड , एक्सल , पॉवल पाइट आदि चलाना अच्छा लगता है तो आप इसकी कोर्स करके अपनी पैशन को करियर में चेंज कर सकते है।

एक बार जब आप कोर्स कंप्लीट कर लेते है तो आप जॉब के लिए एप्लाई कर सकते है। आजकल अधिकांश ऑफिस और बिजनेस में एमएस ऑफिस के टूल्स विभिन्न कार्यों में उपयोग होते है। ऐसे में आप किसी एक में महारत हासिल कर अच्छी तनख्वाह वाली जॉब कर सकते है। इस कोर्स को करने हेतु आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही तरीकों से कर सकते है।

### डाटा इंट्री

6 महीने का सबसे अच्छा कोर्स कौन सा है में डाटा एंट्री का कोर्स भी काफी पॉपुलर है। कोर्स को आप 10th क्लास के बाद आसानी से कर सकते हैं। यह एक एडवांस लेवल का कोर्स है जिसे सीखने के बाद आप बड़ी-बड़ी कम्पनी में जॉब पा सकते है।

डाटा एंट्री के कोर्स करने के प्रश्चात आपको टाइपिंग स्पीड की क्षमता और अधिक हो जायेगी, आप हिंदी और इंग्लिश दोनो भाषाओं में सरलता से टाइपिंग कर सकेंगे एवं आपको एक साथ बहुत सारे डाटा मैनेज करना आ जायेगा।

### टैली प्राइम कोर्स

यदि आपको एकाउंटिंग और इंट्रेस्ट है तो आप टैली का कोर्स 10 वीं कक्षा के बाद कर सकते है। टैली का फुल फॉर्म ट्रांजेक्शन्स अलाउड इन ए लीनियर लाइन यार्ड होता है। इस कोर्स में आपको साप्टवेयर के बारे गहराई से समझने को मिलेगा।

इसके साथ ही जीएसटी और टीडीएस गणना के बारे में भी जानने को मिलेगा। आप इस क्षेत्र के एडवांस कोर्स टैली इआरपी भी सीख सकते है जिसके बाद आप एक चार्टड अकाउंटेंटबन सकते है।

### वेब डवलपमेंट

6 महीने का सबसे अच्छा कोर्स कौन सा है? के लिस्ट में अगला नाम है वेबसाइट डेवलपमेंट कोर्स का। आज के समय में वेबसाइट डेवलपमेंट एक उभरता हुआ करियर ऑप्शन है। वेबसाइट डेवलपमेंट का कोर्स उन स्टूडेंट्स के लिए बेहतर है जो खासतौर पर इंटरनेट, वेबसाइट डिज़ाइन और कंप्यूटर प्रोग्रामिंग में दिलचस्पी रखते हैं।

### एआई इमेज जनरेटॅार कोर्स

यह एआई का एक नया आधुनिक देने है, जो यूजर्स द्वारा दिए गए कुछ मापदंडों या संकेतों (प्रोम्प्ट) के आधार पर हाई क्वॉलिटी वाली इमेज बना सकते है। डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र में, तो एआई इमेज जनरेटॅार वरदान साबित हुआ हैं।

आप बिना किसी पेशेवर डिज़ाइनर या फ़ोटोग्राफ़र की आवश्यकता के, समय और संसाधनों की बचत करते हुए शानदार फोटो क्रिएट कर सकते है।

### फोटोशॉप

यदि आपका रुचि ड्राइंग और पेंटिंग में है और आप 6 महीने का सबसे अच्छा कोर्स करना चाहते है तो आपके लिए फोटोशॉप कोर्स बढ़िया ऑप्शन हो सकता है। यह एक एडवांस लेवल का कोर्स होता है जिसे सीखने के बाद आप बहुत बड़े बड़े क्षेत्रों में अपना करियर बनाने के बारे में सोच कर सकते है।

इस कोर्स में आपको पासपोर्ट साइज फोटो बनाना, हाई क्वालिटी का इमेज डेवलप, किसी कंपनी का लोगो बनाना, पोस्टर, बैकग्राउंड रिमूव करना, वेबसाइट में डिजाइनिंग करना आदि तमाम तरह के डिजाइन करना आपको सिखाया जाता है।

इस कोर्स को करने के लिए 3 महीने से एक साल तक का समय लगता है। आप इस कोर्स को किसी इंस्टिट्यूट या ऑनलाइन तरीके से सिख सकते है। फोटोशॉप सीखने के बाद आप बड़ी बड़ी कम्पनी में जॉब कर सकते है इसके आलावा आप सोशल मीडिया के भी कार्य कर सकते है।

# आर्ट्स, कॉमर्स, साइंस से 12वीं उत्तीर्ण करने वाले स्टूडेंट्स के लिए करियर विकल्प



देशभर में बोर्ड परीक्षाओं का दौर जारी है। 12वीं कक्षा में पढ़ रहे स्टूडेंट्स आर्ट्स, कॉमर्स या विज्ञान विषयों के साथ बोर्ड परीक्षाओं में भाग ले रहे हैं। इन सभी स्टूडेंट्स और उनके अविभावकों को को 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के साथ ही यह चिंता भी सताने लगी है कि वे आगे चलकर कौन सा कोर्स करें जिससे कि उनके बेहतर करियर का निर्माण हो सके।

अगर आप भी 12वीं करने के बाद करियर को लेकर पशोपेश में हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए उपयोगी है। आप यहां से सभी स्ट्रीम्स के अनुसार करियर विकल्प की जानकारी हासिल कर सकते हैं और उसी दिशा में भविष्य को दिशा दे सकते हैं।

### आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए ढेरों विकल्प हैं मौजूद

जो स्टूडेंट्स 12वीं आर्ट्स विषयों के साथ कर रहे हैं वे बीए, बीए एलएलबी (BA LLB), बीएचएम, बीएफए, बीबीए, बैचलर इन फैशन डिजाइनिंग, बीजेएमसी, टूर एंड ट्रैवल, बैचलर इन सोशल वर्क पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेकर एक क्षेत्र चुन सकते हैं। इसके अलावा अगर आपको टीचिंग में रुचि है तो अब कई विश्वविद्यालयों में 4 वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम शुरू कर दिया गया है। आप इसमें प्रवेश लेकर टीचिंग क्षेत्र में भी करियर को दिशा दे सकते हैं।

### साइंस स्टूडेंट्स कर सकते हैं ये कोर्स

साइंस और मैथ्स विषयों से 12वीं करने वाले स्टूडेंट्स जेईई मेन की तैयारी कर सकते हैं और आगे चलकर इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही आप बीएससी, बीए, बीकॉम जैसे पाठ्क्रमों के लिए भी प्रवेश ले सकते हैं। इसके अलावा आप आर्किटेक्ट, एविएशन एवं मेडिकल क्षेत्र में भी करियर की शुरुआत कर सकते हैं।

### कॉमर्स वाले स्टूडेंट्स इस क्षेत्र में बनायें करियर

अगर आप कॉमर्स के स्टूडेंट हैं तो आप सबसे पहले सीए की तैयारी के लिए एलिजिबल होते हैं। इसके अलावा आप बीकॉम और उसके बाद एमकॉम करके बैंकिंग क्षेत्र में करियर बना सकते हैं। इन सबके साथ ही आप लॉ, टूर एन्ड ट्रैवलिंग, होटल मैनेजमेंट, पत्रकारिता पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश लेने के लिए योग्य हैं। आप अपनी रुचि के अनुसार इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं।

# डिजिटलीकरण के चलते इन क्षेत्रों में नहीं होगी नौकरियों की कमी

दुनिया डिजिटलीकरण के चलते तेजी से बदल रही है। पिछले कुछ वर्षों में डिजिटलीकरण के चलते ऑनलाइन जॉब्स तेजी से उभरकर सामने आई हैं। इसका सीधा फायदा कंपनी को होता कि कोई भी कहीं से भी अपने वर्क को पूरा कर सकता है। इसी के चलते आने वाले कुछ वर्षों में कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां ऑनलाइन जॉब्स की भरमार के चलते जॉब्स के ढेरों अवसर उत्पन्न होंगे।

### कंटेंट क्रिएटर्स

आज क्षेत्र चाहे मेडिकल, इंजीनियरिंग का हो या टीवी, मीडिया, Youtube, Facebook, X या Instagram का हो हर किसी को कंटेंट क्रिएटर्स



की जरूरत होती है। बड़े से लेकर छोटे ब्लॉगर तक, छोटी से लेकर बड़ी कंपनियों को अपने प्रोडक्ट के प्रचार के लिए भी इनकी जरूरत होती है। ऐसे में इस क्षेत्र में आगे भी जॉब्स की भरमार रहेगी। बस आपको इस क्षेत्र में जाने के लिए किसी एक भाषा (हिंदी या अंग्रेजी) पर बेहतर पकड़ रखनी होगी। अगर दोनों भाषाओं का ज्ञान है तो और भी बेहतर है बस गलतियां न करते हों।

### सोशल मीडिया मैनेजर

जिस प्रकार किसी प्रोडक्ट को प्रचारित करने के लिए कंटेंट आवश्यक है वैसे ही आज का जमाने में लोगों तक उसे पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया मैनेजर जरूरी हैं। इसलिए कंटेंट राइटर्स के साथ ही सोशल मीडिया मैनेजर की जॉब्स भी बनी रहेंगी।

### गेम स्ट्रीमर

डिजिटलीकरण के चलते गेम इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है। इसके लिए आपको कोई आधिकारिक डिग्री या डिप्लोमा की भी आवश्यकता नहीं है, जरूरत है तो बस आपकी गेम्स के ऊपर पकड़। अगर आप दो-चार गेम्स भी बेहतर खेल सकते हैं तो ऑनलाइन गेम स्ट्रीमिंग बेहतर विकल्प है। इससे आप खुद को बिना किसी की ज्यादा मदद के स्थापित कर सकते हैं।

# इंडियन ऑयल में आ गई है भर्ती! नॉन इंजीनियर और ग्रेजुएट अप्रेंटिस के लिए जल्द करें आवेदन

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, चेन्नई ने विभिन्न विषयों में अप्रेंटिसशिप लिए ग्रेजुएट और तकनीशियन अपरेंटिस की भर्ती निकली है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक और पात्र उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट (iocl.com) के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इन पदों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 नवंबर, 2024 है। इस भर्ती अभियान का लक्ष्य विभिन्न विषयों में डिप्लोमा और गैर-इंजीनियरिंग ग्रेजुएट अप्रेंटिस के लिए कुल 240 पदों को भरना है, जिसमें गैर-इंजीनियरिंग स्नातक प्रशिक्षु के लिए 120 पद और डिप्लोमा (तकनीशियन) अप्रेंटिस के लिए 120 पद शामिल है।

शैक्षणिक योग्यता

स्नातक (गैर-इंजीनियरिंग) प्रशिक्षु के लिए उम्मीदवारों का किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से प्रासंगिक इंजीनियरिंग विषय में पूर्णकालिक डिप्लोमा प्राप्त होना आवश्यक है।

तकनीशियन प्रशिक्षु पद के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कला/ विज्ञान/ वाणिज्य/ मानविकी/ बी ए / बी ए स सी , /बीबीएम/बीकॉम/बीबीए/बीसीए आदि में पूर्णकालिक डिग्री होनी चाहिए।

आयु सीमा

आईओसीएल अपरेंटिस 2024 के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की आयु सीमा अपरेंटिसशिप नियमों के अनुसार होनी चाहिए।

इतना मिलेगा वेतन

डिप्लोमा अप्रेंटिस के लिए चयनित उम्मीदवारों को प्रति माह 10500 रुपये वेतन दिया जाएगा। मिलेगा। गैर-इंजीनियरिंग स्नातक प्रशिक्षु अभ्यर्थियों को 11500 रुपये मंथली वेतन मिलेगा।

कैसे होगा चयन?

इन पदों पर चयन के लिए बोर्ड ऑनलाइन आवेदनों में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त जानकारी के आधार पर मेरिट सूची तैयार करेगा। उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग संबंधित अनुशासन में मूल निर्धारित योग्यता में प्राप्त अंकों के प्रतिशत के आधार पर की जाएगी। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत ईमेल आईडी के माध्यम से सूचित किया जाएगा और उन्हें इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, चेन्नई में प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए उपस्थित होना होगा।

ऐसे करें आवेदन

उम्मीदवार सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट iocl.com पर जाएं।

आवश्यक विवरण जैसे मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी आदि के साथ ऑनलाइन पंजीकरण पूरा करें।

ऑनलाइन आवेदन पृष्ठ पर जाने के लिए अपने ईमेल आईडी और पासवर्ड से लॉगिन करें।

# यूरेनियम कॉर्पोरेशन में विभिन्न पदों पर होगी भर्ती; अभी करें आवेदन

यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (UCIL) ने माइनिंग मेट-सी और ब्लास्टर-बी समेत विभिन्न पदों पर भर्ती निकाली है। इन पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट (ucil.gov.in) पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इन पदों के लिए उम्मीदवार 30 नवंबर, 2024 तक आवेदन कर सकते हैं।

इस भर्ती अभियान का लक्ष्य कुल 82 पदों को भरना है, जिसमें माइनिंग के लिए 64, ब्लास्टर-बी के लिए 8 और वाइंडिंग ड्राइवर के लिए 10 पद शामिल है। इन पदों पर उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा/ट्रेड टेस्ट/व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर होगा।

शैक्षणिक योग्यता

माइनिंग मेट-सी पद के लिए उम्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं पास साथ ही माइनिंग मेट सर्टिफिकेट भी होना चाहिए।

ब्लास्टर बी के लिए आवेदकों के पास डीजीएमएस द्वारा जारी अप्रतिबंधित ब्लास्टर योग्यता प्रमाणपत्र होना चाहिए और साथ ही उनका 10वीं पास होना आवश्यक है।

वाइंडिंग इंजन ड्राइवर-बी के लिए उम्मीदवारों के पास डीजीएमएस द्वारा जारी प्रथम श्रेणी वाइंडिंग इंजन ड्राइवर योग्यता प्रमाण पत्र होना चाहिए और साथ ही उनका 10वीं पास होना जरूरी है।

आयु सीमा

इन पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की अधिकतम उम्र 32 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए, जबकि आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को ऊपरी उम्र में छूट दी गई है।

चयनित उम्मीदवारों को मिलेंगी ये सुविधाएं

इन पदों के लिए चयनित उम्मीदवारों को लागू मूल वेतन, मंहगाई भत्ता, सामान्य भत्ते आदि के अलावा, कंपनी की मौजूदा नीतियों/नियमों और सुविधा की उपलब्धता के मुताबिक रियायती आवास, चिकित्सा सुविधा, बच्चों की शिक्षा सुविधा आदि मिलेगी।

आवेदन शुल्क

आवेदन करने वाले सामान्य, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी श्रेणी के आवेदकों को 500 रुपये आवेदन शुल्क देना होगा, जबकि एससी, एसटी, पीडब्ल्यूबीडी और महिला उम्मीदवारों को किसी तरह का कोई आवेदन शुल्क नहीं देना होगा।

ऐसे करें आवेदन

सबसे पहले उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट uranium corp.in पर जाएं।

अब होमपेज पर UCIL भर्ती 2024 लिंक पर क्लिक करके आवश्यक विवरण दर्ज करें।

इसके बाद आवश्यक दस्तावेज जमा करें और आवेदन शुल्क का भुगतान करें।

अंत में आवेदन पत्र जमा कर दें और भविष्य के संदर्भ के लिए इसका प्रिंटआउट अपने पास रख लें।

# यूपीएससी ने एक बार फिर किया वार्षिक कैलेंडर में संशोधन, कई परीक्षाओं की तारीख बदली

संघ लोक सेवा आयोग ने अपनी विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के लिए जारी वार्षित कैलेंडर में एक बार फिर से बदलाव किया है। आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in. पर संशोधित यूपीएससी वार्षिक कैलेंडर 2025 जारी कर दिया है। यह दूसरी बार है जब यूपीएससी वार्षिक कैलेंडर 2025 को संशोधित किया गया है। इसे पहली बार अगस्त में संशोधित किया गया था ।

### एनडीए, एनए के लिए महत्वपूर्ण तिथियां

संशोधित कैलेंडर के अनुसार, एनडीए और एनए परीक्षा (I), 2025 और सीडीएस परीक्षा (I), 2025, की अधिसूचना 11 दिसंबर, 2024 को जारी की जाएगी। दोनों परीक्षाओं के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर, 2024 है। दोनों परीक्षाएं 13 अप्रैल, 2025 को आयोजित की जाएंगी।

एनडीए और एनए परीक्षा (II), 2025 और सीडीएस परीक्षा (II), 2025 की अधिसूचना 28 मई को जारी की जाएगी और पंजीकरण प्रक्रिया 17 जून, 2025 को समाप्त होगी। लिखित परीक्षा 14 सितंबर, 2025 को आयोजित की जाएगी।

### सिविल सेवा परीक्षा की तिथियां

सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2025 और भारतीय वन सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2025 के लिए सीएस(पी) परीक्षा 2025 के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया 22 जनवरी, 2025 को शुरू होगी और 11 फरवरी, 2025 को बंद होगी। परीक्षा 25 मई, 2025 को आयोजित की जाएगी।

सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा 2025 22 अगस्त, 2025 को आयोजित की जाएगी। भारतीय वन सेवा (मुख्य) परीक्षा 2025 16 नवंबर, 2025 को आयोजित की जाएगी।

आईईएस/आईएसएस परीक्षा 2025 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 12 फरवरी, 2025 से शुरू होगी और आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 मार्च, 2025 तक है। परीक्षा 20 जून, 2025 को आयोजित की जाएगी।

संयुक्त चिकित्सा सेवा परीक्षा

संयुक्त चिकित्सा सेवा परीक्षा, 2025 की अधिसूचना 19 फरवरी को जारी होगी और आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 मार्च, 2025 है। लिखित परीक्षा 20 जुलाई, 2025 को आयोजित की जाएगी।

संयुक्त भू-वैज्ञानिक परीक्षा

कैलेंडर में संयुक्त भू-वैज्ञानिक (प्रारंभिक) परीक्षा, 2025 और मुख्य परीक्षा की तिथियां भी दी गई हैं।

प्रारंभिक परीक्षा 9 फरवरी, 2025 को होगी और मुख्य परीक्षा 21 जून, 2025 को आयोजित की जाएगी। अधिक संबंधित जानकारी के लिए उम्मीदवार यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट देख सकते हैं।



# सस्ती सब्जियों के लिए अभी और करना होगा इंतजार

## महीने के अंत तक बाजार में आएगा नया आलू

नईदिल्ली,10 नवंबर (एजेंसियां)। हर साल अक्टूबर-नवंबर आते ही लोगों को महंगी सब्जियों से राहत मिल जाती थी। लेकिन, इस बार लोग अभी भी महंगी सब्जी ही खरीद रहे हैं।

आलम यह है कि गाजर, मूली, टमाटर, गोभी के बढ़े रेट की वजह से बहुत से लोग अभी भी इसे खरीद नहीं रहे हैं। वे अभी भी इन सब्जियों के रेट कम होने का इंतजार कर रहे हैं। लोगों को इस महीने ही सस्ती सब्जियों की सौगात मिल सकती है। लेकिन, इसके लिए उन्हें करीब 20 दिनों का इंतजार करना होगा।




**नया आलू कब तक?**

हर साल अक्टूबर से ही नया आलू बाजार में आना शुरू हो जाता था। लेकिन, अभी बाजार में पुराना आलू ही बिक रहा है। इस साल अभी तक आलू की नई फसल नहीं आ पाई है। कारोबारियों का कहना है कि इस साल मानसून की बारिश के देर तक होने से आलू की बुवाई ही देर से हुई है। इसलिए, अभी भी नए आलू के बाजार में आने के लिए लोगों को करीब 20 दिन का इंतजार करना होगा। अनुमान है कि इस महीने के अंत तक लोग नए आलू का स्वाद लेने लगेंगे।

**नए आलू के नाम पर क्या बिक रहा है?**

सब्जी मंडी के ट्रेडर बताते हैं कि अभी नए आलू के नाम पर बिक रहे जहरीले आलू से बचें। दरअसल, कुछ लोग पुराने आलू को ही अमोनिया तथा कुछ अन्य केमिकल के घोल में डुबोते हैं। उसके बाद उसे बोरी में डाल कर रगड़ते हैं। इस प्रक्रिया के बाद पुराना आलू भी नए आलू की तरह सख्त हो जाता है और उसके छिलके छूटने लगते हैं। इससे लोगों को भ्रम हो जाता है कि यह नया आलू है।

लेकिन इससे बच कर रहें। यह आलू जहरीला हो जाता है जो स्वास्थ्य के लिए घातक है।

**नई मटर और लोकल गोभी भी आ जाएगी**

हर साल अक्टूबर में ही मटर की भी नई फसल आती थी। इसके साथ ही लोकल गोभी भी बाजार में उतर जाती थी। इससे रेट में गिरावट आती थी। इस साल अभी गोभी और मटर हिमाचल से आ रही है। इसलिए यह महंगी है। यह फसल भी मानसूनी बारिश के देर तक होने की वजह से लेट है। कई जगह तो किसान खेत में नई फसल लगा चुके थे और बारिश हो गई। इस वजह से उनके पौधे खेत में ही सड़ गए। इस वजह से किसानों को फिर से बुवाई करनी पड़ी।

**कब तक रुलाएगा प्याज**

दिल्ली में आजादपुर सब्जी मंडी के ओनियन ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रधान श्रीकांत मिश्रा के मुताबिक दिल्ली में नासिक, मध्य प्रदेश और राजस्थान से प्याज आती है। लेकिन पिछले साल की तुलना में इस समय कम गाड़ियां आ रही हैं। ऐसे में मार्केट में प्याज के रेट बढ़े हुए हैं। उम्मीद है कि अगले कुछ सप्ताह में अलवर के प्याज की फसल तैयार हो जाएगी। उसके बाद इसके दाम में कमी आएगी। उस समय तक बेंगलुरु से भी प्याज की आवक बढ़ जाएगी।

# डोनाल्ड ट्रंप की जीत से टाटा पर बरसा पैसा, मुकेश अंबानी को रिकॉर्ड नुकसान



नई दिल्ली,10 नवंबर (एजेंसियां)। जब से डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में जीत का परचम लहराया है, तब से देश की आईटी कंपनियों को पंख ही लग गए हैं. पिछले हफ्ते रतन टाटा की सबसे बड़ी कंपनी टीसीएस जबरदस्त फायदा हुआ है. पिछले हफ्ते कंपनी के मार्केट कैप में करीब 58 हजार करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है. इंफोसिस की झोली में भी करीब 29 हजार करोड़ रुपए झोली में आए हैं. वहीं दूसरी ओर देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज को रिकॉर्ड नुकसान उठाना पड़ा है. पिछले हफ्ते कंपनी के मार्केट कैप में 74,500 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है.अगर बात ओवरऑल करें तो देश की टॉप 10 कंपनियों में से 6 कंपनियों के मार्केट कैप को ज्वाइंटली 1,55,721.12 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है. वहीं दूसरी ओर 4 कंपनियों में के मार्केट कैप में 1,21,074.37 करोड़ रुपए का इजाफा देखने को मिला है. वैसे पिछले हफ्ते बांबे स्टॉक एक्सचेंज के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स में 500 से ज्यादा अंकों की गिरावट देखने को मिली है. वहीं निफ्टी में 74 से ज्यादा अंकों की तेजी देखने को मिली है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर देश की टॉप कंपनियों में से किसके मार्केट कैप में बढ़ोतरी देखने को मिली है और किसके मार्केट कैप में गिरावट?

**शेयर बाजार में मामूली इजाफा**

पिछले शेयर में मामूली इजाफा भी देखने को मिला. बांबे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 513.63 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 79,486.32 अंकों पर था. जबकि शुक्रवार को 55.47 अंकों का मामूली गिरावट देखने को मिली है. वहीं दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक निफ्टी 74.45 अंकों की तेजी देखने को मिली. जबकि शुक्रवार को निफ्टी 51.15 अंकों की गिरावट के साथ 24,148.20 अंकों पर देखने को मिली है।

# एलन मस्क से ज्यादा कमाई लेकिन अमीरों की लिस्ट में टॉप 10 में जगह नहीं, कौन है यह शख्स?

नई दिल्ली,10 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी कारोबारी एलन मस्क दुनिया के सबसे बड़े रईस हैं। हाल में उनकी नेटवर्थ में काफी उछाल आई है। उनकी कंपनी टेस्ला के शेयरों में इस हफ्ते 29 फीसदी तेजी आई है। इसके साथ ही मस्क की नेटवर्थ भी 314 अरब डॉलर पहुंच चुकी है। दूर-दूर तक कोई उनकी टक्कर में नहीं है। दूसरे नंबर पर काबिज एमेजॉन के फाउंडर जफ बेजोस की नेटवर्थ 230 अरब डॉलर है। इस तरह मस्क और बेजोस की नेटवर्थ में 84 अरब डॉलर का अंतर है। दिलचस्प बात है कि मस्क की नेटवर्थ में इस साल 84.7 अरब डॉलर की तेजी आई है। लेकिन इस साल कमाई के मामले में वह दूसरे नंबर पर हैं। इस साल सबसे ज्यादा कमाई के मामले में एनवीडिया के सीईओ जेंसन हुआंग पहले नंबर पर हैं। उनकी नेटवर्थ में इस साल 84.8 अरब डॉलर की तेजी आई है। लेकिन वह 129 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 11वें नंबर पर हैं। एनवीडिया के शेयरों में इस साल काफी तेजी आई है। हाल में यह ऐपल को पछाड़कर दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी बनी है। इसका मार्केट कैप 3.621 ट्रिलियन डॉलर पहुंच चुका है जबकि ऐपल 3.430 ट्रिलियन डॉलर के साथ दूसरे नंबर पर खिसक चुकी है। हुआंग के पास



एनवीडिया में तीन फीसदी हिस्सेदारी है।

**सबसे ज्यादा नुकसान**

इस सबसे ज्यादा कमाई करने के मामले में फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ मार्क जकरबर्ग तीसरे नंबर पर हैं। उनकी नेटवर्थ में इस साल 80.5 अरब डॉलर की तेजी आई है। वह 209 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। ओरेकल के फाउंडर लैरी एलिसन की नेटवर्थ इस साल 79.4 अरब डॉलर बढ़ी है और वह 202 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के चौथे बड़े रईस हैं।दूसरी ओर सबसे ज्यादा नेटवर्थ गंवाने के मामले में फ्रांसीसी बिजनसमैन बर्नार्ड अरनॉल्ट सबसे आगे हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 35.3 अरब डॉलर की गिरावट आई और वह 172 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में पांचवें नंबर पर खिसक गए हैं। मेक्सिको के कार्लोस स्लिम ने 22.4 अरब डॉलर और फ्रांसुआ बेटनकोर्ट मायर्स ने 23.9 अरब डॉलर गंवाए हैं।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**

| ग्रह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | तुला | मे |
| चंद्र- | कुंभ | मे |
| मंगल | कर्क | मे |
| बुध- | वृश्चिक | मे |
| गुरु- | वृष | मे |
| शुक्र- | धनु | मे |
| शनि- | कुंभ | मे |
| राहु- | मीन | मे |
| केतु- | कन्या | मे |

| लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|
| तुला-- | 04-39 | बजे |
| वृश्चिक- | 06-49 | बजे |
| धनु---- | 09-03 | बजे |
| मकर.... | 11-09 | बजे |
| कुंभ- | 13-00 | बजे |
| मीन- | 14-38 | बजे |
| मेष--- | 16-13 | बजे |
| वृष--- | 18-00 | बजे |
| मिथुन | 20-00 | बजे |
| कर्क-- | 22-11 | बजे |
| सिंह--- | 00-23 | बजे |
| कन्या-- | 02-34 | बजे |

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत् -2051,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
सूर्योदय -06-22
सूर्यास्त. -17-37
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल -- पूर्व - कांच मे मुंह देखकर घर से निकले
तिथि- दशमी 18-46 तक उपरान्त एकादशी
मास - कार्तिक शुक्ल , सोमवार 11 November
नक्षत्र - शतभिषा 09-49 तक उपरान्त पूर्वभाद्रपद
योग - व्याघात 22-35 तक उप हर्षण
करण- तैतिल 07-57 तक उप गर
विशेष:-
व्रत -त्योहार - भीष्म पंचक व्रतारंभ

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए ।

**राहुकाल 07:45 से 09:10 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| अमृत. | 06:22 - 07:45 | शुभ |
| काल | 07:45 - 09:10 | अशुभ |
| शुभ. | 09:10 - 10:35 | शुभ |
| रोग. | 10:35 - 12:00 | अशुभ |
| उत्पात | 12:00 - 13:25 | अशुभ |
| चंचल | 13:25 - 14:50 | शुभ |
| लाभ | 14:50 - 16:15 | शुभ |
| अमृत | 16:15 - 17:37 | शुभ |

| रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| चंचल | 17:37 - 19:15 | शुभ |
| रोग | 19:15 - 20:50 | अशुभ |
| काल | 20:50 - 22:25 | अशुभ |
| लाभ. | 22:25 - 00:00 | शुभ |
| उत्पात | 00:00 - 01:35 | अशुभ |
| शुभ. | 01:35 - 03:11 | शुभ |
| अमृत. | 03:11 - 04:46 | शुभ |
| चंचल | 04:46 - 06:22 | शुभ |

# एफपीआई ने उड़ाई शेयर बाजार की नींद

## एक हफ्ते में निकाले 20 हजार करोड़




नई दिल्ली,10 नवंबर (एजेंसियां)। शेयर बाजार और उसके निवेशकों की अक्टूबर की शुरुआत से नींद उड़ी हुई है. ये नींद किसी और नहीं बल्कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने उड़ाई हुई है. अक्टूबर से अब तक एफपीआई ने शेयर बाजार से एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा निकाल लिए हैं. जिसका असर शेयर बाजार में देखने को मिला है और शेयर बाजार निवेशकों को मोटा नुकसान हो चुका है. नवंबर महीने के पहले हफ्ते में भी विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजार से करीब 20 हजार करोड़ रुपए निकाल लिए हैं. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर विदेशी निवेशक शेयर बाजार से कितना पैसा नुकसान चुके हैं?

**एफपीआई ने 20 हजार करोड़**

भारतीय इक्विटी बाजारों से विदेशी निवेशकों का पलायन बीते सप्ताह बेरोकटोक जारी रहा. विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने पिछले पांच कारोबारी सत्रों में लगभग 20,000 करोड़ रुपए निकाले. घरेलू शेयरों के अधिक मूल्यांकन और चीन में अपना आवंटन स्थानांतरित करने के कारण एफपीआई ने बिकवाली की. ऐसे में एफपीआई 2024 में अब तक इक्विटी बाजार में शुद्ध विक्रेता बन गए हैं, और उन्होंने कुल 13,401 करोड़ रुपये की निकासी की है. आने वाले समय में एफपीआई की बिकवाली जारी रहने का अनुमान है. अगर तीसरी तिमाही के नतीजे और प्रमुख संकेतक आय में सुधार का संकेत देते हैं, तो यह परिदृश्य बदल सकता है और एफपीआई बिकवाली कम कर सकते हैं.

**लगातार निकाल रहे हैं पैसा**

आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने इस महीने अब तक 19,994 करोड़ रुपए की शुद्ध बिकवाली की है. जबकि उन्होंने अक्टूबर के महीने में 94,017 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की थी. यह एफपीआई की अब तक की सबसे अधिक बिकवाली थी. इसका मतलब है कि अक्टूबर से अब तक विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजार से 1,14,011 करोड़ रुपए निकाल चुके हैं. सितंबर 2024 में विदेशी निवेशकों ने 57,724 करोड़ रुपये का निवेश किया था. वैसे मौजूदा साल में विदेशी निवेशक शेयर बाजार से 13,401 करोड़ रुपए निकाल चुके हैं. एफपीआई के भारतीय इक्विटी से बाहर निकलने का एक प्रमुख कारण चीन के प्रति उनका नया आकर्षण है. उनका मानना है कि इस समय चीन का मूल्यांकन आकर्षक है.

**बॉन्ड मार्केट में जमकर हो रहा निवेश**

वहीं दूसरी ओर विदेशी निवेशकों की ओर से भारत के बॉन्ड मार्केट में लगातार पैसा लगा रहे हैं. बीते एक हफ्ते में विदेशी निवेशकों ने 599 करोड़ रुपए का निवेश किया है. जबकि पिछले महीने में विदेश निवेशकों ने बॉन्ड मार्केट से 4,406 करोड़ रुपए निकाले थे. वैसे मौजूदा साल में विदेशी निवेशक मौजूदा साल में अब तक 1,06,440 करोड़ रुपए का निवेश कर चुके हैं.

# एनवीडिया के जेनसेन हुआंग क्यों नहीं पहनते घड़ी?

## सबसे वैल्यूएबल कंपनी के सीईओ ने वजह बताते हुए दी बेस्ट करियर सलाह




नई दिल्ली,10 नवंबर (एजेंसियां)। एनवीडिया इस समय दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी है और इसका मूल्यांकन 3.65 ट्रिलियन के पार कर गया है। इसके सीईओ जेनसेन हुआंग पिछले महीने ही भारत आए थे और यहां देश के सबसे धनवान कारोबारी मुकेश अंबानी के साथ मिलकर देश में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने को लेकर प्रतिबद्धता जताई है. जाहिर है दुनिया की सबसे अमीर कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेनसेन हुआंग के लिए वक्त की कीमत बहुत ज्यादा होगी, हालांकि चौंकाने वाली बात ये है कि वो घड़ी नहीं बांधते या पहनते हैं. इसकी वजह जानकर आप हैरान भी रह जाएंगे और प्रेरित भी होंगे, ऐसा मुमकिन है।

**एनवीडिया के सीईओ जेनसेन हुआंग क्यों नहीं पहनते घड़ी-बताई वजह**

एनवीडिया के सीईओ जेनसेन हुआंग ने हाल ही में एक टेक इवेंट में बताया कि उनकी समय को लेकर कैसी अनोखी विचारधारा है और वो घड़ी क्यों नहीं बांधते हैं. उन्होंने कहा कि इस बात को बहुत कम लोग जानते हैं कि मैं घड़ी नहीं बांधता हूं, और इसके पीछे कारण है कि मैं मानता हूं कि अभी तत्काल का जो समय है- वो ही सबसे अहम समय है. आपको जानकर हैरानी होगी कि मैं बिल्कुल भी महत्वाकांक्षी नहीं हूं और मैं उस समय का इंतजार करता हूं जब दुनिया मेरे पास आए. जो लोग मुझे और एनवीडिया को जानते हैं उन्हें पता है कि एनवीडिया की कोई लॉन्ग-टर्म स्ट्रेटजी नहीं है और हमारा लंबी अवधि के लिए कोई प्लान नहीं है. हमारी लंबी अवधि की प्लानिंग की परिभाषा है कि 'हम आज क्या करने वाले हैं?'

**जेनसेन हुआंग की बेस्ट करियर सलाह**

जेनसेन हुआंग ने मौजूदा पीढ़ी और आने वाली जेनरेशन के लिए सर्वश्रेष्ठ करियर सलाह के बारे में पूछने पर कहा कि...मैं ये ही करियर सलाह दूंगा कि अभी का (तत्काल) समय ही सबसे बेस्ट समय है. अपने आप को बस इस समय को समर्पित कर दीजिए, मैं बामुश्किल चीजों के पीछे भागता हूं और मैं अपने अभी के समय पर फोकस करता हूं.

इसके साथ ही अपने काम को एंजॉय करता हूं.जेनसेन हुआंग ने अपने जीवन की एक खास बात का जिक्र साल 2023 में भी किया था कि जब वो जापान में थे और वहां एक माली से उनको ऐसी विचारधारा के बारे में सोचने का दृष्टिकोण मिला।

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
काम के प्रयोजन के लिए आप यात्रा कर सकते है । विदेश यात्रा का भी योग है। आपकी कंपनी आपको दूसरे देश में भेज सकती हैं , या कार्य प्रयोजनों के लिए आपके वीजा को मंजूरी आज मिल सकती है। हालांकि अगर आप पहले से ही अपने कैरियर के लिए एक विदेशी देश में तैनात हैं , तो निकट भविष्य में अपने गृहनगर या देश में लौटने की उम्मीद कम है।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
कार्यस्थल पर प्रभावी ढंग से संवाद करने की क्षमता आप के खिलाफ की गई कुछ कार्रवाई करने के कारण प्रभावित हो रही है! आप पर संगठन का विश्वास और गोपनीयता के उल्लंघन का आरोप लगाया जा सकता है। अपने आप को शांत बनाए रखे और अन्य लोगों की जरूरतों पर विचार करें। यह जल्द ही अपने पक्ष में होगा ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज आपका ध्यान कही भटक सकता है , और आपको लगेगा की आप अपने कार्यो को समय पर पूरा नहीं कर पाएंगे । परिणाम स्वरुप आप अपने कार्यो में पीछे रह सकते है । इसका सबसे अच्छा समाधान है की आप कार्य से एक दिन अवकाश ले और बाहरी गतिविधियों में एक दिन बिताए । यह आपको ऊर्जा से भरेगा और आप नए उत्साह के साथ अपने लंबित कार्यो को निपटने में सक्षम हो जायेंगे ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
हालाँकि आप अपने कार्य क्षेत्र से संतुष्ट है और आगे की तरफ जा रहे है लेकिन ये समय अपना हुनर , रचनात्मकता एवं प्रतिबद्धता को दिखाने का है और हो सकता है की आपको अपनी परिवार की प्रतिबद्धता को पीछे छोड़ना पड़े लेकिन ये आपके करियर को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आपकी लंबित कई प्रतिबद्धताएं है जिन्हे आपको आज आसानी से पूरा करने के लिए समय मिलेगा , हालांकि आप अपने आप को बेचैन , असावधान और सुस्त महसूस करेंगे । परिणाम के रूप में, आपका कार्य लंबित होता जाएगा , क्योकि आपका ध्यान केंद्रित नहीं है, इसलिए एक दिन की छुट्टी ले और आराम करे ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
काम करते हुए आप एक विस्तृत दृष्टिकोण को अपनाते है । यह आपका सकारात्मक पहलू है और इस सप्ताह के अंत में आपका दृष्टिकोण मौद्रिक लाभ में बदलेगा । जोड़-तोड़ से बचें और जो भी करे ईमानदारी से करे । आपके काम की गुणवत्ता आपके काम की मात्रा के बजाय ज्यादा महत्व रखेगी । वफ़ादारी स्वागतयोगनीय होगी जो किसी भी मुश्किल स्थिति से आपको बाहर निकल देगी ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
एक उत्कृष्ट अवसर आपके लंबित कार्यो को खत्म करने के लिए आपके रास्ते में आ सकता है । इस खाली समय का पूरा उपयोग करें , हालांकि आप जिस तरीके से अपने कार्य अभी तक करते थे , उन्हें आपको छोड़ना होगा ! यह अपनी पसंद के घर के स्वामित्व को पाने के लिए सही समय है।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आपको इस बात का आभास नहीं है की आपके सहकर्मियों को कितनी चिन्ताओ और तनाव से गुजरना पड़ रहा है । अपने समय को बचाने की बजाय उनकी चिंता को समझना आपके लिए आज ज्यादा जरुरी होगा । अगर आप फिर भी बिना सोचे समझे आगे बढ़ते जायेंगे तो आपको कड़ाई से सबक मिल सकता है । आपको एक नए घर का स्वामित्व मिल सकता है ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू, धा ,फा, ढा, भे
बड़े रोजगार के अवसर आप का इंतजार कर रहे हैं! ध्यान से इस बारे में सोचे और आपके पूर्ण संतुष्ट होने पर अपने करियर की दिशा परिवर्तित करे । आपका सहकर्मी नौकरी को त्याग सकता है और उसकी जगह आप किसी जरूरतमंद को अपने यहाँ काम पर लगवा सकते है । हालाँकि आप अवगत नहीं है , लेकिन आपके मूल्य काफी उच्च स्तर के है ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आप कुछ समय से एक बदलाव पर विचार कर रहे है। आज आप एक ऐसे अवसर को देखेंगे जो आपको आकर्षित करेगा । सक्रिय रहे और निर्णय ले । आपको एक साक्षात्कार कॉल भी मिल सकती है। आपके आत्मविश्वास और विषय ज्ञान के साथ, एक साक्षात्कार को उतीर्ण करना आपके लिए कभी समस्या नहीं रही है। तो, पहला कदम उठाइए और निर्णय ले ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज आपको अपनी आय और व्यय का संतुलन करना मुश्किल होगा । आज अपनी आय की वृद्धि के लिए एक दूसरी नौकरी की तलाश शुरू करने के लिए भी ये सबसे अच्छा दिन है। आपको अपनी पसंद के हिसाब से कुछ कार्य मिल सकता है और यह अगले कुछ वर्षों में आपके प्राथमिक कार्य बनने की क्षमता रखता है ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज आपका भाग्य सट्टा उद्यम एवं उससे जुडी चीज़ो में आपका साथ देगा । अगर आप किसी दुविधा में हैं तो आज का दिन आपको तर्कशक्ति प्रदान करेगा जिससे आप उचित निर्णय ले पाओगे । ये निर्णय आपकी वित्तीय जरुरतो पर भी आगे जाकर अछा प्रभाव डालेगा । आज का दिन भूमि निवेश के लिए भी फायदेमंद रहेगा ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# भारत से पंगा लेने वाले जस्टिन ट्रूडो के देश का बुरा हाल,पूरी तरह कर्ज में डूबे हैं कनाडा के लोग

नई दिल्ली,10 नवंबर (एजेंसियां)। भारत से पंगा लेने वाले जस्टिन ट्रूडो के देश कनाडा का बुरा हाल हो गया है। देश की जीडीपी के मुकाबले हाउसहोल्ड डेट यानी परिवारों का कर्ज 103% पहुंच चुका है जो दुनिया में सबसे ज्यादा है। हाउसहोल्ड डेट का मतलब उस कर्ज से है जो उस देश को लोगों पर है। इसमें इंटरेस्ट और मूलधन शामिल है। यानी कनाडा की कुल जीडीपी से ज्यादा उस देश के लोगों पर कर्ज है। इसकी गणना परिवारों की डिस्पोजेबल इनकम यानी खर्च करने योग्य आय के परसेंटेज के रूप



में की जाती है। इससे साफ है कि कनाडा वित्तीय रूप से अस्थिर स्थिति से गुजर रहा है। जिन देशों में हाउसहोल्ड डेट ज्यादा होता है, वहां परिवारों को घर खरीदने या दूसरी चीजों पर खर्च करने के लिए ज्यादा कर्ज लेना पड़ता है। अमेरिका में हाल में हुए राष्ट्रपति चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की जीत से कनाडा की हालत और खस्ता होने की आशंका है। इसकी वजह यह है कि ट्रंप ने अपने चुनावी भाषणों में आयात पर भारी टैरिफ लगाने और नॉर्थ अमेरिका फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की समीक्षा करने का वादा किया था। अब अगर वह अपना वादा पूरा करते हैं तो कनाडा की इकॉनमी में भूचाल आ सकता है। कनाडा का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर अमेरिका है। कनाडा के बाद सबसे ज्यादा हाउसहोल्ड डेट यूके पर है। ब्रिटेन के लोगों पर देश की जीडीपी का 80% कर्ज है। इसके बाद अमेरिका (73%), फ्रांस (63%), चीन (62%), जर्मनी (52%), स्पेन (48%) और इटली (39%) का नंबर है।

भारत में यह 37 फीसदी है। 2021 में यह 39.2% पर पहुंच चुका था लेकिन उसके बाद इसमें गिरावट आई है। साउथ अफ्रीका और ब्राजील में यह 34% है। सऊदी अरब में 32%, रूस में 22%, इंडोनेशिया और मेक्सिको में 16% और तुर्की में 11% है।

# अनिल अग्रवाल ने हर घंटे चुकाया 2.30 करोड़ का कर्ज, दो साल में 40 हजार करोड़ चुकाया

नई दिल्ली,10 नवंबर (एजेंसियां)। देश के माइनिंग ग्रुप वेदांता लिमिटेड ग्रुप के मालिक अनिल अग्रवाल ने बीते दो साल में अपने कर्ज में काफी कमी की है. जानकारी के अनुसार अनिल अग्रवाल ने हर घंटे 2.30 करोड़ रुपए का कर्ज चुका है. इसका मतलब है कि दो साल में अनिल अग्रवाल दो साल में करीब 40 हजार करोड़ रुपए का कर्ज कम किया है.

जिसकी वजह से ग्रुप को कर्ज मुक्त बनाने में काफी मदद मिली है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर ग्रुप के मालिक ने किस तरह की जानकारी सामने रखी है. वेदांता रिसोर्सेज का कुल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज का कर्ज पिछले दो वर्षों में 4.7 अरब अमेरिकी डॉलर घटा है. ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि वित्तीय अनुशासन से ग्रुप को कर्ज मुक्त बनाने में मदद मिली. उन्होंने शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में कहा कि वेदांता लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 20,639 करोड़ रुपए का अपना अब तक का सबसे अधिक एबिटडा दर्ज किया. ऐसा उच्च उत्पादन, परिचालन उत्कृष्टता और गतिशील वैश्विक वातावरण से लाभ उठाने के कारण हुआ. वेदांता का एल्युमीनियम और जस्ता उत्पादन मात्रा के लिहाज से रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है. उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में, हम अपनी सहायक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड में उत्पादन स्तर को दोगुना करने, केयर्न ऑयल एंड गैस में तेल उत्पादन को बढ़ाकर तीन लाख बैरल प्रतिदिन करने और अपने एल्युमीनियम स्मेल्टर की क्षमता को बढ़ाकर 30 लाख टन प्रति वर्ष करने का लक्ष्य बना रहे हैं।

# वैश्विक बाजार में खाद्य तेलों की कीमत बढ़ने से महंगी हुई थाली

## यूएन खाद्य एवं कृषि संगठन की रिपोर्ट

नई दिल्ली,10 नवंबर (एजेंसियां)। खाद्य तेलों की कीमतों में आई तेजी के कारण अक्टूबर और उसके बाद भी वैश्विक बाजार में खाद्य कीमतों में 7.3 फीसदी का अच्छा-खासा उछाल देखने को मिला है। इस वजह से वैश्विक खाद्य सूचकांक पिछले 18 महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) ने एक रिपोर्ट में दी है। एफएओ का खाद्य मूल्य सूचकांक अंतराष्ट्रीय स्तर पर हर माह खाद्य कीमतों में हो रहे उतार-चढ़ाव को साझा करता है। रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर 2024 में खाद्य मूल्य सूचकांक सितंबर माह के मुकाबले दो फीसदी बढ़कर 127.4 तक पहुंच गया। अक्टूबर में खाद्य उत्पादों की कीमतों में भी खासा उछाल देखा गया। केवल मांस की कीमतों में ही गिरावट आई है। इस दौरान खाद्य तेल मूल्य सूचकांक औसतन 152.7 अंक तक पहुंच गया। यह पिछले साल अक्टूबर की तुलना में 5.5 फीसदी ज्यादा है। कीमतों में यह वृद्धि मुख्य रूप से पाम, सोया, सूरजमुखी और रेपसीड तेलों की बढ़ती कीमतों के कारण हुई है। पाम तेल की कीमतों में लगातार पांचवें महीने वृद्धि हुई। पाम आयल की बढ़ती कीमतों का मुख्य कारण दक्षिण पूर्व एशिया में अपेक्षा से कम उत्पादन है। मलेशिया, इंडोनेशिया इसके मुख्य उत्पादक हैं।



**डेयरी उत्पादों की कीमतों में भी बढ़ोतरी**

रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान डेयरी मूल्य सूचकांक भी 139.1 अंक तक पहुंच गया, जो सितंबर की तुलना में 1.9 फीसदी की अधिक है। पिछले साल अक्टूबर के महीने से तुलना करें तो यह 21.4 फीसदी ज्यादा है। यह वृद्धि खासतौर पर वैश्विक बाजार में पनीर और मक्खन की कीमतों में वृद्धि के कारण हुई। इसकी वजह यूरोपियन यूनियन में मौसमी रूप से दूध के उत्पादन में गिरावट है। मक्खन की कीमतों में लगातार 13वें महीने उछाल देखा गया है।

**भारत की वजह से चावल मूल्य सूचकांक गिरा**

भारत की वजह से चावल मूल्य सूचकांक में 5.6 फीसदी की गिरावट आई है। इसका मुख्य कारण इंडिका चावल की कीमतों में गिरावट रही, क्योंकि भारत ने साबुत चावल के निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया। इसकी वजह से निर्यातकों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा बढ़ गई।गेहूं की कीमतों में लगातार दूसरे महीने बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके लिए यूरोपियन यूनियन, रूस और अमेरिका जैसे प्रमुख निर्यातक क्षेत्रों में का खराब मौसम जिम्मेदार है। इस दौरान मक्के की कीमतों में भी अच्छी खासी बढ़ोतरी हुई है।

# पीएम मोदी ने भरी हुंकार; बोले- हमने झारखंड बनाया है

## हम ही इसे संवारेंगे; कांग्रेस-झामुमो को घेरा

रांची, 10 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को झारखंड पहुंचे। यहां उनका एक मेगा रोड शो और चुनावी रैलियों का कार्यक्रम है। सबसे पहले पीएम मोदी ने बोकारो में एक जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा के पक्ष में प्रचंड आंधी चल रही है। छोटा नागपुर का ये पठार भी कह रहा है- रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-NDA सरकार। भाजपा-NDA का यहां एक ही मंत्र है। हमने झारखंड बनाया है, हम ही झारखंड संवारेंगे। ऐसे लोग कभी झारखंड का विकास नहीं करेंगे, जो झारखंड राज्य के निर्माण के विरोधी रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज से 10 साल पहले, 2004 से 2014 तक केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, मैडम सोनिया सरकार चलाती थीं और मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री के रूप में बिठाया था। उस समय केंद्र सरकार ने झारखंड को 10 साल में बड़ी मुश्किल से 80 हजार करोड़ रुपये दिए थे। 2014 के बाद दिल्ली में सरकार बदली, आपने अपने इस सेवक मोदी को सेवा करने का मौका दिया और बीते 10 साल में हमने झारखंड को 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक दिए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा चाहती थी कि गरीब को पक्का घर मिले, शहरों-गांवों में अच्छे रास्ते बनें, बिजली-पानी मिले, इलाज की सुविधा हो, पढ़ाई की सुविधा हो, सिंचाई के लिए पानी मिले, बुढ़ापे में दवाई मिले, लेकिन जेएमएम सरकार के पिछले 5 साल में आपके हक की ये सुविधाएं जेएमएम और कांग्रेस के लोगों ने लूट लीं।

पीएम मोदी ने कहा कि आप मुट्ठीभर बालू के लिए तरस रहे हैं, और इनके नेता बालू की तस्करी करके करोड़ों कमा रहे हैं। इनके पास से नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं। अब आपने भाजपा-NDA सरकार बनाने का निर्णय कर लिया है। मैं आपसे वादा करता हूं कि सरकार बनने के बाद इन भ्रष्टाचारियों को कड़ी से कड़ी



सजा दिलाने के लिए हम अदालत में पूरी लड़ाई लड़ेंगे। आपके हक का पैसा आप पर ही खर्च होगा, आपके लिए खर्च होगा, आपके बच्चों के भविष्य के लिए खर्च होगा।

**गुमला में एक और जनसभा**

इसके बाद पीएम मोदी 3.15 बजे गुमला में एक और जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह रांची में एक मेगा रोड शो करेंगे। रोड शो शाम करीब 5.15 बजे ओटीसी ग्राउंड से शुरू होगा और न्यू मार्केट चौक पर समाप्त होगा। पीएम का यह रोड शो तीन किलोमीटर लंबा होगा जो दो विधानसभाओं रांची और हटिया से होकर गुजरेगा।

**हिमंत बिस्वा सरमा ने दी जानकारी**

असम के मुख्यमंत्री और झारखंड बीजेपी के सह-प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी रांची में 3 किलोमीटर का 'ऐतिहासिक' रोड शो करेंगे। इसमें बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है। यह एक ऐतिहासिक क्षण होगा। इसके साथ ही पीएम मोदी के रोड शो में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे।

**10 दिनों में दूसरा दौरा**

गौरतलब कि बीते 10 दिनों में यह पीएम मोदी का झारखंड का दूसरा दौरा है। बीते सप्ताह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी करने के एक दिन बाद यानी 5 नवंबर को पीएम मोदी ने राज्य का दौरा किया। उस दौरे में वह चाईबासा और गढ़वा पहुंचे थे, जहां पीएम ने रैलियों को संबोधित किया था।

**चाईबासा में विरोधियों पर बरसे थे पीएम**

अपनी चाईबासा रैली में पीएम मोदी ने कहा कि अगर झारखंड में बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार बनी तो घुसपैठ रोकने के लिए कदम उठाए जाएंगे और आदिवासी महिलाओं की हड़पी गई जमीन वापस करने के लिए कानून बनाया जाएगा।

**'भाजपा के लिए आदिवासी स्वाभिमान सर्वोपरि'**

मोदी ने जनसभा में आगे नारे लगाते हुए कहा था, 'पूरा झारखंड एक सुर में कह रहा है- रोटी, बेटी और माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-राजग (एनडीए) सरकार। उन्होंने कहा, 'भाजपा के लिए आदिवासी भाई-बहनों की आकांक्षा, उनका स्वाभिमान हमेशा सर्वोपरि रहा है। जब पहली बार भाजपा सरकार बनी। दिल्ली में अटल बिहारी वाजपेयी को सेवा करने का अवसर मिला। अटल देश के प्रधानमंत्री बने। तब जाकर आदिवासी समाज को झारखंड और छत्तीसगढ़ अलग राज्य मिले। ये दो राज्य बनाने का सौभाग्य भाजपा को मिला।'

बता दें कि झारखंड में 81 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में मतदान होना है। जिसका पहला चरण 13 नवंबर तो वहीं दूसरा चरण 20 नवंबर को है। इसके साथ ही 23 नवंबर को मतगणना होनी है।

# धमकी मिलने के बाद मंडल मुर्मू को मिली एक्स कैटेगरी की सुरक्षा

## हाल ही में हुए थे बीजेपी में शामिल



रांची, 10 नवंबर (एजेंसियां)। वीर शहीद सिदो-कान्हू के वंशज सह भाजपा नेता मंडल मुर्मू को गृह मंत्रालय ने एक्स कैटेगरी की सुरक्षा दी है. दरअसल, सीएम सह बरहेट विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी हेमंत सोरेन के प्रस्तावक मंडल मुर्मू के भाजपा में शामिल होने के बाद पिछले छह नवंबर को सेल्स एंड सर्विस नामक व्हाट्सएप ग्रुप में मंडल मुर्मू का सिर काटने पर 50 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गयी थी.

**मंडल मुर्मू ने राज्य व केंद्र सरकार से की थी सुरक्षा की मांग**

इसका स्क्रीनशॉट वायरल होते ही दुमका पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया था. वहीं, इस घटना से स्तब्ध मंडल मुर्मू ने राज्य एवं केंद्र सरकार से सुरक्षा की मांग की थी, जिसके बाद उन्हें एक्स कैटेगरी की सुरक्षा केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा दी गयी है. मंडल मुर्मू को सुरक्षा जवानों के साथ भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करते देखा गया.

**मंडल मुर्मू ने कुछ दिन पहले ही ली है बीजेपी की सदस्यता**

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही हेमंत सोरेन के प्रस्तावक रहे मंडल मुर्मू ने बीजेपी की सदस्यता ली है. गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने भाजपा दामन थामा था. मौके पर हिमंता विस्वा सरमा ने पत्रकारों से बातचीत में बताया था कि वे बीजेपी नेताओं के संपर्क में थे. उन्होंने यह भी कहा था कि उन्हें बरहेट से चुनाव लड़ने का ऑफर दिया गया था, लेकिन मंडल मुर्मू ने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि वे किसी के प्रस्तावक बन चुके हैं तो वे चुनाव नहीं लड़ेंगे.

# राज्य से घुसपैठियों को बाहर कर देगी

## सीएम सोरेन के भाजपा पर लगाए आरोपों पर बरसे हिमंत बिस्व सरमा

रांची, 10 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड में विधानसभा चुनाव अब सिर पर हैं। इस बीच सियासी दलों ने अपने चुनावी प्रचार को धार देने की अंतिम कोशिशें शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में भाजपा ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर हमला बोला। दरअसल, सोरेन ने एक दिन पहले ही भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा था कि 'वे कूटे जरूर जाएंगे'। इसी पर रविवार को हिमंत बिस्व सरमा ने भाजपा की तरफ से पलटवार का नेतृत्व किया। उन्होंने आरोप गाया कि झामुमो वोट के लिए झारखंड में घुसपैठियों को संरक्षण दे रहा है।

रेलवे हाई ग्राउंड में एक चुनावी रैली में हिमंत बिस्व ने कहा कि अगर भाजपा झारखंड में सरकार बनाती है तो वह राज्य से घुसपैठियों को बाहर कर देगी।





झारखंड में भाजपा के चुनाव सह-प्रभारी की जिम्मेदारी निभा रहे शर्मा ने आरोप लगाया, ''झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन घुसपैठियों को संरक्षण दे रहे हैं क्योंकि उन्हें उनके वोटों की जरूरत है।''

उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठिये स्थानीय लड़कियों से शादी कर रहे हैं और उनकी जमीन हड़प रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हम घुसपैठिये पिता और आदिवासी मां से जन्मे बच्चे को आदिवासी दर्जा देने के लिए प्रमाणपत्र जारी नहीं करेंगे।''

सोरेन ने कहा, मैं राज्य में सरकार बदलने का प्रयास कर रहा हूं, यह एक सच्चाई है लेकिन एक मुख्यमंत्री के मुंह से 'ठेका' और 'सुपारी' जैसे शब्द शोभा नहीं देते।

इससे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा के बंटेंगे तो कटेंगे नारे पर निशाना साधते हुए दावा किया कि राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ेगा। सोरेन ने चुनाव प्रचार के बीच आयकर के छापों की भी आलोचना की।

आयकर विभाग ने कर चोरी से संबंधित जांच के तहत सोरेन के एक सहयोगी के परिसरों सहित कई स्थानों पर तलाशी ली। सुबह के समय शुरू हुए अभियान में राज्य की राजधानी रांची और जमशेदपुर में कुल नौ ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

भाजपा के 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे को लेकर एक सवाल के जवाब में सोरेन ने कहा, ''यहां ना तो बंटे हैं, ना बटेंगे लेकिन चुनाव के माध्यम से कूटे जरूर जाएंगे ये (भाजपा के) लोग।''

# आचार संहिता में फंसी 1000 करोड़ से ज्यादा की सड़क

## विधानसभा चुनाव के बाद शुरू होगा कार्य

रांची, 10 नवंबर (एजेंसियां)। विधानसभा चुनाव के बाद आचार संहिता हटते ही राज्य में एक साथ 1000 करोड़ की लागत से ज्यादा की सड़क योजनाओं पर काम शुरू होगा. सारी सड़कों पर एक साथ काम शुरू होना है. आचार संहिता हटते ही सारी योजनाओं पर टेंडर फाइनल कर काम शुरू कराया जायेगा.



**रांची में फोर लेन सड़क बनाने का काम होगा शुरू**

जानकारी के मुताबिक राजधानी रांची में इनर रिंग रोड निर्माण के तहत खेलगांव से दुर्गा सोरेन चौक, डीएवी पुंदाग से डीएवी हेहल तक फोर लेन सड़क पर काम शुरू होना है. जमशेदपुर में छह सड़कों का निर्माण कराना है.

**कोयलांचल और संताल में होगा सड़को का निर्माण**

धनबाद में भी जीटी रोड में ब्राह्माण डीहा मोड़ से खरियो मोड़, बोकारो में चंद्रपुरा-भंडारीडीह-कथारा-गोमिया पथ, गोड्डा में नयानगर से हनवारा बिहार सीमा तक, मनोहरपुर में आनंदपुर से सरीबा भाया रोकोबेरा पथ, जामताड़ा में दुमका-मसलिया-कुंडहित नाला सड़क, घाघीडीह जेल से केरवाडुंगरी पथ, सिमडेगा से लचरागढ़-इंदटांड़-कारीमाटी पथ, गढ़वा में विलासपुर-धुरकी पथ, चतरा में घंघरी हंटरगंज-चतरा पथ आदि सड़कों का निर्माण कराया जायेगा.

वर्ष 2025-26 की योजना में इस बार आजीविका, महिला समूह व युवाओं को अधिकतम लाभ देने वाली योजनाओं को शामिल किया जायेगा. ऐसी नयी योजनाओं को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी. योजना एवं विकास विभाग ने इस बाबत सभी विभागों को पत्र लिखा है. इसमें नयी योजना तैयार करने के पहले वित्त विभाग व योजना विकास विभाग से परामर्श लेने को कहा गया है. यह भी कहा गया है कि प्रस्तावित योजना की आवश्यकता व उपयोगिता के संबंध में विभाग समुचित अध्ययन करेगा.

# मारा गया आठ लाख का इनामी नक्सली जोगा

## दो की नहीं हुई पहचान, एनकांउटर में मारे गए थे तीन माओवादी

बीजापुर, 10 नवंबर (एजेंसियां)। बीजापुर में शुक्रवार को बासागुड़ा थाना क्षेत्र के रेखापल्ली के जंगलों में सुरक्षाबलों के जवानों ने जिन तीन वर्दीधारी नक्सलियों को मार गिराया था उनमें से एक नक्सली की पहचान आठ लाख के इनामी पीएलजीए प्लाटून नम्बर 10 का कमाण्डर डीव्हीसी जोगा माड़वी के रूप में हुई है। वहीं दो अन्य मारे गये नक्सलियों की पहचान होना बाकी है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर जिले के उसूर, पामेड़, बासागुड़ा व तर्रेम क्षेत्र में एसटीएफ, डीआरजी, कोबरा व सीआरपीएफ की संयुक्त टीम अभियान पर निकली थी। इसी बीच बासागुड़ा थाना क्षेत्र के रेखापल्ली व कोमठपल्ली के घने जंगलों में शुक्रवार की सुबह 11 बजे के करीब जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई।

मुठभेड़ थमने के बाद सर्चिंग में जवानों ने तीन वर्दीधारी नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किया। आईजी ने बताया मारे गये नक्सलियों में एक की पहचान पीएलजीए प्लाटून नम्बर 10 का कमाण्डर डीव्हीसी मेम्बर जोगा माड़वी पिता भीमा कोलईगुडा थाना भेज्जी के रूप में शिनाख्त हुई है। इस पर आठ लाख रुपये का इनाम घोषित है। जबकि मारे गए अन्य दो नक्सलियों की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि प्रतिबंधित और गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के उद्देश्य से स्थानीय फोर्स द्वारा आपसी और बेहतर तालमेल व रणनीति के साथ काम करने के परिणाम स्वरूप वर्ष वर्ष 2024 में बस्तर संभाग अंतर्गत की जा रही नक्सल विरोधी अभियान के दौरान अब तक 67 महिला नक्सली सहित कुल 192 नक्सलियों के शव बरामद किये गए हैं। वहीं 782 गिरफ्तार व 783 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किया गया है।

वर्ष 2024 में बस्तर रेंज ते तहत हुई विभिन्न मुठभेड़ में एक जनवरी 2024 से नौ नवम्बर 2024 तक तीन नग एलएमजी रायफल, 8 नग इंसास रायफल, 13 नग 303 रायफल, 4 नग कार्बाइन, 10 नग 9 एमएम पिस्टल, 22 नग बीजीएल, 167 नग अन्य हथियार सहित कुल 246 हथियार बरामद किए गए हैं।

# कुख्यात बदमाश अमित जोश मुठभेड़ में ढेर

## दर्ज थे 35 मुकदमें, फोरेंसिक की अलग-अलग टीमों ने जुटाए साक्ष्य

दुर्ग-भिलाई, 10 नवंबर (एजेंसियां)। दुर्ग में कुख्यात बदमाश अमित जोश कल दुर्ग पुलिस की मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया है। जिसके बाद आज दूसरे दिन फोरेंसिक की अलग-अलग टीमों ने मौका-ए-वारदात का निरीक्षण किया। और मुठभेड़ से संबधित साक्ष्य एकत्रित किया। एकत्रित किए गए सभी तरह के सबूतों को पुलिस अब न्यायालय के समक्ष पेश करने की तैयारी कर रही है। दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी है कि अमित जोश के खिलाफ 35 प्रकरण दर्ज थे और उस पर 40 हजार रुपये का इनाम था।

कुख्यात बदमाश अमित जोश के खिलाफ 35 से ज्यादा अपराधिक मामलों में संलिप्त था। कुख्यात बदमाश अमित जोश कल पुलिस की जवाबी फायरिंग में ढेर हो गया है। क्राइम ब्रांच डीएसपी हेम प्रकाश नायक को कल इस बात की जानकारी मिली थी कि 25- 26 जून की रात ग्लोब चौक पर फायरिंग कर दो लोगों पर देशी पिस्टल से फायर कर जानलेवा हमला करने वाला फरार आरोपी अमित जोश वापस भिलाई लौटा है और जयंती स्टेडियम के आसपास घूम रहा है।

क्राइम ब्रांच डीएसपी हेम प्रकाश नायक अपने साथ 10 लोगों की टीम लेकर मौके पर पहुंचे और अमित जोश को सरेंडर करने को कहा लेकिन अमित जोश ने सरेंडर कर के बजाय पुलिस टीम पर फायरिंग कर दिया। अमित जोश ने पुलिस पर करीब छह राउंड फायर किया। जिसके बाद पुलिस को भी जवाबी फायरिंग करनी पड़ी। पुलिस ने करीब 16 राउंड फायर पुलिस की तरफ से की गई जिसमे पहली गोली उसके पैर पर और दूसरी गोली उसके सीने पर लगी जिसके कारण अमित जोश वहीं घनी झाडियों के पास ढेर हो गया। अमित जोश की फायरिंग में पुलिस की गाड़ी का कांच टूट गया है।

आपको बता दे कि अमित जोश भिलाई के सेक्टर छह का रहने वाला था और उसके पिता आर्ची और उसकी मां बीजी मोरिश ब्याज का धंधा करते थे। लोगों को ब्याज में पैसा देते थे। लोग जब पैसे वापस नहीं करते थे तो उनसे मारपीट करते थे। एक तरह से अपराध की शिक्षा उसे घर से मिली। इसके बाद जब वह बड़ा हुआ तो टाउनशिप के मकानों को अवैध कब्जा कर उसे किराए से देने का काम शुरू किया। धीरे-धीरे क्षेत्र में अपनी दहशत बढ़ाने लगा। अमित जोश छीना झपटी,लूटपाट, डकैती और इसके बाद मर्डर जैसे 35 अपराध उसके खिलाफ विभिन्न थानों में दर्ज थे।

दुर्ग पुलिस भी इसकी गुंडागर्दी से बेहद परेशान थी। आखिरकार अमित जोश अब पुलिस से हुई मुठभेड़ में मारा गया है और पुलिस सहित आसपास के लोगों ने इस कुख्यात अपराधी से राहत मिल गई है। इधर तहसीलदार कुलेश्वर खूंटे के समक्ष डॉक्टर कल्याण सिन्हा ने अमित जोश का पोस्टमार्टम कियाऔर इसके बाद उसके शव को उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट द्वारा पंचनामा कर डॉक्टर की टीम से शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा जाएगा।

# खड़े ट्रक से टकराई बस सात यात्री घायल

बीजापुर, 10 नवंबर (एजेंसियां)। बीजापुर से रायपुर के लिए निकली यात्री बस रविवार की सुबह 5 बजे सड़क किनारे खड़ी ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में बस में सवार सात यात्री घायल हुए हैं, जबकि कुछ को मामूली चोट भी आई है। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच घायलों को उपचार के लिए पास के अस्पताल भिजवाया गया है।

केशकाल थाना प्रभारी विकास बघेल ने बताया कि बीजापुर से यात्रियों को लेकर रायपुर के लिए निकली बस रविवार कि सुबह जैसे ही सिंगनपुर गुलबापारा के पास पहुंची तो सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में सात यात्री घायल हो गए, घटना के दौरान अधिकतर यात्री सो रहे थे। घटना की जानकारी लगते ही केशकाल पुलिस मौके पर पहुंच कर घायलों को अस्पताल ले जाया गया।

# ये कैसी ममता, मां का नहीं पसीजा दिल ?

## एक महीने के बच्चे को सड़क पर फेंक फरार हुई

जगदलपुर, 10 नवंबर (एजेंसियां)। कोंडागांव जिले के केशकाल थाना क्षेत्र के बहिगाव और गुडरीपारा के बीच सड़क पर बीती रात एक मासूम बच्चा सड़क पर मिला। जिसे देखने के बाद आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। जहां पुलिस ने बच्चे को सुरक्षित हॉस्पिटल तक पहुंचाया। वही बच्चे के परिजनों को खोजने में पुलिस जुट गई है।

मामले की जानकारी देते हुए केशकाल थाना प्रभारी विकास बघेल ने बताया कि कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दिया कि बहिगांव और गुडरीपारा के बीच सड़क पर एक नवजात लड़के को सड़क किनारे फेंक कर परिजन भाग गए हैं। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच बच्चे को पहले हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां बच्चा अभी पूरी तरह से सुरक्षित है।

वहीं, पुलिस ने इस मामले में अज्ञात माता-पिता के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए उनकी खोजबीन शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि बच्चा अभी पूरी तरह से ठीक है। वहीं, परिजनों के खोजबीन में जुट गई है।

# दो बाइक में जोरदार टक्कर हादसे में दो की मौत

सक्ति, 10 नवंबर (एजेंसियां)। सक्ति जिले के अमलीडीह और पिरदा गांव के बीच सड़क में दो बाइकों में आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान भागवत सतनामी की मौत हो गई है। घटना से नाराज लोगों ने चक्का जाम किया जिसके बाद मौके पर तहसीलदार पहुंचे और 25 हजार रुपये मुआवजा राशि देने के बाद चक्काजाम को समाप्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पिरदा में तीन दिवसीय अखिल भारती राम नवमी भजन मेला चल रहा है।

# धर्मांतरण के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का हंगामा

रायगढ़, 10 नवंबर (एजेंसियां)। रायगढ़ जिला मुख्यालय में धर्मांतरण का एक और मामला सामने आया है। शहर के एक मोहल्ले में पिछले कुछ दिनों से प्रार्थना सभा के जरिये धर्मांतरण कराये जाने की सूचना पर विश्व हिंदु परिषद और बजरंग दल के सदस्य आज सुबह मौके पर पहुंचकर जमकर नारेबाजी करते हुए हंगामा किया।मिली जानकारी के मुताबिक जूटमिल क्षेत्र के कांशीराम चैक के पास स्थित फादरी साउल नागा के मकान में प्रार्थना सभा के नाम पर धर्म परिवर्तन कराये जाने की सूचना पर विश्व हिंदु परिषद के अलावा बजरंग दल के सदस्यों के अलावा मोहल्लेवासी भी भारी संख्या में मौके पर पहुंचे और जय श्रीराम के नारा लगाना शुरू कर दिया। इस मामले की जानकारी मिलते ही शहर के तीनों थानों के थाना प्रभारियों के अलावा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर दल बल के साथ पहुंचे। जिसके बाद फादरी को पूछताछ के लिये थाने लेकर चली गई।बजरंग दल के नेताओं का कहना था कि एक समुदाय के लोगों के द्वारा निचली बस्ती के गरीब लोगों तक पहुंचकर उन्हें लालच देकर लगातार उनका धर्मपरिवर्तन कराया जा रहा है और डेढ माह के भीतर यह चैथा मामला सामने आया है।

# मजदूरों से भरी पिकअप पलटी

## हादसे में तीन की मौत, कई लोगों की हालत गंभीर



जगदलपुर, 10 नवंबर (एजेंसियां)। जगदलपुर के बकावंड ब्लॉक में मजदुरों से भरी पिकअप पलट गई। इस घटना में तीन मजदुरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बेहतर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। बकावंड ब्लॉक के पंडानार स्थित रोहित चावडा कृषि फार्म में काम करने के लिए ओड़िसा से मज़दूरों को बुलाया गया था, जहाँ काम करने के बाद सभी मजदूरों को छोड़ने पिकअप जा रहा था। मजदूरों को ले जाते समय पिकअप पलट गई और हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। लोगों ने बताया कि रोजाना इसी तरह कृषि फार्म में काम करने के लिए पड़ोसी राज्य ओड़िशा से दर्जनों मजदूरों को पिकअप में लाया जाता है और काम खत्म होने के बाद उसी पिकअप से घर भेज दिया जाता है। सूत्रों की माने तो इन मजदूरों में नाबालिग भी शामिल रहते हैं, पिकअप सवार प्रायः सभी मजदूर घायल हो गए। घायलों को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान तीन मजदूरों की मौत हो गई, अभी भी कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग ने बताया कि तीन की मौत हुई है, मरने वाले सभी ओड़िसा के है, घायलों को मेकाज भी भेजा गया है, मरने वाले कि अभी शिनाख्त नही हुई है।

# क्या सूर्य का अंत हो जाएगा

## क्या धरती पर जीवन खत्म होगा, नासा का चौंकाने वाला खुलासा



वाशिंगटन, 10 नवंबर (एजेंसियां)। एक दिन सूर्य खत्म हो जाएगा और धरती पर जीवन भी खत्म हो जाएगा। ऐसी संभावना अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने जताई है। सूर्य 4.5 अरब साल पुरानी तारा है, जो हाइड्रोजन और हीलियम का एक गर्म चमकता हुआ गोला है। सूर्य हमारे सौरमंडल के केंद्र में है। यह पृथ्वी से 150 मिलियन किलोमीटर दूर है। सूर्य सौरमंडल का एकमात्र तारा है। इसकी ऊर्जा के बिना पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं हो सकता है। सूर्य एक मध्यम आकार का तारा है, जिसकी त्रिज्या 7 लाख किलोमीटर है। सूर्य के लिए लैटिन शब्द सोल का इस्तेमाल किया जाता है, जो सोलर जैसे कई सूर्य-संबंधी शब्दों का मूल है। प्राचीन ग्रीक पौराणिक कथाओं में हेलिओस सूर्य देवता का जिक्र है। उनके नाम का उपयोग हीलियोस्फीयर और हीलियोसिस्मोलॉजी में भी किया जाता है।

**5 अरब साल और जिंदा रहेगा सूर्य**

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने पूर्वानुमान लगाया है कि सभी तारों की तरह सूर्य की ऊर्जा भी एक दिन खत्म हो जाएगी और वह एक लाल विशालकाय तारे में बदल जाएगा, जो संभवतः बुध और शुक्र को और शायद पृथ्वी को भी निगल लेगा। वैज्ञानिकों का मानना है कि सूर्य अभी अपने जीवनकाल के आधे से भी कम समय में है और श्वेत वामन बनने से बनने से पहले यह 5 अरब वर्ष और जीवित रहेगा। सूर्य हमारे सौरमंडल में रहकर धरती के लिए बेहद अहम भूमिका निभाता है। इसके कारण ही पृथ्वी पर जीवन है। इंसान, पौधे, जानवर सब इसी के कारण जीवित रहते हैं। ऐसे में अगर सूर्य का अंत हो जाएगा तो धरती पर अंधेरा छा जाएगा। प्रकृति से लेकर जीवन तक खत्म हो जाएगा। धरती वीरान-बेजान हो जाएगा।

### मेक्सिको के बार में अंधाधुंध फायरिंग 10 को भून डाला और कई घायल

मेक्सिको, 10 नवंबर (एजेंसियां)। नॉर्थ अमेरिकी देश मेक्सिको के क्वेरेटारो के एक बार में हुई गोलीबारी में कम से कम 10 लोग मारे गए और कई घायल हुए हैं. स्थानीय खबरों के मुताबिक कुछ हथियारबंद हमलावर बार में घुसे और वहां बैठे लोगों और स्टाफ को निशाना बना गोलीबारी शुरू कर दी. क्षेत्रीय संघर्षों से जुड़ी हिंसा की वजह से अधिकारी घटना की जांच कर रहे हैं, क्योंकि इस क्षेत्र में पहले से हिंसा जारी है. शहर में पिछले कुछ दिनों से हिंसा फैली है आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं. कल ही एक सीफूड रेस्तरां में तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी. अभी तक मिली जानकारी के मुताबिक बार लॉस कैंटारिटोस में गोलीबारी की सूचना मिली है, जिसमें हथियारबंद लोग आए और 10 लोगों की हत्या कर दी. पुलिस अधिकारी पूरी घटना की जांच कर रहे हैं. रिपोर्ट्स बताती हैं कि देर रात कम से कम चार हथियारबंद लोगों के एक ग्रुप बार में घुसा और गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें कम से कम 10 लोग मारे गए

# बाइडेन ने ट्रंप को बुधवार को बुलाया व्हाइट हाउस



वाशिंगटन, 10 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों में ऐतिहासिक जीत करने वाले डोनाल्ड ट्रंप को निवर्तमान राष्ट्रपति जो। बाइडेन ने न्यौता भेजा है। उन्होंने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 13 नवंबर के लिए व्हाइट हाउस में बैठक के लिए आमंत्रित किया है। बता दें कि बाइडेन और ट्रंप की इस बैठक के बाद औपचारिक रूप से राष्ट्रपति पद का हस्तांतरण करने की प्रक्रिया शुरू होगी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन जीन पियरे ने एक बयान में कहा, ''निवर्तमान राष्ट्रपति बाइडेन के निमंत्रण पर नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे ओवल ऑफिस में उनसे मुलाकात करेंगे।'' निवर्तमान राष्ट्रपति और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के बीच यह बैठक औपचारिक होती है और यह दशकों पुरानी परंपरा है। बैठक आम तौर पर 'ओवल ऑफिस' में होती है, जिसके दौरान निवर्तमान राष्ट्रपति अपने उत्तराधिकारी को देश के मुख्य एजेंडे के बारे में जानकारी देते हैं। इसमें प्रथम महिला और आने वाली प्रथम महिला के बीच भी मुलाकात भी होती है।

**व्हाइट हाउस का दौरा करेंगे ट्रंप**

जो बाइडेन के साथ बैठक करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस का दौरा भी करेंगे। अमेरिका में परंपरा के अनुसार इस दौरान नवनिर्वाचित राष्ट्रपति को व्हाइट हाउस का दौरा भी कराया जाता है। अमेरिका के इतिहास में यह दूसरी बार है। जब कोई राष्ट्रपति चार साल के अंतराल के बाद फिर से चुना गया है। संबंधित परंपरागत बैठक सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण का प्रतीक होती है। यह 2020 में नहीं हो पाई थी। जब ट्रंप ने चुनाव परिणाम को स्वीकार नहीं किया था। वह राष्ट्रपति जो। बाइडेन के शपथग्रहण समारोह में भी शामिल नहीं हुए थे।

# यूक्रेन ने रूस की राजधानी पर की बड़े हमले की कोशिश, मॉस्को ने मार गिराए 34 ड्रोन

मास्को, 10 नवंबर (एजेंसियां)। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा है, कि रूस ने रविवार को मास्को को निशाना बनाकर हमला करने के लिए भेजे गये 34 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया है, जो 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से रूसी राजधानी पर सबसे बड़ा हमला है। अधिकारियों ने कहा है, कि इस हमले के कारण मास्को के तीन हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा है, जबकि एक 52 वर्षीय महिला घायल हो गई और मास्को क्षेत्र के स्टैनोवॉय गांव में दो घरों में आग लग गई। यूक्रेनी राजधानी कीव नियमित रूप से बड़े पैमाने पर रूसी ड्रोन और मिसाइल हमलों का निशाना बनती है, लेकिन अभी तक मास्को पर हमले बहुत कम होते हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा है, कि रूसी एयर डिफेंस ने छह क्षेत्रों में कुल 70 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया है। बयान में कहा गया है, कि इसने कहा कि 34 मास्को क्षेत्र में और बाकी ब्रांस्क, ओरलोव, कलुगा, तुला



और कुर्स्क में यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए हैं। मास्को क्षेत्र में, स्थानीय अधिकारियों ने कहा, कि ड्रोन रामेंस्कोय, कोलोम्ना और डोमोडेडोवो जिलों में गिराए गए। रूसी मीडिया द्वारा ऑनलाइन प्रकाशित एक वीडियो में रामेनस्कोये जिले में एक घर में आग लगी दिखाई गई। सितंबर में मॉस्को या उसके आस-पास हुए पिछले सबसे बड़े ड्रोन हमले में, रामेनस्कॉय में एक महिला की मौत हो गई थी - युद्ध की शुरुआत के बाद से राजधानी के पास यूक्रेनी हमले में पहली बार किसी की मौत हुई थी। मई 2023 में, क्रेमलिन के पास दो ड्रोन नष्ट कर दिए गए और उसी वर्ष मॉस्को सिटी के व्यापारिक जिले पर कई ड्रोन हमले किए गये।

**हमले को लेकर मॉस्को ने क्या कहा?**

मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने रविवार को कहा कि ड्रोन हमला भीषण था। उन्होंने कहा कि घायल महिला को चेहरे, गर्दन और हाथों के जलने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने पहले कहा था कि उसने ब्रांस्क, रोस्तोव, बेलगोरोड और कुर्स्क क्षेत्रों में कुल 23 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया है, जो सभी यूक्रेन की सीमा से लगे हैं और जहां ड्रोन हमले ज्यादा होते हैं। मॉस्को के नजदीक ओरलोव क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई क्लिचकोव ने कहा, कि एयर डिफेंस ने रविवार को उनके क्षेत्र में कुल 10 ड्रोन को मार गिराया। क्लिचकोव ने कहा कि कोई हताहत नहीं हुआ है। यूक्रेन ने कहा है कि हमले, जो अक्सर ऊर्जा उत्पादन स्थलों को निशाना बनाते हैं, फरवरी 2022 में लड़ाई शुरू होने के बाद से उसके क्षेत्र पर रूसी बमबारी का जवाब है। पिछले सप्ताह गुरुवार और शुक्रवार की रात को यूक्रेनी शहरों पर रूसी बमबारी में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। वायु सेना ने कहा कि मॉस्को ने रात भर में यूक्रेन में पांच मिसाइलें, 92 ड्रोन और ग्लाइड बम दागे। वायु सेना ने एक बयान में कहा कि इसकी इकाइयों ने चार मिसाइलें और 62 ड्रोन गिराए।

### रियाद मेट्रो चलाएंगी हैदराबाद की महिला लोको पायलट, बोलीं- ये मेरे लिए बेहद गर्व की बात

रियाद, 10 नवंबर (एजेंसियां)। हैदराबाद की रहने वाली इंदिरा ईगलपति सऊदी अरब के रियाद में मेट्रो को चलाने को उत्साहित हैं। इंदिरा ईगलपति उन महिला लोको पायलटों में से एक हैं, जो वर्तमान में रियाद मेट्रो संचालन से जुड़ी हैं। फिलहाल रियाद मेट्रो के ट्रायल रन चल रहे हैं और रियाद का रैपिड ट्रांजिट सिस्टम पूरा होने के करीब है। इंदिरा रियाद जाने से पहले भारत में हैदराबाद मेट्रो के साथ जुड़ी हुईं थी। 33 वर्षीय ईगलपति पांच साल से ट्रेन पायलट और स्टेशन ऑपरेशन मास्टर के रूप में रियाद में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि 'इस विश्व स्तरीय और प्रतिष्ठित परियोजना का हिस्सा बनना मेरे लिए वास्तव में गर्व का क्षण है, खासकर एक प्रवासी होने के नाते।' इंदिरा ईगलपति रियाद जाने से पहले हैदराबाद मेट्रो के साथ काम कर रहीं थी। उसी दौरान उन्हें रियाद मेट्रो में रिक्तियों के बारे में पता चला तो उन्होंने आवेदन किया। भारत से इंदिरा ईगलपति और दो अन्य लोग साल 2019 में रियाद गए थे। हालांकि जल्द ही कोरोना के चलते लॉकडाउन लग गया तो उनका शुरुआती प्रशिक्षण वर्चुअली हुआ।

### अमेरिकी चुनाव के बाद 'कंगाल' हुईं कमला हैरिस! मुसीबत से बचाने के लिए डोनाल्ड ट्रंप ने निकाला ये फॉर्मूला

वाशिंगटन, 10 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आम चुनावों के बाद अपने समर्थकों से मदद मांगी है। उन्होंने समर्थकों से डेमोक्रेट्स को दान देने का आग्रह किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ट्रंप ने कहा कि डेमोक्रेट्स के पास बहुत अधिक फंड नहीं बचा है। कमला हैरिस के चुनाव अभियान पर 20 मिलियन अमेरिकी डॉलर का कर्ज होने की रिपोर्ट सामने आने के बाद उन्होंने ये बातें कही है। पोलिटिको के कैलिफोर्निया ब्यूरो प्रमुख क्रिस्टोफर कैडेलैगो ने कहा, कमला हैरिस का चुनाव अभियान कम से कम 20 मिलियन अमेरिकी डॉलर के कर्ज के साथ खत्म हुआ। हैरिस ने 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक जुटाए और 16 अक्टूबर तक बैंक में 118 मिलियन अमेरिकी डॉलर थे। मुझे आश्चर्य है कि डेमोक्रेट, जिन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में कड़ी और बहादुरी से लड़ाई लड़ी, रिकॉर्ड चंदा जुटाए, अब उनके पास बहुत ज्यादा पैसे नहीं बचे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, इस कठिन समय में हमें डेमोक्रेट्स की मदद के लिए जो कुछ भी कर सकते हैं, वो करेंगे। हमें एक पार्टी के रूप में और एकता बनाए रखने के लिए चंदा जुटाना चाहिए। 60 वर्षीय उपराष्ट्रपति कमला हैरिस 5 नवंबर को हुए चुनावों के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार थीं। ट्रंप से हारने वाली कमला हैरिस ने फंड जुटाने के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। संघीय चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, कमला हैरिस के चुनाव अभियान और उसके सुपर पैक्स ने 2.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर जुटाए और 1.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च किए। दूसरी ओर, ट्रंप की टीम ने 1.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक पैसे जुटाए और 1.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च किए। रिपोर्ट के मुताबिक कमला हैरिस के चुनाव अभियान का हिस्सा रहे अजय जैन भूटोरिया ने कहा, एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक धन जुटाने और खर्च करने के बावजूद, कमला हैरिस की 2014 की चुनावी आवाज उन मतदाताओं के बीच पहुंचाने में विफल रही जो सबसे ज्यादा मायने रखते थे। वह बढ़ती लागत से जूझ रहे मध्यम वर्ग के अमेरिकियों के बीच बढ़ती खाई को पाट नहीं सकीं।

### लेबनान में मूक-बधिर 5 भाई-बहनों समेत 7 की मौत, इजरायल के हवाई हमले में गई जान



टायरे, 10 नवंबर (एजेंसियां)। लेबनान के दक्षिणी बंदरगाह शहर टायरे पर इजरायल ने भीषण हवाई हमला किया है। इस हमले में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई। इनमें 5 सगे भाई-बहन थे, जिनमें तीन मूकबधिर भी शामिल हैं। लेबनान के अधिकारियों समेत एक स्थानीय निवासी ने यह जानकारी दी है। हमले वाली जगह पर बाद में भीषण आग लग गई, जहां से भयानक लपटें और काला धुआं उठते देखा जा सकता है। लेबनान की सरकारी मीडिया के अनुसार इजरायल की वायुसेना ने शनिवार को दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के विभिन्न हिस्सों पर हवाई हमले किए। इससे कुछ घंटे पहले बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में लड़ाकू विमानों ने हमला किया था, जिसमें कई इमारतें नष्ट हो गई थीं। लेबनान के हिजबुल्ला समूह ने कहा कि उसने उत्तरी इजराइल पर दर्जनों रॉकेट दागे और दक्षिणी लेबनान के ऊपर एक ड्रोन को मार गिराया। समूह ने कहा कि इजराइल की वायु सेना ने उस क्षेत्र पर हमला किया जहां ड्रोन दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। इजराइनी सेना ने इस बारे में तत्काल कोई पुष्टि नहीं की है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि शुक्रवार देर रात टायरे पर हुए हमलों में 46 लोग घायल भी हुए हैं। इजरायल-हिजबुल्ला युद्ध के 13 महीनों के दौरान लेबनान में 3,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। बता दें कि हिजबुल्लाह ने गाजा पट्टी में हमास पर इजरायली हमले के विरोध में तेल-अवीव पर हमला करना शुरू किया था। इसके बाद इजरायल की हमास के बाद हिजबुल्लाह से भी जंग शुरू हो गई। इस जंग में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह और उसका उत्तरवर्ती हाशिम सफीद्दीन भी मारे जा चुके हैं।

# चीन के इस घातक ड्रोन को लोग क्यों कह रहे सस्ती कॉपी? ड्रैगन पर लग रहे अमेरिकी डिजाइन चुराने के आरोप

बिजिंग, 10 नवंबर (एजेंसियां)। चीन ने हाल ही में अपने मॉर्डन सीएच-7 स्टील्थ ड्रोन की पहली तस्वीरें जारी की हैं। इसे रेनबो-7 के नाम से भी जाना जाता है। इसे चाइना एयरोस्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी कॉरपोरेशन ने विकसित किया है। ये ड्रोन टोही, खुफिया जानकारी जुटाने और सटीक हमलों के लिए डिजाइन किया गया है। हालांकि, इसकी तस्वीरें सामने आने के बाद से इसकी तुलना अमेरिका के बी-21 रेडर स्टील्थ बॉम्बर से की जा रही है। कई एक्सपर्ट्स ने इसके डिजाइन को अमेरिकी बी-21 का कॉपी माना है, जिससे चीन पर एक बार फिर अमेरिकी तकनीक चोरी के आरोप लगे हैं। सीएच-7 ड्रोन को ऊंचाई पर लंबे समय तक उड़ान भरने के लिए बनाया गया है। इसमें एक सिंगल टर्बोफैन इंजन लगा है, जो इसे 926 किमी प्रति घंटा की अधिकतम गति से उड़ान भरने में सक्षम बनाता है। इसके पंखों की चौड़ाई 22 मीटर है। यह 13,000 मीटर की ऊंचाई तक उड़ सकता है। इसकी उड़ान की सीमा 15 घंटे और 2000 किलोमीटर है, जिससे यह लंबी दूरी के मिशनों के लिए उपयुक्त माना



गया है। इसका चिकना फ्लाइंग विंग डिज़ाइन इसे रडार डिटेक्शन से बचने में मदद करता है, जो स्टील्थ अभियानों के लिए महत्वपूर्ण है।

**दुश्मन के खिलाफ सीएच-7 की शक्ति**

सीएच-7 ड्रोन अपने स्टील्थ डिजाइन के कारण दुश्मन की हवाई सुरक्षा के बीच घुसपैठ कर सकता है और उनकी एक्टिविटी पर निगरानी रख सकता है। यह रडार से पकड़ में न आने और हीट सिग्नेचर कम करने की क्षमता रखता है, जिससे यह दुश्मन के सुरक्षा क्षेत्रों में स्टैंडऑफ हथियार तैनात करने में सक्षम है। यह ड्रोन चीनी सेना को सटीक निगरानी और हमले का एक महत्वपूर्ण उपकरण प्रदान करता है, खासकर ऐसे क्षेत्रों में जहां दुश्मन की हवाई सुरक्षा मजबूत है।

**अमेरिकी तकनीक की संभावित चोरी के आरोप**

सीएच-7 की तस्वीरें सामने आने के बाद से इसकी तुलना अमेरिका के बी-21 रेडर से की जा रही है। बी-21 एक लंबी दूरी का स्टील्थ बॉम्बर है, और सीएच-7 का डिज़ाइन उससे काफी मेल खाता है। चीन पर पहले भी अमेरिकी रक्षा तकनीक की नकल करने के आरोप लग चुके हैं, जैसे कि जे-20 स्टील्थ फाइटर को अमेरिकी एफ-22 और एफ-35 का प्रतिरूप माना गया है। इसी प्रकार चीन का वाई-20 परिवहन विमान भी अमेरिकी सी-17 से प्रेरित दिखता है।

# इजराइल-हमास की मध्यस्थता से पीछे नहीं हटा है कतर, बताया पूरा सच



कतर, 10 नवंबर (एजेंसियां)। इजराइल हमास के बीच शांति वार्ता से कतर के पीछे हटने की खबरों के बाद कतर विदेश मंत्रालय ने अपनी सफाई दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता डॉ। माजिद बिन मोहम्मद अल अंसारी ने कहा कि "गाजा में युद्ध विराम कराने के लिए जारी मध्यस्थता से कतर के पीछे हटने की खबरें सटीक नहीं हैं।" कतर ने अपने अधिकारिक बयान में कहा है कि उसने 10 दिन पहले पार्टियों को समझौते पर पहुंचने की अपनी आखिरी कोशिश के दौरान बताया था कि अगर इस दौर में समझौता नहीं हुआ तो वह हमास और इजराइल के बीच मध्यस्थता के अपने प्रयासों को रोक देगा।

साथ ही ये भी कहा कि वह अपने भागीदारों के साथ शांति प्रयासों को फिर से शुरू तभी करेगा जब पार्टियां 'क्रूर युद्ध को खत्म करने की इच्छा और गंभीरता' दिखाएंगी और गाजा पट्टी में भयावह मानवीय स्थिति, नागरिकों की पीड़ा को कम करेंगी। बयान में ये भी कहा गया है कि कतर युद्ध खत्म करने और बंधकों और कैदियों की वापसी को सुविधाजनक बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने में सबसे आगे रहेगा। अल अंसारी ने जोर देकर कहा, "कतर यह स्वीकार नहीं करेगा कि मध्यस्थता ब्लैकमेल का एक टूल बन जाए।" उन्होंने बताया कि पहले युद्ध विराम के टूटने के बाद और बंधकों की रिहाई के बाद से राजनीतिक लाभ के लिए संघर्ष को जारी रखने और मध्यस्थता के जरिए किए गए वादों से मुकरने के लिए शांति वार्ता की लंबी बातचीत का सहारा लिया गया है। फिलिस्तीन मुद्दे के समर्थन पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने फिलिस्तीनी लोगों को उनके अधिकारों मिल जाने तक मदद करने के लिए कतर की प्रतिबद्धता को दोहराया, उन्होंने जोर दिया कि कतर फिलिस्तीन की 1967 की सीमाओं के साथ स्वतंत्र राज्य की स्थापना, जिसकी राजधानी पूर्वी यरुशलम होगी के लिए कोशिश जारी रखेगा।

# मंदिर पर हमला: कनाडाई सांसद ने कहा- हिंदू बनाम सिख करने की कोशिश, खालिस्तानियों का जिक्र करने से बच रहे नेता

कनाडा, 10 नवंबर (एजेंसियां)। कनाडा में हाल ही में हिंसा देखी गई। ब्रैम्पटन हिंदू सभागर में खालिस्तानी आतंकवादियों ने हमला किया। इसी के बाद देश में विवाद खड़ा हो गया। कनाडा में हिंदुओं के खिलाफ भड़की हिंसा के चलते, कनाडा के सांसद चंद्र आर्य ने विभाजन करने की राजनीति को बढ़ावा देने वाले नेताओं की कड़ी आलोचना की और कहा कि नेताओं को जानबूझकर इस हमले के पीछे खालिस्तानियों के उल्लेख से बचना बंद करना चाहिए। नेपियन, ओंटारियो से सांसद आर्य ने एक्स पर हाल ही में हुए हमले को लेकर पोस्ट करते हुए कहा, नेता जानबूझकर हाल ही में हुए हमले का जिम्मेदार खालिस्तानियों को नहीं ठहरा रहे हैं और दूसरे लोगों पर इसका ब्लेम डाल रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा नेता कनाडा के लोगों को इस हमले को हिंदू और सिख के बीच का विवाद बता कर गुमराह कर रहे हैं।



**"हिंदू और सिख एकजुट"**

कनाडा के सांसद ने साथ ही उन नेताओं की भी आलोचना की जो इस हमले के बाद हिंदू और सिख को एक दूसरे के खिलाफ खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कनाडा के हिंदू और सिख खालिस्तानी चरमपंथियों ने के खिलाफ एकजुट है। आर्य ने कहा, नेता हिंदू मंदिर पर खालिस्तानियों के अटैक के बाद इस इस मामले में हिंदू और सिख को एक दूसरे के विपक्ष खड़ा हुआ दिखा रहे हैं। यह तस्वीर बिल्कुल सच नहीं है। उन्होंने कहा, कनाडा के हिंदू और कनाडा के सिख की बड़ी आबादी एक साथ है, जबकि खालिस्तानी दूसरी साइड है।

**"हिंदू लोग सिख गुरुद्वारों में जाते हैं"**

आर्य ने इस बात पर भी चिंता जाहिर की के कुछ नेताओं के कामों और खालिस्तानी तत्वों के प्रभाव के चलते, कई कनाडा के लोग गलती से खालिस्तानियों को सिख समुदाय के साथ जोड़ रहे हैं। आर्य ने दोनों समुदायों (हिंदू और सिख) की ओर से हमले की निंदा की और उनके बीच मजबूत संबंधों की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, हिंदू और सिख के बीच मजबूत रिश्ते हैं, कई हिंदू सिख गुरुद्वारों में जाते हैं और सिख हिंदू मंदिरों में जाते हैं।

**कनाडा के लोगों से क्या कहा?**

चंद्र आर्य ने हिंदू और सिख समुदाय से कहा कि वो दो चीजें करें। पहला, नेताओं को यह बात बताए कि कनाडा के हिंदू और कनाडा के सिख की बड़ी आबादी एक साथ है, जबकि खालिस्तानी दूसरी साइड है। दूसरा, उन्होंने कहा, मैं कनाडा में सभी हिंदुओं और सिखों से कहना चाहता हूं कि वो अपने समुदाय के लीडर्स से आग्रह करें कि वो नेताओं को जब तक अपने किसी कार्यक्रम में मंच न दें, जब तक कि वो सार्वजनिक रूप से खालिस्तानी उग्रवाद को मान्यता न दें और स्पष्ट रूप से खालिस्तानियों की निंदा न करें।

# दक्षिण सूडान में बाढ़ से हालत गंभीर लाखों लोग प्रभावित, मलेरिया की भी मार



सूडान, 10 नवंबर (एजेंसियां)। मई में दक्षिणी सूडान में भारी बारिश ने पूरे देश को तबाह कर दिया, हर जगह जलमग्न हो गई। लाखों लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा। बाढ़ ने घरों, मवेशियों और फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में बताया गया है कि बाढ़ के कारण करीब 3 लाख लोग विस्थापित हुए हैं और मलेरिया के मामलों में वृद्धि के कारण स्थिति और भी चिंताजनक हो गई। दुनिया के सबसे युवा देश के रूप में साउथ सूडान इन दिनों जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हो गया है। यह दशकों से भीषण बाढ़ का सामना कर रहा है, खासकर अपने उत्तरी इलाकों में। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने बताया कि बाढ़ से 43 काउंटियों में लगभग 14 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। विवादित अबयेई क्षेत्र, जिस पर सूडान और साउथ सूडान दोनों दावा करते हैं, में भी जन-धन की भारी हानि हुई है। एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, "जोंगलेई, यूनिटी, अपर नाइल, उत्तरी बह्र अल ग़ज़ल, मध्य इक्वेटोरिया और पश्चिमी इक्वेटोरिया" राज्य सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। इनमें मलेरिया के मामलों में भी वृद्धि देखी गई है। अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस फेडरेशन के अनुसार, साउथ सूडान मई 2024 से भारी वर्षा और नील नदी के किनारों में असंतुलन के कारण बाढ़ का सामना कर रहा है। पिछली बाढ़ से अभी साउथ सूडान पूरी तरह उबर नहीं पाया था कि दूसरी बाढ़ ने इसे और बर्बाद कर दिया। हाल के वर्षों में साउथ सूडान जलवायु परिवर्तन से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। यूनीसेफ के आंकड़ों के अनुसार, 2021 में जारी रिपोर्ट में बताया गया था कि हर साल बाढ़ से 7,50,000 से अधिक लोग प्रभावित होते हैं। आजादी के बाद से ही साउथ सूडान को हिंसा, आर्थिक अस्थिरता, सूखा और बाढ़ जैसी आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम के अनुसार, साउथ सूडान में सात मिलियन से अधिक लोग खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं और 1.65 मिलियन बच्चे कुपोषण के शिकार हैं। सितंबर में राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा 2018 के शांति समझौते में सहमत संक्रमणकालीन अवधि के एक और विस्तार की घोषणा के बाद देश को राजनीतिक पंगुता के एक और दौर का सामना करना पड़ रहा है। चुनाव अब दिसंबर 2026 तक स्थगित कर दिए गए हैं।



# आईआरएस अधिकारी ने 25 लड़कियों को जाल में फंसाया

## हुआ खुलासा तो पुलिस बनी चकरघन्नी

जयपुर, 10 नवंबर (एजेंसियां)। जयपुर पुलिस ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के एक फर्जी जोनल डायरेक्टर को गिरफ्तार किया है। यह व्यक्ति खुद को आईआरएस यानी भारतीय रेवेन्यू सर्विस का अधिकारी होना बताता रहा है और पोस्टिंग जयपुर होना बता रहा था। फर्जी अफसर बनने वाले ने कई लड़कियों को अपने जाल में फंसा रखा था। खुद को बड़ा अफसर होना बताकर वह लड़कियों से रुपए ऐंठता था। हैरानी की बात यह है कि उसने सरकारी नौकरी करने वाली कई लड़कियों को अपने जाल में फंसा रखा था। जयपुर में वह एक लड़की से मिलने आया तो पुलिस ने उसे होटल के कमरे से दबोच लिया।

**सब इंस्पेक्टर की शिकायत पर पकड़ा गया**

जयपुर के विद्याधर नगर थाने में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की एक महिला सब इंस्पेक्टर कृतिका गोयल ने मुकदमा दर्ज कराया। कृतिका का आरोप था कि उसके भाई और एक सहेली के पास कोई व्यक्ति मैसेज भेजकर खुद को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो जयपुर का जोनल डायरेक्टर सर्वेश कुमावत बता रहा है। मोबाइल पर चेटिंग के दौरान वह स्वयं को वर्ष 2020 बैच का आईआरएस अधिकारी होना बता रहा था। चूंकि कनिका गोयल उसी डिपार्टमेंट में है, ऐसे में वे सभी उच्च अधिकारियों को जानती है। कनिका ने विद्याधर नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। शनिवार 9 नवंबर को सर्वेश एक लड़की से मिलने जयपुर आया तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।




**लड़की से मिलने जयपुर आया था आरोपी**

विद्याधर नगर थाना प्रभारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि आरोपी व्यक्ति बड़ा शातिर है। वह अपने आप को अफसर होना बताकर लड़कियों को अपने जाल में फंसाता था। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म से वह कई लड़कियों से चेटिंग करता था। उसके मोबाइल की हिस्ट्री खंगालने पर पता चला कि उसने 25 से ज्यादा लड़कियों को फंसा रखा है जिनमें तीन लड़कियां जयपुर की हैं। इस फर्जी अफसर के झांसे में फंसी अधिकतर लड़कियां सरकारी नौकरी कर रही हैं। शनिवार 9 अक्टूबर को वह एक लड़की से मिलने के लिए जयपुर आया। अजमेर रोड़ स्थित एक होटल के कमरे से आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी व्यक्ति उज्जैन (मध्यप्रदेश) का रहने वाला है। उसके मोबाइल में लड़कियों से अश्लील चैट भी मिली है।

**अकाउंट ब्लॉक होना बताकर ठगी**

हैरानी की बात यह है कि गिरफ्तार किया गया आरोपी लड़कियों से रुपए भी ऐंठता था। खुद का अकाउंट ब्लॉक होना बताकर वह रुपयों की जरूरत होना बताता था। इमरजेंसी का बहाना बनाकर रुपए लेता और कई दिनों तक टालता रहता। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने एक दर्जन लड़कियों से रुपए ऐंठ रखे हैं। उसने अपने सोशल मीडिया अकाउंट की डीपी पर भी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का असिस्टेंट डायरेक्टर सर्वेश कुमावत बता रखा है जबकि इस नाम का कोई अफसर है ही नहीं।

# 'कांग्रेस ने हमेशा देश विरोध की ही बात की'

## अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर बोले मुख्यमंत्री भजन लाल

नजयपुर, 10 नवंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का एक बयान इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा में है। दरअसल, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेउ 370 की बहाली की नेशनल कॉन्फ्रेंस की मांग को लेकर मचे सियासी बवाल पर भजन लाल ने शुक्रवार को एक बयान दिया। इसी बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस का एनसी के साथ गठबंधन है। इसे ही लेकर इस वीडियो में सीएम भजन लाल शर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोला।



वीडियो में सीएम यह कहते नजर आ रहे हैं, 'देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस देश के कलंक को हटाने का काम किया है। गृहमंत्री अमित शाह ने इस देश के कलंक को हटाने का काम किया, लेकिन जम्मू कश्मीर के अंदर कल आपने देखा होगा, ये कांग्रेस के लोग उनके साथ खड़े हैं। ये जिस तरह की बात करते हैं। इन्होंने हमेशा देश के विरोध में बात की है।'

दरअसल, पूर्ववर्ती राज्य का विशेष दर्जा बहाल करने के लिए केंद्र और निर्वाचित प्रतिनिधियों के बीच बातचीत की मांग वाला प्रस्ताव बुधवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पारित किया गया था। इसे लेकर विपक्षी सदस्यों ने जमकर हंगामा किया था। भाजपा विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ नारे लगाए और प्रस्ताव की प्रतियां फाड़ दी थीं। भाजपा ने कहा था कि वह सदन की कार्यवाही तब तक चलने नहीं देगी, जब तक प्रस्ताव को वापस नहीं लिया जाता। चूंकि, कांग्रेस यहां नेशनल कॉन्फ्रेंस की सहयोगी है, इसलिए वह भाजपा के निशाने पर है।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि यह एक अवैध प्रस्ताव है। अनुच्छेद-370 के प्रावधानों को लोकतंत्र के शीर्ष मंदिर संसद ने निरस्त किया है। इस अनुच्छेद में तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने का प्रावधान था। फिर कुछ लोगों ने संसद के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। अदालत ने संसद के फैसले को सही करार दिया। तो उन्हें यह प्रस्ताव लाने का क्या संवैधानिक अधिकार है?

# 'तुम्हारे भजनलाल, म्हारो आर्यन'

## जूली ने चुनावी सभा में गाना गाकर बांधा समा

अलवर, 10 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान उपचुनाव का समर अंत की ओर है। आगामी 13 नबंवर को सभी सात सीटों पर वोटिंग होने वाली है। ऐसे में राजनीतिक पार्टियों ने अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। अलवर जिले की रामगढ़ सीट पर कांग्रेस ने जुबेर खान के बेटे आर्यन खान को मैदान में उतारा है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव दोहली में चुनाव सभा के दौरान गाना गाकर महफिल लूट ली। इस दौरान सांसद भजनलाल जाटव सहित कई नेता-कार्यकर्ता भी मौजूद थे।



नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने रामगढ़ में चुनाव प्रचार के दौरान खुद का लिखा गाना गाकर कांग्रेस प्रत्याशी आर्यन खान के समर्थन में वोट की अपील की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहा है। जूली ने "तुम सबके जूली, तुम्हारे भजनलाल, म्हारो आर्यन, तुम सबको आर्यन जीतेगो जब थे मिलके देवोगा साथ" गाकर वोट की अपील की। साथ ही मंच पर मौजूद सांसद भजनलाल और संजना जाटव का भी जिक्रकर दलित समाज से वोट मांगे।

टीकाराम जूली ने कार्यक्रम में दलित समाज से वोट की अपील करते हुए कहा कि मुझे उम्मीद है कि ये समाज हम तीनों की इज्जत पर आंच नहीं आने देगा। आपको एक विधायक नहीं, पूरे 70 के 70 विधायक रामगढ़ के लिए मिलेंगे। भविष्य में समाज जब भी याद करेगा तब भजनलाल जाटव, संजना जाटव और मैं आपके साथ खड़ा रहूंगा।

समय आ गया है कि जागिए और पहरेदारी करिए। बीजेपी वालों की बातों में आने की जरूरत नहीं है।

# राजेंद्र गुढ़ा बोले-जिन मुसलमानों ने ताजमहल-लालकिला बनाया, उनके रास्ते बंद

## 60 साल में कांग्रेस ने ये हाल किया; सारे रास्ते बंद कर दिए

झुंझुनूं, 10 नवंबर (एजेंसियां)। झुंझुनूं विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी राजेंद्र गुढ़ा ने देश में मुसलमानों की हालत के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। कहा- जिन मुसलमानों ने लालकिला-ताजमहल बनवाया उनके सारे रास्ते कांग्रेस ने बंद कर दिए। गुढ़ा ने डिप्टी सीएम दीया कुमारी पर भी तीखी टिप्पणी की, कहा- उनकी शादी में राजपूत समाज धरने पर बैठा था।

डिप्टी सीएम दीया कुमारी को लेकर गुढ़ा बोले- वे राजपूत समाज की ठेकेदार बनकर झुंझुनूं आईं थी। उनका विवाह सिटी पैलेस में क्यों नहीं हुआ? शादी कहां हुई। मंडप कहां लगा?



बता दें कि उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी 5 नवंबर को झुंझुनूं पहुंचीं थीं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू के समर्थन में जनसंपर्क किया था। कार्यकर्ताओं की बैठक भी ली थी। निर्दलीय प्रत्याशी राजेंद्र गुढ़ा ने झुंझुनूं शहर के बड़ा मोहल्ला में शनिवार रात 9 बजे नुक्कड़ सभा करते हुए ये बातें कहीं। आज इसका वीडियो सामने आया।

**भजनलाल पहली बार सीएम, क्या बिगाड़ लेंगे**

नुक्कड़ सभा में राजेंद्र गुढ़ा बोले- अशोक गहलोत तीन बार सीएम रहे, वसुंधरा राजे दूसरी बार सीएम रहीं। भजनलाल तो पहली बार के मुख्यमंत्री हैं। जब गहलोत और वसुंधरा का मैंने बैंड बजा दिया। तो भजनलाल मेरा क्या बिगाड़ लेंगे। मुख्यमंत्री ने झुंझुनूं में अपने प्रत्याशी के समर्थन में 10-10 मंत्री लगा दिए। 20-20, 30-30 विधायक यहां पड़े हैं।

राजेंद्र गुढ़ा ने डिप्टी सीएम दीया कुमारी पर तीखी टिप्पणी की, कहा- झुंझुनूं में डिप्टी सीएम दीया कुमारी समाज की ठेकेदार बनकर आईं। उनका विवाह सिटी पैलेस में क्यों नहीं हुआ? उनकी शादी कहां हुई थी? उनकी शादी का मंडप कहां लगा था? वे समाज की ठेकेदार बनती हैं, उनकी शादी में तो सारा समाज धरने पर बैठा था।

आपके साथ होने वाली हर नाइंसाफी के खिलाफ राजस्थान विधानसभा में पहली आवाज मेरी ही उठेगी। आपने डॉ. असलम को घर बैठा दिया। आप ओला परिवार को भी सदा के लिए घर बैठा दो। उन पर अब रहम करने की जरूरत नहीं है।

# ओरण भूमि पर नहीं लगने देंगे सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट

## शिव विधायक रविंद्र भाटी ने धरना दिया

जैसलमेर, 10 नवंबर (एजेंसियां)। जैसलमेर के बईया गांव में सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट के लिए ओरण भूमि आवंटन के खिलाफ शिव के निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने धरना प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि इस भूमि को पुनः ओरण के रूप में दर्ज नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। भाटी ने इस दौरान धरने में शामिल ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह लड़ाई किसी जाति एवं धर्म की नहीं बल्कि हमारी उस जमीन की है, जो हमें विरासत में मिली है। ओरण की भूमि पर मल्टीनेशनल कंपनी नजर लगाए हुए है और उसे प्रशासन का सहयोग मिल रहा है।



भाटी ने कहा कि बाड़मेर-जैसलमेर की बहुत बड़े भू-भाग की ओरण एवं गोचर भूमि कंपनियों को नियम विरुद्ध तरीके से अलॉट की जा रही है।

बईया गांव में जिस तरीके से दादागिरी करते हुए ओरण पर कब्जा किया जा रहा है, यदि हमने समय रहते इसे नहीं छुड़ाया यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा और हमारी आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी। भाटी ने कहा कि ओरण भूमि अलॉटमेंट के लिए लाठी के जोर पर ग्रामीणों की आवाज को दबाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस भूमि को पुनः ओरण मानकर ग्रामीणों की मांग पूरी की जाए नहीं तो संपूर्ण बाड़मेर-जैसलमेर क्षेत्र में बड़ा आंदोलन होगा।

**पहले भी हो चुके हैं आंदोलन**

पश्चिमी राजस्थान में ओरण एवं गोचर भूमि पर बड़ी कंपनियों के प्रोजेक्ट्स को लेकर भूमि अलॉटमेंट या भू-माफियाओं की ओर से इन पर कब्जों के विरोध में पहले भी कई बड़े आंदोलन हो चुके हैं।

इससे पूर्व पूर्व सिंचाई मंत्री देवीसिंह भाटी गोचर भूमि बचाने को लेकर एक बड़ा अभियान चला चुके हैं। इस अभियान के तहत उन्होंने बीकानेर, बाड़मेर और जैसलमेर की गोचर भूमियों को बचाने को लेकर संबंधित जिला प्रशासन और राज्य सरकार से पुरजोर तरीके से मांग की थी।

गौरतलब है कि बाड़मेर-जैसलमेर क्षेत्र में तेल कंपनियां, सौर ऊर्जा एवं पवन ऊर्जा उत्पादन के बड़े प्रोजेक्ट्स लगातार रुचि दिखा रहे हैं।

ऐसे में बईया गांव के ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन ने मिलीभगत कर ओरण भूमि को बड़े पूंजीपतियों को अलॉट कर दिया है, इससे गांव में पर्यावरण प्रदूषण के साथ गोचर में पशुओं को चरने के लिए दूर-दराज के इलाकों में जाने को मजबूर होना पड़ेगा। ग्रामीणों की मांग पर शिव के निर्दलीय विधायक इस आंदोलन में इनके समर्थन में उतर आए हैं।

# बड़े शहरों के लिए बनेगा डवलपमेंट प्रोजेक्ट, टारगेट प्लान तैयार

जयपुर, 10 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के शहरों में जनहित की विकास परियोजना (डवलपमेंट प्रोजेक्ट) के लिए आसानी से जमीन लेने के लिए लैंड पूलिंग कानून बनाया गया, लेकिन नौकरशाह इसे उपयोग में लेने की बजाय हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। नतीजा, जमीन नहीं मिलने के कारण जनहित से जुड़े कई प्रोजेक्ट अटक गए। केवल जयपुर में काम नजर आ रहा है। अब सरकार ने प्रदेश के दूसरे बड़े शहरों के लिए टारगेट का प्लान तैयार कर लिया है। इसमें जोधपुर, अजमेर, कोटा, बीकानेर, अलवर, भीलवाड़ा, उदयपुर शामिल है। जयपुर में शिवदासपुरा और फागी रोड का प्लान तैयार किया गया है।

जयपुर, जोधपुर, अजमेर, उदयपुर व कोटा विकास प्राधिकरण को 100 हेक्टेयर जमीन चिह्नित करनी है। बीकानेर, अलवर, भीलवाड़ा के नगर विकास न्यास को 30 से 50 हेक्टेयर जमीन चिह्नित कर प्रोजेक्ट तैयार करना होगा।

**यूं होगी अवाप्ति**

1- खातेदारों को समझाइश से भूमि लेने के लिए तैयार किया जाएगा। मुआवजे के तौर पर यथासंभव अधिकतम 45 प्रतिशत तक विकसित भूमि मिलेगी।

2- जहां खातेदार की मूल भूमि होगी, यथासंभव उसी में से विकसित भूमि आवंटित की जाएगी। ऐसा नहीं होने पर सबसे निकट की भूमि खातेदार को आवंटित की जाएगी।

3- सड़क, सुविधा क्षेत्र, ईडब्ल्यूएस व एलआईजी वर्ग की जमीन आरक्षित करने के बाद 10 फीसद भूमि संबंधित निकाय को मिलेगी। मौके की परिस्थितियों और खातेदारों की सहमति के आधार पर इस अनुपात में बदलाव हो सकता है।

# रोहित गोदारा के नाम से उद्योगपति को आया धमकी भरा फोन

## 2 करोड़ रुपये फिरौती की मांग की

अजमेर, 10 नवंबर (एजेंसियां)। मार्बल सिटी में पिछले कुछ दिनों से धमकी भरे कॉल आने का सिलसिला जारी। विदेशी नंबरों से वॉइस कॉल व व्हाट्सएप कॉल पर धमकियां मिलने से उद्योगपति और व्यापारी दहशत में हैं। पुलिस भी मामले में साइबर टीम की मदद लेकर इन बदमाशों की तलाश कर रही है।

किशनगढ़ के हमीर कॉलोनी क्षेत्र निवासी उद्योगपति एवं पूर्व उप सभापति प्रदीप चौधरी को धमकी भरा कॉल मिला। बदमाशों ने वर्च्यूअल नंबरों से प्रदीप चौधरी को कॉल किया और 2 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी।

चौधरी के पास पहले रोहित गोदारा नाम से फोन आया, चौधरी ने फोन काट दिया मगर कुछ देर बाद व्हाट्स एप पर वॉइस मेल मिला, जिसमें कहा गया कि मैं रोहित गोदारा का गुर्गा वीरेंद्र चारण बोल रहा हूं। बदमाशो ने वॉइस मेल में कहा 2 दिन में मान जाना नहीं तो बड़े झटके के लिए रहना तैयार। अचानक इस तरह की धमकियां मिलने के बाद प्रॉपर्टी डीलर उद्योगपति प्रदीप चौधरी ने गांधीनगर थाना पुलिस में शिकायत दी है।

मामले मे जांच गांधी नगर थाना प्रभारी सुरेश सोनी कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व एक मार्बल व्यवसायी को भी बिश्नोई गैंग के नाम से फिरौती की धमकी मिली थी। सीओ सिटी महिपाल चौधरी के सुपरविजन में पुलिस व साइबर टीम मामले की जांच कर रही है।

सीओ सिटी चौधरी ने कहा कि यह वाकई में किसी गैंग का काम है या कोई बदमाश इस तरह की धमकियां देकर पैसा ऐंठना चाहते हैं इस बारे में जांच की जा रही है।

# नदी में मछली पकड़ने गए ताऊ और भतीजे पानी में डूबे, दोनों की मौत



सवाई माधोपुर, 10 नवंबर (एजेंसियां)। सवाई माधोपुर जिले के मलारना डूंगर थाना क्षेत्र के मलारना स्टेशन के पास बनास नदी में मछली पकड़ने गए ताऊ व भतीजे की पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक अयान (13) पुत्र आमिर और सलीम (47) पुत्र शकूर निवासी मलारना के रूप में पहचान हुई। सूचना पर रविवार सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी के पानी से दोनों के शव बरामद किए।

मृतक सलीम के भाई बशीर मोहम्मद ने बताया कि उसका भाई और भतीजा घर से बनास नदी में मछली पकड़ने गए थे। देर शाम तक भी वापस नहीं लौटे तो गांव वालों के साथ उनकी तलाश में नदी में पहुंचे थे। नदी किनारे एक जगह उनकी साइकिल खड़ी मिली। एक किलोमीटर आगे धोला की ढाणी के पास दोनों के कपड़े मिले, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। रात भर दोनों को तलाशते रहे। अंधेरा होने के कारण नहीं मिले। रविवार सुबह प्रशासन को सूचना दी।

रविवार सुबह पुलिस उपाधीक्षक शहर उदय सिंह मीणा स्थानीय थाना व पुलिस चौकी जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार प्रारम्भिक जांच में मछली पकड़ने के दौरान गहरे पानी मे जाने से दोनों डूब गए। इस पर स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी के पानी में तलाश की गई। करीब तीन घंटे मशक्कत के बाद पहले ताऊ सलीम फिर भतीजे अयान का शव मिला। पुलिस ने शव कब्जे में कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए।

# संदिग्ध हालत में पड़ा मिला महिला का शव, ससुराल वाले फरार

## पीहर पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

भरतपुर, 10 नवंबर (एजेंसियां)। भरतपुर रेंज के डीग जिले के जालूकी थाना इलाके में एक महिला का शव उसके ससुराल में संदिग्ध हालत में मिलने के बाद महिला के पीहर पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है, जिसके बाद से ससुराल वाले घर से फरार हो गए हैं। महिला के पीहर पक्ष की तरफ से 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

महिला के मायके वालों का कहना है कि महिला जलवीरा के ससुराल वाले उसे दहेज के लिए परेशान करते थे।

मृतका के चाचा जिलोसिंह, निवासी डाबक गांव ने बताया कि जलवीरा मेरे भाई की लड़की थी। 2012 में सेवला गांव के रहने वाले राजवीर सिंह से उसकी शादी की थी। 5 दिन पहले उसने बताया था कि ससुराल वाले उसे दहेज के लिए परेशान कर रहे हैं।

पहले भी कई बार जलवीरा के ससुराल वालों से समझाइश की थी लेकिन वे अक्सर गाड़ी देने की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट करते रहे थे।

3 दिन पहले भी जलवीरा के साथ उसके ससुराल वालों ने मारपीट की थी। इसके बाद आज हमें सूचना मिली कि उसकी मौत हो गई है।

जब हम जलवीरा की ससुराल गए तो घर में कोई नहीं था, गांव के लोग हमें देखकर वहां इकट्ठे हो गए। हम जब जालवीरा की घर में घुसे तो, वहां उसकी बॉडी पड़ी हुई थी, जिसके बाद हम शव को लेकर डाबक गांव आ गए, जहां नगर अस्पताल में उसका पोस्टमार्टम करवाया गया।

जालूकी थाने के एसएचओ रामदयाल ने बताया कि जलवीरा के परिजनों ने ससुराल पक्ष के सात लोगों के खिलाफ शिकायत दी है, जिस पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। फिलहाल महिला के ससुराल वाले फरार बताए जा रहे हैं।

# बिना मुंडेर के कुएं में गिरने से छात्र की मौत

चित्तौड़गढ़, 10 नवंबर (एजेंसियां)। चित्तौड़गढ़ के गंगरार उपखंड क्षेत्र में मेवाड़ यूनिवर्सिटी के छात्र की कुएं में डूबने से मौत हो गई। छात्र अपने दोस्तों के साथ यूनिवर्सिटी से बाहर हाईवे पर स्थित एक होटल में खाना खाने गया था और यहीं होटल के पीछे स्थित एक कुएं में गिरने से उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलने के बाद गंगरार थाना पुलिस मौके पर पहुंची। रविवार सुबह सिविल डिफेंस की टीम को मौके पर बुलाकर शव को बाहर निकलवाया गया है। परिजनों के आने पर शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। गंगरार थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मेवाड़ यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले चार छात्र खाना खाने के लिए हाईवे पर स्थित यूबीसी होटल पर गए थे। इस दौरान एक छात्र होटल के पीछे स्थित बिना मुंडेर के कुएं में गिर गया। इसकी जानकारी अन्य छात्रों को मिली तो उन्होंने होटल मालिक को इसकी जानकारी दी। बाद में गंगरार थाना पुलिस और यूनिवर्सिटी प्रशासन को भी अवगत करवाया गया। गंगरार थाने से इंचार्ज एएसआई बलवंतसिंह मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली और उच्च अधिकारियों को भी मामले से अवगत करवाया।

# घरेलू सर्वेक्षण का डेटा गोपनीय रहेगा : पोन्नम



